THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JAYANT SINHA): I beg to lay on the Table a copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under sub-section (2) of Section 3 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993:-

(1) The Debts Recovery Appellate Tribunal, Kolkata (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.37(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(2) The Debts Recovery Appellate Tribunal, Chennai (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.38(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(3) The Debts Recovery Appellate Tribunal, Mumbai (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.39(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(4) The Debts Recovery Appellate Tribunal, Allahabad (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.40(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(5) The Debts Recovery Appellate Tribunal, Delhi (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.41(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(6) The Debts Recovery Tribunal-I, Ahmedabad (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.42(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(7) The Debts Recovery Tribunal-2, Ahmedabad (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.43(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(8) The Debts Recovery Tribunal, Allahabad (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.44(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(9) The Debts Recovery Tribunal, Aurangabad (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.45(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(10) The Debts Recovery Tribunal, Begaluru (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.46(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(11) The Debts Recovery Tribunal-I, Chandigarh (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.47(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(12) The Debts Recovery Tribunal-2, Chandigarh (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.48(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(13) The Debts Recovery Tribunal-I, Chennai (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.49(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(14) The Debts Recovery Tribunal-2, Chennai (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.50(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(15) The Debts Recovery Tribunal-3, Chennai (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.51(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(16) The Debts Recovery Tribunal, Coimbatore (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.52(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(17) The Debts Recovery Tribunal, Cuttack (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.53(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(18) The Debts Recovery Tribunal-I, Delhi (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.54(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(19) The Debts Recovery Tribunal-2, Delhi (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.55(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(20) The Debts Recovery Tribunal-3, Delhi (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.56(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(21) The Debts Recovery Tribunal, Ernakulum (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.57(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(22) The Debts Recovery Tribunal, Guwahati (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.58(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(23) The Debts Recovery Tribunal, Hyderbad (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.59(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(24) The Debts Recovery Tribunal, Jabalpur (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.60(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(25) The Debts Recovery Tribunal, Jaipur (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.61(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(26) The Debts Recovery Tribunal-I, Kolkata (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.62(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(27) The Debts Recovery Tribunal-2, Kolkata (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.63(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(28) The Debts Recovery Tribunal-3, Kolkata (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.64(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(29) The Debts Recovery Tribunal, Lucknow (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.65(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(30) The Debts Recovery Tribunal, Madurai (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.66(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(31) The Debts Recovery Tribunal-I, Mumbai (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.67(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(32) The Debts Recovery Tribunal-2, Mumbai (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.68(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(33) The Debts Recovery Tribunal-3, Mumbai (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.69(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(34) The Debts Recovery Tribunal, Nagpur (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.70(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(35) The Debts Recovery Tribunal, Patna (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.71(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(36) The Debts Recovery Tribunal, Pune (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.72(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(37) The Debts Recovery Tribunal, Ranchi (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.73(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(38) The Debts Recovery Tribunal, Vishakhapatnam (Multi-Tasking Staff) Recruitment Rules, 2016 published in Notification No. G.S.R.74(E) in Gazette of India dated 15th January, 2016.

(39) The Debts Recovery Appellate Tribunal, Delhi (Court Master) Recruitment Rules, 2015 published in Notification No. G.S.R.957(E) in Gazette of India dated 11th December, 2015.

(40) The Debts Recovery Appellate Tribunal, Chennai (Court Master) Recruitment Rules, 2015 published in Notification No. G.S.R.958(E) in Gazette of India dated 11th December, 2015.

(41) The Debts Recovery Appellate Tribunal, Kolkata (Court Master) Recruitment Rules, 2015 published in Notification No. G.S.R.959(E) in Gazette of India dated 11th December, 2015.

(42) The Debts Recovery Appellate Tribunal, Allahabad (Court Master) Recruitment Rules, 2015 published in Notification No. G.S.R.960(E) in Gazette of India dated 11th December, 2015.

(43) The Debts Recovery Appellate Tribunal, Mumbai (Court Master) Recruitment Rules, 2015 published in Notification No. G.S.R.961(E) in Gazette of India dated 11th December, 2015.

[Placed in Library, See No. LT 4105/16/16]

---

**12.03 hours**

**LEAVE OF ABSENCE OF MEMBERS FROM SITTINGS OF THE HOUSE**

HON. SPEAKER: The Committee on Absence of members from the Sittings of the House in their first Report have recommended that leave of absence be granted to the following members for the periods indicated against each:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Shri Vinod Khanna | 21.07.2015 to 13.08.2015 }<br>&<br>26.11.2015 to 23.12.2015 } granted |
| 2. | Capt. Amarinder Singh | 06.05.2015 to 13.05.2015 }<br>21.07.2015 to 13.08.2015 }<br>&<br>26.11.2015 to 22.12.2015 } granted |
| 3. | Shri S.P.Y. Reddy | 26.11.2015 & 23.12.2015 } granted |
| 4. | Shri Vithalbhai Hansrajbhai Radadiya | 08.05.2015 to 13.05.2015 }<br>21.07.2015 to 13.08.2015 }<br>&<br>26.11.2015 to 23.12.2015 } granted |
| 5. | Rama Chandra Hansdah | 20.04.2015 to 13.05.2015 }<br>21.07.2015 to 13.08.2015 }<br>26.11.2015 to 14.12.2015 } condoned<br>&<br>15.12.2015 to 23.12.2015 } granted |

Is it the pleasure of the House that leave as recommended by the Committee be granted?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

HON. SPEAKER: Leave is granted. The members will be informed accordingly.

**12.04 hours**

## STANDING COMMITTEE ON DEFENCE
14th to 17th Reports

**मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूड़ी एवीएसएम (गढ़वाल):** अध्यक्ष महोदया, मैं रक्षा संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :--

(1) 'सामान्य रक्षा बजट (मांग संख्या 20, 21 और 27) के बारे में रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2014-15) संबंधी दूसरे प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में' रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 14वां प्रतिवेदन।

(2) 'रक्षा मंत्रालय का सिविल व्यय तथा रक्षा सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय (मांग संख्या 21, 22 और 28) के बारे में रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2015-16) के संबंध में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के छठे प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में' रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 15वां प्रतिवेदन।

(3) 'नौसेना और वायुसेना (मांग संख्या 24 और 25) के बारे में रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2015-16) के संबंध में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के आठवें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में' रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 16वां प्रतिवेदन।

(4) 'आयुध निर्माणियां तथा रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (मांग संख्या 26 और 27) के बारे में रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2015-16) के संबंध में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के नौवें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में' रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 17वां प्रतिवेदन।

---

**12.05 hours**

**STANDING COMMITTEE ON SCIENCE AND TECHNOLOGY, ENVIRONMENT AND FORESTS**
**(i) 271st to 277th Reports**

KUMARI SUSHMITA DEV (SILCHAR): I beg to lay on the Table the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Science & Technology, Environment & Forests:-

(1) Two Hundred Seventy-first Report on Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Two Hundred Fifty-sixth Report of the Committee on Demands for Grants (2015-16) of the Department of Atomic Energy.

(2) Two Hundred Seventy-second Report on Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Two Hundred Fifty-fifth Report of the Committee on Demands for Grants (2015-16) of the Department of Space.

(3) Two Hundred Seventy-third Report on Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Two Hundred Fifty-eighth Report of the Committee on Demands for Grants (2015-16) of the Department of Science & Technology.

(4) Two Hundred Seventy-fourth Report on Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Two Hundred Fifty-ninth Report of the Committee on Demands for Grants (2015-16) of the Department of Biotechnology.

(5) Two Hundred Seventy-fifth Report on Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Two Hundred Sixtieth Report of the Committee on Demands for Grants (2015-16) of the Ministry of Earth Sciences.

(6) Two Hundred Seventy-sixth Report on Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Two Hundred Fifty-seventh Report of the Committee on Demands for Grants (2015-16) of the Department of Scientific & Industrial Research.

(7) Two Hundred Seventy-seventh Report on 'The Compensatory Afforestation Fund Bill, 2015'.

**(ii) Evidence**

KUMARI SUSHMITA DEV : I beg to lay on the Table the Evidence tendered before the Parliamentary Standing Committee on Science and Technology, Environment and Forests in relation to its Two Hundred Seventy-seventh Report on 'The Compensatory Afforestation Fund Bill, 2015'.

**12.07 hours**

## BUSINESS OF THE HOUSE

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी):** अध्यक्ष महोदया, मैं 29 फरवरी, 2016 से आरंभ होने वाले सप्ताह के दौरान सरकारी कार्य के बारे में एक वक्तव्य देता हूं।

1. आज की कार्य सूची से बकाया सरकारी कार्य की किसी मद पर विचार।
2. 29.02.2016 को पूर्वाह्न 11.00 बजे वर्ष 2016-17 के लिए बजट (सामान्य) का प्रस्तुतीकरण।
3. वर्ष 2016-17 के लिए बजट (रेल) पर सामान्य चर्चा।
4. निम्नलिखित पर चर्चा और मतदान :-
   (क) वर्ष 2016-17 के लिए लेखानुदानों की मांगें (रेल)
   (ख) वर्ष 2015-16 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें (रेल)
5. संबंधित विनियोग विधेयकों का पुरःस्थापन, विचार और पारित करना।

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN (VADAKARA): Madam Speaker, I request you to include the following subjects in the agenda for next week's business in the Lok Sabha:

1. Sharp fall in price of natural rubber owing to indiscriminate import.
2. Inordinate delay and cancellation of Air India flights on account of shortage and/non-reporting of pilots and cabin crew.

**श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) :** माननीय अध्यक्ष जी, कृपया निम्नलिखित विषय को अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल किया जाए:-

1. प्रत्येक सांसद को सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना मद में क्षेत्र विकास हेतु पांच करोड़ रुपए मिलते हैं लेकिन संसदीय क्षेत्र का क्षेत्रफल बड़ा होन एवं आम जनता की अपेक्षा में चलते यह रकम काफी कम पड़ती है। अतः सांसद को अपने क्षेत्र के विकास हेतु उक्त रकम को बढ़ाकर दस करोड़ करने हेतु सख्त विधि नियम बनाया जाए।

2. बिहार के सुपौल जिला में अंतर्गत किशनपुर प्रखंड के हांसा, चमेलवा, मोमिन टोला, पीरगंज तेलियारी बेला, मौजहा, सुजानपुर गांव, कोशी की विभीषिका से काफी प्रभावित हैं जिसके तहत करीब हजारों लोग

प्रभवित होते हैं। इस इलाके में लोगों को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए करीब 10-15 कि.मी. सुरक्षा गाईड बांध का निर्माण आवश्यक है। अतः इस सुरक्षा गाईड बांध के अविलम्ब निर्माण हेतु सख्त विधि नियम बनाया जाए।

**श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) :** माननीय अध्यक्ष जी, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित समस्याओं को जोड़ने का कष्ट करें :-

1. मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा के सेवा ग्राम जहां गांधी जी की कार्यभूमि है, के लिए सरकार ने "गांधी फोर टुमारो" योजना के तहत विशेष पैकेज स्वीकृत किया है, को शीघ्र विमुक्त करने के संदर्भ में है।

2. राष्ट्रसंत टुकड़ो जी महाराज एवं महासंत गाडके जी महाराज का भारत रत्न समीक्षा कर देने की आवश्यकता है, इन्होंने अपने जीवन का पूरा समय मानव कल्याण के लिए अर्पित किया है।

**श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के लोक महत्व के निम्नलिखित विषयों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल किया जाए:-

1. मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर जो एक औद्योगिक लौह नगरी के नाम से विख्यात है, वहां बहुत सारे माइन्स एवं उद्योग स्थापित हैं। टाटा, उषा मार्टिन जैसे बड़े उद्योग स्थापित होने के कारण वहां दूसरे राज्यों से लाखों लोग रोजगार हेतु बसे हुए हैं। जमशेदपुर में केवल एक ही केंद्रीय विद्यालय है, जिसके कारण केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों से सीट भर जाती हैं और आम आदमी के बच्चे का एडमिशन नहीं हो पाता है। इसलिए संबंधित मंत्रालय से मेरी मांग है कि हमारे संसदीय क्षेत्र के पटमदा एवं पोटका प्रखंड में एक केंद्रीय विद्यालय अथवा एक जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की जाए।

2. टाटानगर से बादाम पहाड़ रेल लाइन को बालेश्वर से जोड़ने पर भुवनेश्वर की कनैक्टिविटी मिलेगी और यहां आयरन ओर के बड़े माइन्स होने के कारण व्यापार की दृष्टि से आम लोगों जीवनरेखा साबित होगा और लगभग टाटा भुवनेश्वर की दूरी में 100 कि.मी. की कमी आएगी। वर्षों पुरानी मांग इस लाइन को टाटा से बादाम पहाड़ तक दोहरीकरण किया जाए।

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** माननीय अध्यक्ष जी, कृपया आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नांकित दो विषय को सम्मिलित किया जाए:-

1. मुंबई में अरब सागर में छत्रपति शिवाजी महाराज का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्मारक निर्माण किए जाने के बारे में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा सीआरजेड नोटिफिकेशन, 2011 के अधीन विशेष छूट प्रदान करने और महाराष्ट्र कोस्टल जोन मैनेजमेंट अथारिटी (एमसीजेडएमए) को अधिकार प्रदत्त करते हुए

परियोजना प्रस्तावक/योजना प्राधिकरण को राज्य स्तर पर देखते हुए निर्देश प्रदान किए जाने से संबंधित विषय।

2. केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा जेएनएनयूआरएम मिशन के अन्तर्गत राज्य सरकारों को शहरी स्थानीय निकायों की मदद के उद्देश्य से शहरी बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने हेतु निधि का आबंटन किया जाता है। महाराष्ट्र सरकार ने जेएनएनयूआरएम मिशन के अंतर्गत जो प्रस्ताव प्रेषित किया है, उस पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए राज्य सरकार को धन का आबंटन किए जाने से संबंधित विषय।

SHRI P.P. CHAUDHARY (PALI): Madam, I would like the following items to be included in the next week's business.

1. Discussion on the need to define the term "consultation" in the Constitution to ensure that substantial questions of law do not arise, while allowing all three pillars of democracy – the Legislature, the Executive and the Judiciary – to discharge their functions without confusion and conflict.
2. Discussion on the need to empower the relevant Government to allow for the notification of reservation of backward classes if already notified by States or the Centre respectively.

SHRI K. ASHOK KUMAR (KRISHNAGIRI): Madam, the following item may be taken for discussion during the next week's business:

"Regarding upgradation of Neralagiri Branch Post Office into a Departmental Sub Post Office at Krishnagiri District for want of services such as NSC issue, KVP sale, receive OPA and send/receive parcel."

**श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) :** माननीय अध्यक्ष जी, आज बढ़ता हुआ वैश्विक आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक गैरबराबरी जैसी बड़ी चुनौतियां हमारे समक्ष खड़ी हैं। हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री ने जब सबके विकास की बात कही है तो यह न केवल भारत के विकास की बात है बल्कि उनका दृष्टिकोण सम्पूर्ण विश्व का विकास है। इसलिए हमें राष्ट्रों के वैश्विक समुदायों के समक्ष इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सम्पूर्ण मानवता को एक जागरूकता अभियान में सहभागी बनाना होगा। मैं अनुरोध करता हूं कि ग्लोबल आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और वित्तीय असमानता जैसे मुद्दों को सदन की आगामी कार्यवाही में शामिल किया जाए।

My second submission is as follows.

I would like to request the hon. Minister for Commerce to highlight the various issues which were discussed in WTO meeting which was held in Nairobi in the Kenyan capital. I request you to include this issue in the next week proceedings of Lok Sabha. The US and EU were emphasizing to include investment on energy, security as new issues but for India labour and environment are non-trade issues but for India, labour and environment are non-trade issues. For India, there is a need to rework the formula to calculate permissible level of domestic procurements as the current one may restrict ability to procure grains for PDS. Although the Government is committed to the cause of farmers and has taken a consistent stand at WTO to protect their interest, the nation would like to know the current outcome of WTO meeting in Nairobi.

I request you to include all these issues in the next week's proceedings.

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) :** माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के बांदा जनपद में बांदा -विसंडा मार्ग अति जर्जर स्थिति में है जिससे रोज गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए इस विषय पर चर्चा कराकर इसके निर्माण हेतु निर्देश देने की कृपा करें।

इसी तरह से मेरे संसदीय क्षेत्र के चित्रकूट जनपद में पहाड़ी से लेकर राजापुर तक सड़क बहुत ही खराब है। आए दिन दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की जानें जा चुकी हैं। इसलिए इस विषय पर चर्चा कराकर इसके शीघ्र निर्माण हेतु निर्देश देने की कृपा करें।

**श्री राम टहल चौधरी (राँची) :** माननीय अध्यक्ष जी, रांची से पुरोलिया रेलवे लाईन पर टाटी सिलवे के पास एक ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य 2014 के रेल बजट में स्वीकृत हुआ था परंतु 23 महीने बीत जाने के बाद भी उपरोक्त ओवर ब्रिज पर कार्य शुरु नहीं किया गया है जिससे टाटी सिलवे रोड पर घंटों जाम बना रहता है। अत: टाटी सिलवे पर तत्काल ओवर ब्रिज निर्माण करने का कार्य कराया जाए।

माननीय रेल मंत्री जी ने मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में रांची से यरनाकुलम-केरल-वाया बैल्लोर रेल सेवा शुरु करने की घोषणा की थी और इसके चलने की तारीख एवं दिन की भी घोषणा की गई परंतु अभी तक इसको क्रियान्वित नहीं किया गया है। वर्तमान समय में हजारों की संख्या में लोग रांची से यरनाकुलम उपचार के लिए आ जा रहे हैं। जनहित में उपरोक्त रेल सेवा को शुरु करवाने का कार्य कराया जाए।

**12.14 hours**

## *MOTION RE: REPORT OF THE JOINT COMMITTEE ON THE INSOLVENCY AND BANKRUPTCY CODE, 2015 – EXTENSION OF TIME

**श्री भर्तृहरि महताब (कटक) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं निम्नलिखित प्रस्ताव करता हूं:-

कि यह सभा दिवाला और शोधन-अक्षमता संहिता, 2015 संबंधी संयुक्त समिति के प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण के लिए समय को बजट सत्र, 2016 के दूसरे भाग के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिवस तक बढ़ाए।

HON. SPEAKER: The question is:

"That this House do extend time for presentation of the Report of the Joint Committee on the Insolvency and Bankruptcy Code, 2015 upto the last day of the first week of second part of the Budget Session, 2016."

*The motion was adopted.*

---

* *Memorandum giving reasons for extension of time circulated separately.*

**माननीय अध्यक्ष :** आज शून्यकाल शाम को लिया जाएगा।

…(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Respected Speaker, I would like to bring to your kind notice that some derogatory remarks made against respected leaders of Congress Party, Shrimati Sonia Gandhi and Shri Rahul Gandhi were not expunged from the records. The references to the RSS, Shri O.P. Sharma and Nathuram Godse were deleted from the Shri Jyotiraditya Scindia's speech in the Lok Sabha on 'situation arising out of recent incidents in the institutions of higher education in reference to Jawaharlal Nehru and Hyderabad Universities and other universities'. However, the names of Shrimati Sonia Gandhi and Shri Rahul Gandhi still persist on the records as part of Shri Anurag Singh Thakur's speech, which alleged that Shri Rahul Gandhi was supporting the anti-national activity. I am also submitting the text of the speech.

Rule 353 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha states:

> "No allegations of a defamatory or incriminatory nature shall be made by a Member against any person unless the Member has given adequate advance notice to the Speaker and also to the Minister concerned so that the Minister may be able to make an investigation into the matter for the purpose of a reply.
>
> Provided that the Speaker may at any time prohibit any Member from making any such allegation if he is of opinion that such allegation is derogatory to the dignity of the House or that no public interest is served by making such allegation."

You have removed those names. He has made derogatory remarks. I am going to hand over the debates to you later on. This should be expunged. Otherwise, what will happen is everybody will criticize and everybody will give his or her opinion about the individuals as to who is a nationalist or who is an anti-nationalist, etc.

Therefore, you have, under Rule 353, deleted other names. You could not have deleted that. Still that is your discretion. You have done that. On the same parameter, I request you to delete these two names from the reference which I am going to hand over to you and accordingly correct the proceedings.

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी):** अध्यक्ष महोदया, खड़गे जी का अधिकार है कि जिस विषय पर उनकी आपत्ति है, उस विषय पर अपनी टिप्पणी करके आपके समक्ष रखें कि इन नामों को भी सदन की कार्यवाही से हटाया जाना चाहिए। अंततोगत्वा धारा 353 के अंतर्गत यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इस विषय में अंतिम निर्णय माननीय अध्यक्ष का होता है। अगर आपको लगता है कि ऐसा कोई विषय रखा गया है तो इस संबंध में आपका निर्णय अंतिम है। चूंकि श्री अनुराग ठाकुर सदन में उपस्थित हैं, उनका नाम भी लिया गया है इसलिए वे भी स्वाभाविक रूप से इस विषय को रखेंगे। जिस तरह से यह विषय खड़गे जी द्वारा आपके संज्ञान में लाया गया है, उसी तरह से आप श्री अनुराग ठाकुर को भी एक विषय सदन के सामने रखने की अनुमति दें।

**माननीय अध्यक्ष :** ठीक है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** इसे तो मुझे ही देखना है। It is my prerogative. I am sorry.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: What is this?

… (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: How can an hon. Member become anti-national? Has he become anti-national just because he is saying?

HON. SPEAKER: I will have to see all these things.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं सारी बातों को देखूंगी। आप ऐसे ही नहीं कह सकते हैं। आपने आज यह विषय उठाया है, मैं पहले इसे देखूंगी।

…(व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** मैडम स्पीकर, आज दो बड़े स्टेटमेंट्स पेपर में छपे हैं, मैं उनकी ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। पूर्व गृह सचिव ने कहा है कि . Pillai distances himself

from Ishrat's affidavit. और पूर्व गृह मंत्री ने अफज़ल गुरु की फांसी पर भी प्रश्न खड़े किये हैं। आपके माध्यम से मैं केवल यह पूछना चाहता हूँ कि आखिरकार जो एफिडेविट की बात कही गयी, वह एफिडेविट 6 अगस्त, 2009 को दायर किया गया था और उसे वापस...(व्यवधान) मैंने सुबह में नोटिस दिया है। ...(व्यवधान) कई वर्षों तक लगातार इशरत जहाँ के केस में पूरा देश देख रहा था, ...(व्यवधान) इस देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, जो उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे, को फंसाने का जिस तरह से प्रयास किया गया, उसे देश जानना चाहता है। जिस तरह से पूर्व गृह सचिव ने कहा कि किस तरह से एफिडेविट को बदला गया। ...(व्यवधान) पूर्व सरकार के समय 6 अगस्त, 2009 को ऐफिडेविट दायर किया गया और सितम्बर महीने में उसे बदल दिया गया।

**माननीय अध्यक्ष :** आप क्या कहना चाहते हैं?

...(व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** एनकाउंटर वर्ष 2004 में हुआ। यह प्रश्नचिह्न खड़ा किया जाता था कि यह फेक एनकाउंटर है। लेकिन ऐसा नहीं था। यह एक सोची-समझी साज़िश थी। ..(व्यवधान) जिसे पूर्व सरकार ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को खत्म करने के लिए की थी। ..(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** It is okay.

...(व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मैडम, यह बहुत महत्वपूर्ण है। ..(व्यवधान) इस साज़िश के पीछे कौन थे? उन्होंने कहा कि एफिडेविट को पोलिटिकल लेवल पर बदला गया था। पोलिटिकल लेवल पर वे कौन लोग थे, इसे देश जानना चाहता है। ..(व्यवधान) किन लोगों ने उस एफिडेविट को पोलिटिकल लेवल पर बदला, यह देश जानना चाहता है।..(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Now, we take up the debate on the Motion of Thanks on the President's Address.

Shri Sultan Ahmed.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record except the speech of Shri Sultan Ahmed.

… (*Interruptions*)… *

---

* Not recorded.

HON. SPEAKER: Yes, I know. I have seen it. Please sit down.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You give notices on different rules. You give notice under relevant rule. It is not an adjournment motion. मुझे मालूम है।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record except the speech of Shri Sultan Ahmed.

… (*Interruptions*)… *

**माननीय अध्यक्ष :** आपने एडज़र्नमेंट नोटिस दिया था, उस पर मैंने आपको बता दिया है। Not now. आप दूसरी नोटिस दे दें। I am sorry.

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठ जाइए।

..(व्यवधान)

* Not recorded.

**<u>12.24 hours</u>**

## MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS-Contd.

**श्री सुल्तान अहमद (उलुबेरिया) :** मैडम स्पीकर, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आज मैं सदन में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर कुछ टिप्पणी करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मेरी पार्टी की तरफ से मुझे यह कहा गया है कि यह एक सरकारी दस्तावेज़ है। इससे हक़ीकत का, सच्चाई का कोई ताल्लुक नहीं है।

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण की शुरुआत दीनदयाल उपाध्याय जी से की, जिनका सपना था गरीबों की उन्नति देखना, गरीबों की गरीबी दूर करना, गरीबों के चेहरे पर हंसी देखना।

किसानों की समृद्धि, किसानों की तरक्की की बात उन्होंने कही, लेकिन आज इस देश में गरीबों की उन्नति सरकार ने इस तरह से की है कि फूड सिक्योरिटी के नाम से एक बिल वर्ष 2013 में आया था, उसे सरकार ने अब तक लागू नहीं कर पाई है। सरकार के जो सोशल वेंचर्स थे, सोशल प्रोजेक्ट्स थे, मनरेगा से लेकर आंगनवाड़ी तक सभी प्रोग्राम्स में रुपयों में कटौती की गयी। इनका बजट जो इन्हें खर्च करना चाहिए थ, इस सरकार ने पिछले वर्षों में नहीं किया। दीनदयाल उपाध्याय जी युवाओं को रोजगार देने की बात करते थे कि उन्हें रोजी-रोटी से जोड़ा जाए। आज यह सरकार बताए कि पिछले 19 महीनों में देश के कितने नौजवानों को नौकरी मिली? यह सरकार बताए कि देश के बेकार नौजवान इम्प्लायमेंट एक्सचेंज में नाम लिखाकर इंतजार करते हैं कि सरकारी दफ्तरों से उन्हें कोई सूचना मिलेगी, इस सरकार इसके लिए अब तक क्या कर पाई है? इसका कोई जिक्र राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में नहीं है, उल्टे हम यह देख रहे हैं कि...(व्यवधान)

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Madam Speaker, I want to draw your attention that the debate on the Motion of Thanks on the President's Address is going on in the House and only one Minister is present in the Treasury Benches. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Two Ministers are there. One Minister is sitting here and another is sitting there.

… (*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY: Only two Ministers! … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: In fact, three Ministers are present in the House. Manekaji is also there. How can you say like this? Please take your seat.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** सौगत राय जी, आप बिना देखे कैसे बोलते हैं, मेरा भी ध्यान है इन चीजों पर। हर चीज में नहीं बोलते हैं। मंत्री सदन में हैं। केवल विषय उठाने के लिए मत बोलिए, सौगत राय जी, आप सीनियर मेंबर हैं।

…(व्यवधान)

**श्री सुल्तान अहमद :** मैडम, कल जब आप यहां नहीं थीं, कल इसी विषय पर चर्चा शुरू हुई, खड़गे जी बोल रहे थे, राजीव प्रताप जी जाकर प्रधानमंत्री जी को लेकर आए और उनके पीछे-पीछे चार-पांच कैबिनेट मिनिस्टर्स भी पहुंचे।

**12.28 hours** (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

कल श्री एम. वैंकैय्या नायडू जी ने एक घण्टे दस मिनट के अपने भाषण में प्रधानमंत्री जी की ... * के अलावा कुछ नहीं किया। ऐसा लग रहा था कि वह कसीदा पढ़ रहे थे। …(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Unparliamentary words will be removed.

**श्री सुल्तान अहमद :** कविता पढ़ रहे थे प्रधानमंत्री जी की शान में कि देश से सब गरीबी दूर हो गयी, किसान हंस रहे हैं, नौजवान स्टार्ट अप को लेकर अपनी रोजी बनाएंगे, लेकिन इसी देश में गुज़श्ता साल 1100 किसानों ने आत्महत्या की है, सिर्फ महाराष्ट्र में की है, मैं अन्य किसी जगह के बारे में नहीं कह रहा हूं। यहां महाराष्ट्र के सदस्यगण बैठे हैं।…(व्यवधान) महाराष्ट्र में पिछले दो महीनों में 200 लोगों ने किसानों ने आत्महत्या की है। अरूण जेटली जी यहां बैठे थे, जयंत सिन्हा जी ने एलान किया कि जो एनपीए हुआ है बैंको में, आज जो रुपया लोगों ने डुबाया है, सुप्रीम कोर्ट ने तालिका मांगी है, हमें लिस्ट दो किन लोगों ने किया है। ये सब बड़े लोग हैं, धनी लोग हैं, पूंजीपति हैं, लेकिन इस देश में जब किसान आत्महत्या करता है तो उसके सात दिनों के अंदर बैंक मैनेजर किसान के घर जाकर कहता है कि हमने तुमको लोन दिया था। उस किसान की बीवी और बेटा कहता है कि हमने लोन नहीं लिया था, मेरे पिताजी ने लोन काश्तकारी के लिए लोन लिया था, तो बैंक कहता है कि नहीं, तुम्हारे नाम में है, तुम्हारे पिता के नाम में है, तुम्हारे शौहर के नाम मे हैं।

तुम्हारे पिता के नाम पर, तुम्हारे शौहर के नाम पर यह रुपया लिया गया था, अब हमें वापस दो। यह बैंकों का हाल है और हमारी सरकार इस साल 1 लाख 4 करोड़ रुपए जो बैंकों से लूटे गए हैं, उन्हें माफ कर रही है। यह पैसा लोन के रूप में बड़े लोगों ने लिया था, जिनका महाराष्ट्र में कारोबार फेल हो

* Not recorded.

गया, लेकिन यू.पी. में जमा हुआ है। इसी तरह ये लोग दिल्ली में फेल होते हैं, लेकिन हैदराबाद में बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज के मालिक हैं। हर तीन महीने में रजिस्ट्रार आफ कम्पनी का एकाउंट जाता है, तो उससे पता लगता है कि किसी को 25 फीसदी और किसी को 30 फीसदी फायदा हुआ है। यह सब रिकार्ड में है। सरकार ने किस सोच के तहत यह फैसला किया है कि 1 लाख 4 करोड़ रुपए वह माफ करेगी। टोटल देखा जाए तो 6 लाख करोड़ रुपए हैं, उसमें से 1 लाख 4 करोड़ रुपए माफ करने की बात है।

देश के बड़े लोगों में से 50 फीसदी ने यह रुपया बैंकों का मारा है, घोटाला किया है। क्या सरकार ने कभी छोटे कारोबारी से पूछा है कि आपका कारोबार कैसे बंद हो गया? आप देखें बिजली के दामों में दिनों-दिन इजाफा होता जा रहा है और सरकार कहती है कि we are self-sufficient in energy. लेकिन हमारे छोटे कारोबारियों को, छोटे उद्योगपतियों को, एम.एस.ई. को बिजली नहीं मिल रही है, रॉ-मेटिरियल नहीं मिलता है। चीन का माल यहां आ रहा है और वे उससे कम्पीटिशन नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण उनकी कम्पनीज और कारखानों में ताला लग रहा है। सरकार उसे नहीं देख रही है। केवल एंटी डम्पिंग कानून बनाकर रोकने की कोशिश की जा रही है, जबकि चीन का माल दूसरे मुल्कों के रास्ते हमारे देश में आ रहा है। इस तरह सरकार इस मामले में नाकाम हुई है और हमारे छोटे उद्योगपति बड़ी तादाद में दम तोड़ रहे हैं, एम.एस.ई. और एम.एस.एम.ई. दम तोड़ रही है। लेकिन सरकार इस बारे में कुछ नहीं कहती है कि हम छोटे कारोबारियों के साथ, छोटे उद्योगपतियों के साथ हैं।

इसी तरह किसानों की फसल के दाम तय करने के लिए एम.एम.पी. दिया जाता है, लेकिन वह वास्तव में मिलता नहीं है। जब किसान अपना उत्पाद लेकर बाजार में जाता है तो उसे उचित मूल्य नहीं मिलता है। सरकार भी इस बात को जानती है। हमारे वित्त मंत्री जी ने कहा नहीं, हम तमाम सेक्टर्स को अलग-अलग देख रहे हैं, लेकिन वह केवल बड़े लोगों को देख रही है, छोटों को नहीं देख रही है।

उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी ने अभिभाषण की शुरूआत दीन दयाल उपाध्याय जी के नाम से शुरू की और नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी के नाम पर, उनके राष्ट्रवाद को लेकर और उनकी जो इस बारे में धारणा थी, उसे लेकर अपनी बात समाप्त की। हमारे देश में राष्ट्रवाद इन दो सालों में कमजोर हुआ है, यह बात सुल्तान अहमद या तृण मूल कांग्रेस नहीं कह रही है। अभी नेशनल माइनोरिटी कमीशन ने राज्यों के माइनोरिटी कमीशन की कांफ्रेंस ऑल इंडिया लेवल पर आयोजित की थी। उसमें हमारी मंत्री नजमा हेपतुल्ला और नकवी साहब भी थे। नेशनल माइनोरटी कमीशन के एडीशनल सेक्रेटरी ... * कहा, यह 'इंडियन एक्सप्रेस' अखबार की रिपोर्ट है:- "Minister watching, Minority panel official says:

* Not recorded.

Can’t sleep at night, mahaul worrying” वह कह रहे हैं, सरकारी आदमी एडीशनल सेक्रेटरी... * कि मुझे रातों को नींद नहीं आती है। अक्लियत के लिए माहौल अच्छा नहीं है। जहां एक बड़ा अधिकारी यह कहे कि मुझे रात को नींद नहीं आती, वहां पर 15-20 करोड़ हम लोगों का क्या हाल होगा, प्रधान मंत्री जी को तो विदेश जाने-आने से ही फुर्सत नहीं है।

HON. DEPUTY SPEAKER: The officer’s name does not go on record.

**श्री सुल्तान अहमद :** माइनोरिटी कमीशन के एडीशनल सेक्रेटरी ने कहा है, I will place the paper cutting before you, Deputy Speaker, Sir. आज यह हालत है और यहां राष्ट्रवाद की दुहाई दी जाती है।

नेता जी की जो आइडियोलॉजी थी, उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़ने के लिए आजाद हिन्द फौज बनायी थी। दाहिने तरफ जनरल शाहनवाज हुआ करते थे और बायीं तरफ प्रेम सहगल हुआ करते थे। यह नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की विचारधारा थी। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने इनक्लुसिव नेशनलिज्म के बारे में कहा था। उनका नेशनलिज्म सिर्फ भारत नहीं था। उन्होंने एक बंगाली होने के बावजूद आजाद हिन्द फौज की बुनियाद अफगानिस्तान की सरज़मी पर डाली थी। सिंगापुर में उन्होंने बुनियाद डाली थी। नेशनलिज्म सिर्फ राष्ट्रवाद नहीं, उसे यूनिवर्सलनिज्म के साथ जोड़ा था। यह नेशनलिज्म का सपना नेता जी ने दिया था। आज आप बात नहीं कर सकते हैं, बयान नहीं दे सकते हैं। आप क्या खाएंगे, उसका फैसला भी आरएसएस करेगी, उसके लोग घर-घर जाकर करेंगे। यह नेशनलिज्म नेता जी का सपना नहीं था, यह नेशनलिज्म जवाहर लाल नेहरू का सपना नहीं था, यह नेशनलिज्म महात्मा गांधी का सपना नहीं था, यह नेशनलिज्म रवीन्द्र टैगोर का सपना नहीं था। उन्होंने जापान में जाकर नेशनलिज्म की बात की थी। उन्होंने पूरी दुनिया में भाईचारा फैलाया था। आप जब पार्लियामेंट एंटर करते हैं तो पार्लियामेंट की दीवार पर चस्पा है। पत्थर काटकर लिखा गया है- वसुधैव कुटुम्बकम। The whole universe is for human being. There are no geographical boundaries of humanity. मैं आरएसएस के भाइयों से कहूंगा, आरएसएस के प्रचारक से कहूंगा कि वह दीवार में जाकर काला रंग लगा दें कि नहीं, यह हम नहीं चाहते हैं। तुलसीदास ने कहा था कि मांग के खाइबो, मस्जिद में सोइबो। हम मांग के खा लेंगे और मस्जिद में सो लेंगे। तुलसीदास ने कहा था और रामायण में यह लिखा है। रवीन्द्रनाथ टैगोर जी ने कहा था-

> “Patriotism cannot be our final spiritual shelter; my refuge is humanity. I will not buy glass for the price of diamonds, and I will never allow patriotism to triumph over humanity as long as I live.”

---

* Not recorded.

यह कहा कि हम इंसानियत पर किसी को तरजीह नहीं देना चाहते हैं। आज देश में मामूली अकीलियती फिरका के लोग, चाहे वह अब्दुल खालिक हो दादरी का, चाहे पूंजीपति हो, चाहे कॉलेज का प्रोफेसर हो, चाहे यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स हों, अख्लाक की क्या गलती थी? अख्लाक का क्या कुसूर था? होम मिनिस्टर साहब यह कोशिश कर रहे हैं कि मुस्लिम सम्प्रदाय को बुलाकर समझाया जाए, लेकिन दिल जीतने का काम यह सरकार नहीं कर रही है। वह कोई कोशिश करते हैं तो हमारे लोग कहते हैं कि मुसलमान को आराम की नींद सोना है तो पाकिस्तान चले जाओ। यहीं से कहा जाता है। यह अफसोस की बात है। देश को बनाने में, देश की अर्थनीति में क्या 15-20 परसेंट अखलियतों का रोल नहीं है। आज क्रिश्चियन कम्युनिटी के गिरजों पर हमले हो रहे हैं। आज उन्हें नौकरियां नहीं मिल रही हैं। आज क्रिश्चियन परेशान हैं। ईसाई सोचने पर मजबूर हैं कि हमने क्या गलती की थी? अखलियत के लोग यह समझते थे, मैं खुद यह समझता था कि मोदी जी बहुत स्ट्रांग निकलेंगे। मोदी जी देश की इकोनॉमी को ठीक करेंगे। प्रधानमंत्री कहते थे कि न खाएंगे न खाने देंगे। लोगों को उस पर भरोसा था। लेकिन पिछले दिनों हमने देखा है कि दो साल में जो हाल इस सरकार का हो गया है।

हम किसी जमाने में कहा करते थे कि यूपीए की सरकार पालिसी पैरालिसिस पर चल रही है, उसकी पालिसी को लकवा मार गया है। यह इसलिए हुआ क्योकि यूपीए-1 और यूपीए-2 का पावर सैंटर 10 जनपथ हो गया था और दूसरा प्रधान मंत्री, डा.मनमोहन सिंह हो गया था। हम लोगों ने जनता को सुना है, लोग कहते थे, वह बात नहीं करते। लेकिन देखने में सिर्फ यह फर्क सामने आया कि हमारे आज के प्रधान मंत्री बातें ज्यादा करते हैं और काम कम करते हैं, यह जनता कह रही है। 2012-13 में कांग्रेस के दो पावर सैंटर थे और उसे लकवा मार गया था और आज जो दो पावर सैंटर्स हैं, वह प्रधान मंत्री का पावर सैंटर है और दूसरा नागपुर का पावर सैंटर है। इस तरह से देश नहीं चलेगा।

**प्रो. सौगत राय :** नागपुर में किसका हैडक्वार्टर है?

**श्री सुल्तान अहमद :** नागपुर में हमारे दोस्तों का हैडक्वार्टर है, जो संसद में बैठे हैं। आज वे उनका इशारा सुनते हैं, कितनी दूर तक प्रधान मंत्री के पीछे जाना है, कितनी दूर तक प्रधान मंत्री की पालिसी को समर्थन करना है, देश ऐसे नहीं चलेगा। हमारे देश में कुछ दिन पहले जो वाकया हुआ, हम यह समझते थे कि मोदी जी बड़े ताकतवर हैं, मोदी जी का 56 इंच का सीना है। ...(व्यवधान) मैं तारीफ कर रहा हूं, मैंने 56 से 36 इंच हो गया, ऐसा तो नहीं बोला, मैं 56 इंच ही कह रहा हूं, 36 नहीं कह रहा हूं। आज से दस दिन पहले हरियाणा में क्या हुआ? वहां किसकी सरकार है, वहां बीजेपी की सरकार है। वहां क्या हुआ, जाट नौजवानों

ने रिजर्वेशन् की डिमांड पर 34 हजार करोड़ रुपये का देश का नुकसान कर दिया। मोदी जी और हमारे राजनाथ सिंह जी करीब थे। वैसे मोदी जी बोलते बहुत हैं, जैसे गुजरात में हार्दिक पटेल का आंदोलन होता है, लेकिन जाट आंदोलन में मोदी जी की जुबान नहीं खुली, लेकिन राजनाथ सिंह जी सामने आए कि मैं देखता हूं। आज क्या हो रहा है, कैसे देश चल रहा है, सैकड़ों लोग मारे गये हैं और समाज में जबरदस्त सोशल टेंशन और एक दरार पैदा हो गई है। लोगों ने वहां रेप किये, ये सब रिपोर्ट राजनाथ सिंह जी के पास है, वह सब जानते हैं, मैं डराना नहीं चाहता। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि डा.मनमोहन सिंह जी ने अपनी चुप साधने वाली कमजोरी मोदी जी को दे दी है कि चुपचाप रहो। इन हालात में देश को आगे कैसे ले जायेंगे। मैं कह रहा था कि राजनाथ सिंह जी के दफ्तर की रिपोर्ट है, पूरे देश में 2011 से 2015 तक 3365 फिर्कवाराना फसादात हुए। अगर पचास साल का इतिहास देखेंगे तो पचास हजार से ऊपर फिर्कवाराना फसादात इस देश में हुए हैं। लेकिन आज हर महीने तकरीबन 58 से 60 कम्युनल इंसिडेन्ट्स हो रहे हैं। वहीं आप बंगाल में चले जाएं, आज हमारे गवर्नर साहब ने विधान सभा में कहा है - "Bengal is free from all communal riots." बंगाल में कुछ नहीं हुआ है। बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार इंसाफ करना जानती है। वह नौजवानों को नौकरी दे रही है, मुस्लिम नौजवान, जो पूरे देश में दो परसैन्ट के करीब सरकारी नौकरियों में हाशिये पर आ गये हैं। आप जाटों के लिए सोच रहे हैं, लेकिन मैं कहूंगा कि ममता बनर्जी इस देश में हर तबके के लोगों के लिए, चाहे वह ब्राहमण हो, चाहे वह खत्री हो, सबके लिए सोच रही है। आप गरीबी की सतह पर आरक्षण दीजिए, कौन पावर्टी लाइन के नीचे हैं, उन्हें आरक्षण दीजिए। आज आपने जात-पात के नाम पर आरक्षण दिया है। लेकिन जब अक्लियत मुसलमान, अक्लियत क्रिश्चियन को आरक्षण देने की बात आती है तो आप मुंह मोड़ लेते हैं। यह कैसे होगा? आपने बिहार में देखा, वहां की जनता ने, बिहार के किसानों और गरीबों ने किस तरह इस सरकार के खिलाफ वोट दिया। क्योंकि प्रदेश में निर्वाचन होने से ऐसा वातावरण पैदा होता है कि मोदी जी का मुकाबला उस सूबे के होने वाले मुख्य मंत्री से हो रहा है।

आज क्या हो रहा है? हमने कभी नहीं देखा कि इंदिरा जी तमाम सूबों में जा कर मीटिंग कर रही हों। हमने कभी नहीं देखा कि राजीव जी स्टेट का इलैक्शन लड़ रहे हों, हमने कभी नहीं देखा कि विश्वनाथ प्रताप सिंह दूसरे सूबे में जाकर कौन चीफ मिनिस्टर होगा, … (*Interruptions*)… * मोदी जी जब जाते हैं, मोदी जी निर्वाचन के समय में जाते हैं, … (*Interruptions*)… *

* Not recorded.

HON. DEPUTY-SPEAKER: Allegations cannot go on record.

… (*Interruptions*)

**गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह बताना चाहता हूँ कि हरियाणा के मामले में भी यदि हमने हस्तक्षेप किया था, यदि वहां के जनप्रतिनिधियों से हमने बातचीत की थी, तो अपने प्रधान मंत्री जी से राय परामर्श करने के बाद और उनकी सहमति के आधार पर ही मैंने बातचीत की थी। मैं समझता हूँ कि इतने बेबुनियाद और निराधार आरोप किसी देश के प्रधान मंत्री के ऊपर लगाना कि वे रूपये ले कर साथ जाते हैं, यह ठीक नहीं है, मैं इसे कंडम करता हूँ और मैं आपसे निवेदन करूंगा कि इसे कार्यवाही से बाहर किया जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER: I will expunge those words. Those words, which he said, cannot go on record.

… (*Interruptions*)

**श्री सुल्तान अहमद :** डिप्टी स्पीकर सर, राजनाथ सिंह जी का मैं आदर करता हूँ। …(व्यवधान) लेकिन लोग कह रहे हैं, देश कह रहा है, अगर वे विदेश में रहते, जब हरियाणा का वाक्या हो रहा था, मैं कुछ नहीं कहता, हरियाणा से तीस किलोमीटर की दूरी पर दिल्ली नगरी में वे बैठे थे, हरियाणा जल रहा था, लोगों की तबाहियां हो रही थी। …(व्यवधान) आज देश का नुकसान हो रहा है। …(व्यवधान) देश सुनना चाहता है। …(व्यवधान) मोदी जी क्या निर्णय ले रहे हैं। …(व्यवधान) जो प्रधान मंत्री हर 15 दिन में मन की बात कहें, मैं सन् 2014-15 की बात कर रहा हूँ, तब मैं भी मन की बात सुना करता था। पूरा देश सुनता था। …(व्यवधान) * आज इस सरकार ने मोदी जी को किस जगह ला खड़ा किया है। …(व्यवधान) *

HON. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Sultan Ahmed, you address the Chair.

… (*Interruptions*)

**श्री सुल्तान अहमद :** 19 महीने पहले, जब वे प्रधान मंत्री बने थे। …(व्यवधान)

HON. DEPUTY-SPEAKER: Do not write.

… (*Interruptions*)… *

HON. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Sultan Ahmed, I am requesting you to address the Chair, first. Second, do not create an atmosphere which raises emotions. Try to be on the point. You have the right to criticise but at the same time, the decorum should be maintained.

---

* Not recorded.

**श्री सुल्तान अहमद:** डिप्टी स्पीकर सर, कल आप यहां बैठे थे, आपने श्री वैंकैय्या नायडू जी के कसीदे सुने हैं। ...(व्यवधान) रमेश बिधुड़ी जी नहीं हैं, वे नायडू जी के पीछे बैठे थे, रमेश बिधुड़ी जी ने विपक्ष के लोगों को बोलने नहीं दिया। ...(व्यवधान) मैं कहुंगा कि रमेश बिधुड़ी जी को बुला लीजिए, मैं वैलकम करूंगा।

HON. DEPUTY-SPEAKER: You please address the Chair.

**श्री सुल्तान अहमद :** डिप्टी सर, वे बैठे थे, आपने कल देखा है तो आज अगर इस भाषण मे मोदी जी का ज़िक्र हो, हमारे कैबिनेट मंत्री एक घंटा दस मिनिट तक बोलते रहे और प्रधान मंत्री को उन्होंने जो सर्टिफिकेट दिया है, मेरे ख्याल में यह सर्टिफिकेट अगर छापने जाए तो सन् 2019 आ जाएगा।

देश की जनता की जो बदहाली है, जो दीवारों पर हम देख रहे हैं, आप खुद देखेंगे कि वर्ष 2019 में इनका क्या हाल होगा।...(व्यवधान) अवाम और जनता जो चाहती थी।...(व्यवधान) हमारा प्रधानमंत्री महापुरूष है।...(व्यवधान) इससे आप खुश हैं।...(व्यवधान) उस महापुरूष ने गरीबों के लिए क्या कहा था, कहा था कि काला धन हम वापस लाएंगे।...(व्यवधान) भारतवर्ष की जनता को इन्तजार था, गरीब किसान, गरीब मजदूर रोजाना बैंक मैनेजर से जाकर पूछा करता था कि मैनेजर साहब हमने जन-धन योजना के तहत मोदी जी के कहने पर अकाउन्ट खोला है। आज 19 महीने हो गए हैं, 19 महीने में उस गरीब किसान के हित में, उस गरीब मजदूर के बैंक अकाउन्ट में 15 रूपए भी नहीं आए हैं।...(व्यवधान) 15 रूपया भी नहीं आया है।...(व्यवधान) क्या आप लोगों को मिला है?...(व्यवधान) हमारे सज्जन स्वामी जी बैठे हैं। मैं हाथ जोड़कर कहूँगा कि आपके अकाउन्ट का क्या हाल है?...(व्यवधान) मैं हाथ जोड़कर निवेदन करूँगा।...(व्यवधान) सदन को बता दें कि आपके अकाउन्ट का हाल क्या है?...(व्यवधान)

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर):** बोलिए, आप मुझे क्या कहना चाहते हैं?

**श्री सुल्तान अहमद :** क्या 15 लाख रूपए में से कुछ आपके अकाउन्ट में आया?...(व्यवधान) ब्लैक मनी, काला धन जो विदेश में था।...(व्यवधान) विदेश में जो काला धन जमा था।...(व्यवधान)

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती:** आप यह बताओ कि बीमा किसलिए किया जाता है?...(व्यवधान)

**श्री सुल्तान अहमद:** बीमा मरने के बाद होता है स्वामी जी, जिन्दा रहने के लिए, रोटी खाने के लिए हमें पैसा चाहिए, बीमा नहीं चाहिए।...(व्यवधान) बीमा मरने के बाद होता है।...(व्यवधान) बीमा जिन्दा रहने के लिए नहीं है।...(व्यवधान) खाते में आज तक कुछ नहीं आया है।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please wind up.

… (*Interruptions*)

SHRI SULTAN AHMED: I have time. अभी तो मेरा समय बचा हुआ है।...(व्यवधान) अभी समय नहीं हुआ है।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Majority or minority is not involved in speeches.

**श्री सुल्तान अहमद:** महोदय, अगर मोदी जी को कुछ कहें तो इन्हें बुरा लगता है तो क्या मैं राजनाथ सिंह जी के बारे में कुछ कहूँ। राजनाथ सिंह जी जिस क्षेत्र से संसद के सदस्य हैं, वे लखनऊ से हैं। वहाँ के मुसलमान, दो लाख की आबादी है, वे हमारे होम मिनिस्टर की बहुत इज्जत करते हैं। लेकिन वहाँ के बेकार नौजवानों की दशा आप देखें। वहाँ की औरतों और बस्तियों की दशा आप देखें। तमाम काम बनारस में होता है, क्योंकि वह प्रधानमंत्री का क्षेत्र है।...(व्यवधान) तमाम काम होता है अहमदाबाद में, गुजरात में।...(व्यवधान) प्रधानमंत्री, देश की जनता ने यह नहीं चाहा था।...(व्यवधान) महोदय, उन्हें चुप कराइए।...(व्यवधान) देश की जनता चाहती थी, मैं चाहता था, मेरी पार्टी चाहती थी।...(व्यवधान) आज ममता बनर्जी का काम, उन्होंने फूड सिक्योरिटी एक्ट में 7.5 करोड़ लोगों को जोड़ा है, दस करोड़ की आबादी है। 7.5 करोड़ लोगों को राशन मिलना शुरू हो गया है, दो रूपए किलो चावल और दो रूपए किलो गेहूँ।...(व्यवधान) अल्पसंख्यकों के लिए ममता बनर्जी ने ओबीसी का ऐम्बिट बढ़ाया है।...(व्यवधान) मैं उत्तर प्रदेश सरकार से भी कहूँगा कि ओबीसी का ऐम्बिट बढ़ा दिया जाए।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Nothing will go on record except his speech.

… (*Interruptions*)… *

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी):** उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आग्रह है कि एक तो सदस्य आपको देखकर बोलें, He should address you and speak instead of addressing the Members because consistently he has been addressing the Members instead of addressing the Chair, और इतनी नफ़रत के साथ देश के प्रधान मंत्री के खिलाफ जुबान चला रहे हैं। हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन देश भी देख रहा है कि इनकी ज़ुबान से एक व्यक्ति जो देश का प्रधान मंत्री है और उनको पूरा देश मानता है, कितनी नफ़रत की ज़ुबान से हमारे माननीय सदस्य उनके बारे में बोल रहे हैं, हमारा पूरा देश देख रहा है। ...(व्यवधान)

**श्री सुल्तान अहमद:** मैं राजीव प्रताप रूडी जी के बारे में भी कुछ कह दूँ। ...(व्यवधान) उनके बारे में नहीं, उनके डिपार्टमैंट के बारे में। ...(व्यवधान)

---

* Not recorded.

माननीय प्रधान मंत्री जी ने एक बहुत ही अच्छा दफ्तर कामकाज करने का रूडी जी को दिया - स्किल डैवलपमैंट। ...(व्यवधान) कल मैं उनसे सुन रहा था कि ...(व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, आप भी सुनिए, अब मैं प्रधान मंत्री जी के बारे में कुछ नहीं कहूँगा। पूरे देश में स्किल डैवलपमैंट के नाम पर एक ढोंग शुरू हो गया है। स्किल डैवलपमैंट देखेंगे तो वह ढोंग हो गया है। ...(व्यवधान) नहीं, नौटंकी नहीं बोलेंगे, नहीं तो रूडी जी नाराज़ हो जाएँगे। पूरा ढोंग शुरू हो गया है कि पूरे देश के नौजवानों को हम बारोज़गार करेंगे, रोज़गार से जोड़ेंगे। ...(व्यवधान)

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** बेरोज़गार नहीं...(व्यवधान)

**श्री सुल्तान अहमद :** बारोज़गार। अरे भाई, हिन्दी समझो। बिहार से ताल्लुक है, हिन्दी-उर्दू तो समझनी चाहिए। बारोज़गार - कि रोज़गार से हम जोड़ेंगे। लेकिन हाल क्या है इनके डिपार्टमैंट का, 19 महीने हो गए हैं। ...(व्यवधान)

**श्रीमती कमला पाटले (जांजगीर-चाम्पा):** आपने तो कुछ किया ही नहीं। ...(व्यवधान)

**श्री सुल्तान अहमद :** आप बंगाल आइए। मैं आपको निमंत्रण दे रहा हूँ, आप बंगाल आइए और देखिये। इन लोगों ने कुछ नहीं किया है। मुझे मत कहिए, इन लोगों ने कुछ नहीं किया है। मुझे मत जोड़िये। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Next is Mr. Mahtab. Mr. Mahtab, you speak.

… (*Interruptions*)

SHRI SULTAN AHMED: Do you want to say something?

Sir, please give me five minutes more time

HON. DEPUTY SPEAKER: All right. You address the Chair. Do not waste your time. Instead of unnecessarily provoking others, you try to address the Chair.

**श्री सुल्तान अहमद :** डिप्टी स्पीकर सर, 2014-15 में रूडी जी के दफ्तर ने टार्गैट किया था कि 2,10,000 नौजवानों को हम स्किल ट्रेन्ड करेंगे। कुल कितने हुए एक साल में? शर्म आएगी लोगों को कि कुल 86 हजार ट्रेन किये। पूरे देश में कुल 86 हज़ार ट्रेन किए और प्लेसमैंट कितने लोगों को दिया है? जहाँ करोड़ों की तादाद में बेकार नौजवान नज़र आ रहे हैं, इंप्लॉयमैंट एक्सचेन्ज में लाइन लगा रहे हैं, आत्महत्या कर रहे हैं, खुदकुशी कर रहे हैं, इतने बड़े देश में जहाँ करोड़ों-करोड़ लोग बेरोज़गार हैं, 58 हज़ार नौजवानों को उन्होंने प्लेसमैंट दिया है, नौकरी नहीं दी है। 2015-16 में पौने दो लाख का टार्गैट है और 2015-16 में इनका सवा लाख लोगों को ट्रेन करने का इरादा है। तो यह मोदी जी का फ्लैगशिप प्रोग्राम कहाँ गया? मोदी जी का फ्लैगशिप प्रोग्राम कहाँ हो रहा है? आज आप देखेंगे दो-चार या छः महीने में, स्किल डैवलपमैंट एस.डी.एस. हो जाएगा - स्किल डैवलपमैंट स्कैम। रूडी जी अपने डिपार्टमैंट की खबर लें, एक

स्कैम शुरू हो जाएगा। कारखाने के मज़दूरों को पकड़कर कारखाने की एजेन्सी कह रही है कि हम ट्रेन करेंगे। उसके एवज में केन्द्र सरकार पैसा दे रही है। आज क्या हो रहा है? आज इस सरकार से एक निवेदन मैं कर रहा हूँ। सरकार को सबको लेकर चलना चाहिए। आज देश का मुसलमान, देश का दलित, देश का क्रिश्चियन बेचैन हो जाता है जब वह देश का गरीब देखता है कि बड़े लोगों के लिए काम हो रहा है, स्टार्टअप हो रहा है, मोबाइल बिक्री हो रही है। लेकिन किसी गाँव में यदि किसी की हत्या होती है तो वह रोता है चाहे वह दलित हो, मुसलमान हो, क्रिश्चियन हो। सबको लेकर आप चलें, इंसाफ करें। मोदी जी से हम इंसाफ चाहते हैं।

**<u>13.00 hours</u>**

पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विकास की बात कही थी। उनके अंत्योदय सूत्र वाक्य को पूरा करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार सबको शिक्षा, चिकित्सा, आवास, बिजली, पानी, सड़क, संचार एवं रोजगार की सुविधायें उपलब्ध कराने, कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ करने, लोगों को सम्मानित जीवन जीने, महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेकों योजनाएँ क्रियान्वित की जा रही है।

वर्ष 2022 तक सबको आवास उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। शहरी क्षेत्रों में गरीबों एवं निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए 2 करोड़ घर बनाने की सरकार की योजना है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 27 राज्यों के 2011 शहरों को शामिल किया गया है। 24 हजार 6 सौ करोड़ रूपए की लागत से

---

* Speech was laid on the Table.

4 लाख 25 हजार से अधिक घरों के निर्माण के लिए मंजूरी प्रदान की गयी है, जिसका पूरे देश में स्वागत हुआ है।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से देश के गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों को सुरक्षा एवं पेंशन सुविधा का लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा में मात्र 12 रूपए में 2 लाख रूपए का बीमा मिलने से फुटपाथ के किनारे सब्जी बेचने वाले, पॉलिश करने वाले एवं साईकिल-ठेले पर फेरी लगाकर परिवार के लिए रोजी-रोटी कमाने वाले गरीब तबके के लोगों में पारिवारिक सुरक्षा का भाव पैदा हुआ है। इन गरीबों ने कभी सोचा भी नहीं था कि उन्हें भी कभी जीवन में बीमा योजना का लाभ मिल सकेगा एवं आकस्मिक दुर्घटना में निधन हाने पर उनके परिवार को 2 लाख रूपए की राशि बीमा योजना के अंतर्गत प्राप्त होगी। सरकार ने सुकुन्या समृद्धि योजना से ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं'' की भावना को आगे बढ़ाते हुए बेटी की शिक्षा एवं विवाह की चिंताएं दूर की हैं।

प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 21 करोड़ से भी अधिक खातों में 32 हजार करोड़ रूपए जमा हुए हैं, जो गरीबी उन्मूलन का एक सशक्त माध्यम बन गया है।

मुद्रा बैंक योजना से वंचित एवं गरीब तबके के लोगों में करोबार प्रारंभ करने के लिए शिशु योजना में 50 हजार रूपए तक का ऋण बिना किसी गारंटी से प्राप्त होने से प्रधानमंत्री जी की कार्य प्रणाली के प्रति गरीब लोगों में एक विश्वास का भाव जागृत हुआ है। लाखों लोग इस योजना से लाभ लेकर सफलतापूर्वक न केवल अपने परिवार की रोजी-रोटी चला रहे हैं, बल्कि कारोबार आगे बढ़ाने में भी सफल कारोबारी बनकर समाज में आदर्श के रूप में आगे गए हैं, जो आस-पास के लोगों के लिए प्रेरक का काम भी कर रहे हैं।

सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के प्रयासों की सर्वत्र सराहना हो रही है।

प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ किया गया ''स्वच्छता अभियान'' एक जन अभियान बन गया है। देश के रेलवे स्टेशनों पर इस अभियान के प्रारंभ होने से पहले की स्थिति एवं बाद की स्थिति में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। लोग स्वतः आगे बढ़कर इस अभियान के साथ जुड़ रहे हैं, जिसमें विद्यालय और कॉलेज के विद्यार्थियों से लेकर व्यापारी, बुद्धिजीवी, रंगमंच, फिल्मी दुनिया के कलाकार एवं माननीय न्यायाधीशों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है तथा ''स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत'' के अभियान को आगे बढ़ाया है। विद्यालयों में विशेष रूप से बालिका विद्यालयों में इतनी बड़ी संख्या में शौचालयों का निर्माण इससे पहले कभी नहीं कराया गया।

कौशल विकास योजना के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा हुनरमंद लोगों को प्रशिक्षण देकर एवं सर्टिफिकेट देकर जहां उनके हुनर को और अधिक प्रभावी बनाया गया है, वहीं अनेक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिए जाने से रोजगार के नये-नये अवसरों का सृजन हुआ है।

प्रधानमंत्री कृषि शिक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों में आशा का संचार हुआ है। फसल बीमा योजना में जो नये प्रावधान किए गए हैं, उनमें फसल कटने के बाद खेत में रखी फसल आंधी, पानी, बाढ़ इत्यादि प्राकृतिक आपदा से नष्ट होने पर भी किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिलेगा, जिसका किसानों ने सर्वत्र स्वागत किया है।

राष्ट्रीय मृदा परीक्षण कार्यक्रम से खेत की मिट्टी का परीक्षण कराकर आवश्यकतानुसार खाद यूरिया का उपयोग करने से जहां किसान की लागत कम होगी, वहीं फसल में भी वृद्धि होगी।

भारत विश्व में सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश है। ये युवा हमारे देश के भविष्य की ताकत हैं। व्यापक रोजगार उपलब्ध कराने का सरकार का सर्वोपरि लक्ष्य है। इसके लिए सरकार ''मेड इन इंडिया'', ''मेक इन इंडिया'', ''स्टार्ट अप इण्डिया'', ''स्किल इण्डिया'' इत्यादि योजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन कराने में सफल रही है।

ग्रामीण विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। वर्ष 2015-16 में 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2 लाख करोड़ रूपए से भी अधिक का अनुदान अगले 5 वर्षों के लिए ग्राम पंचायतों को विकास के लिए आवंटित किया गया है। इसका देश के सभी राज्यों ने स्वागत किया है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अर्बन मिशन में भी 300 ग्रामीण विकास समूहों की शुरूआत की गयी है, जिससे लोगों के कौशल विकास एवं स्थानीय उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2019 तक 1 लाख 78 हजार गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ दिया जायेगा।

12 हजार 9 सौ कि.मी. लंबे राजमार्ग की परियोजनाओं के निर्माण का निर्णय भी सरकार ने लिया है, जो अभी तक की सबसे बड़ी मंजूरी है।

अमृत मिशन योजना के अंतर्गत 6 राज्यों के 13 शहरों के लिए 495 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति दी गयी है। अमृत मिशन योजना के अंतर्गत इन राज्यों में पेयजल आपूर्ति, सीवर सुविधा, जल निकासी, शहरी यातायात के लिए जरूरतों को पूरा किया जायेगा, जो एक सराहनीय कदम है।

पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का कहना है कि ''शत्रु बदले जा सकते हैं, किंतु पड़ोसी नहीं बदले जा सकते।''

सरकार ने पड़ोसी देशों से संबंध बढ़ाने के लिए जो कदम उठाए हैं, वह सराहनीय हैं। बात चाहे बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा करार पर हस्ताक्षर की हो, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के बीच मोटर वाहन करार पर हस्ताक्षर की बात हो, जिसे निर्वाध रूप से इन देशों के बीच में आवागमन हो सकेगा। चाहे बात नेपाल की हो, जहां भूकम्प आने पर सबसे पहले पहुंचकर हमारे देश द्वारा सह्रदयता से सहायता की गयी। चाहे बात पाकिस्तान के साथ समरसता के साथ सम्मानजनक संबंध बढ़ाने और सीमापार का आतंकवाद का सामना करने के लिए सहयोग का माहौल तैयार करने की हो, सभी स्थानों पर पड़ोसियों से अच्छे संबंधों की पहल की गयी है।

फूड सिक्योरिटी के लिए बजट 2015 में दुगुना किया गया। इसके साथ ही, 2015 में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड यूरिया का उत्पादन किया गया।

कुछ बिन्दु हैं, जो चुनौती के रूप में हमारे सामने आ रहे हैं। प्राकृतिक आपदाओं से कहीं अत्यधिक वर्षा होने से तथा वहीं कुछ राज्यों में वर्षा नहीं होने से बाढ़ एवं सूखे की स्थिति से निर्मित होने वाली स्थितियां, म.प्र. एवं उ.प्र. के बुंदेलखण्ड में लगातार पड़ता सूखा और सूखे से उत्पन्न बेरोजगारी एवं गंभीर पेयजल संकट विकास की गति को प्रभावित कर रहा है।

किंतु, हमें पूर्ण विश्वास है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार इन क्षेत्रों के बारे में विशेष कार्य योजना बनाकर स्थितियों का सामना करते हुए वहां रोजगार के अवसरों का सृजन कराने एवं पेयजल के लिए विशेष योजना बनाकर लोगों को संकट की इस घड़ी में राहत दिलाने में पीछे नहीं रहेगी।

आज लोग माननीय प्रधानमंत्री जी को बड़ी आशा एवं विश्वासभरी नज़रों से देख रहे हैं। उन्होंने मात्र 20 माह की अवधि में देश में एवं विश्व में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिससे भारत का मान समूची दुनिया में बढ़ा है।

अंत में, मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूँ।

[*] **श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) :** मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के समर्थन में अपनी बात रखता हूँ, जैसा कि प्रतिवर्ष संसद के बजट सत्र में पहले दिन संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हैं और यह प्रक्रिया शुरू से चली आ रही है, जो कि भारतीय लोकतंत्र की विशेषता को दर्शाती है और जैसा कि अभिभाषण में कहा गया है कि हमें एक ऐसे भारत का निर्माण करना है, जो भविष्य में पूरे आत्मविश्वास के साथ अग्रसर हो, इसी के तहत माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिया गया सिद्धांत ''सबका का साथ-सबका विकास'' सत्य प्रतीत होता दिख रहा है और इसी के तहत सरकार का लक्ष्य देश के अंतिम व्यक्ति तक अवसर प्रदान करने का है और हमारी सरकार इसी सिद्धांत पर काम कर रही है। हमारी सरकार का उद्देश्य गरीबों की उन्नति, किसानों की समृद्धि और युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए हर संभव कार्य करना है।

हमारी सरकार सबको अपना मकान देने के लिए वचनबद्ध है और इसी के तहत 2022 तक हम इस लक्ष्य को पूरा भी कर लेंगे, क्योंकि रोटी, कपड़ा और मकान प्रत्येक मनुष्य के लिए नितांत आवश्यक वस्तु है। हमारी सरकार ने प्रत्येक व्यक्ति को बैंक अकाउंट खोलने के लिए राजी किया है और इससे निश्चित रूप से हर ऐसे व्यक्ति का बैंक अकाउंट खुलेगा जो अब तक अपना बैंक अकाउंट खोलने में अक्षम था। जन-धन योजना सरकार का सार्थक कदम है और यह बहुत खुशी की बात है कि अब तक देश भर में 62 लाख लोग गैस सब्सिडी छोड़ चुके हैं।

हमारी सरकार ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। यह फैसला स्वागतयोग्य है, इसे डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को सच्ची श्रद्धांजलि कहा जा सकता है।

हमारी सरकार ने कई क्रांतिकारी एवं विकासोन्मुख कदम उठाये हैं और इसमें मदरसों में छात्रों को ट्रेनिंग, पूर्वोत्तर राज्यों में कृषि विकास पर ज़ोर, वन फूड जोन, वन कंट्री-वन मार्केट की नीति पर ज़ोरदार काम चल रहा है। सरकार ने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कम प्रीमियम की बीमा योजना, नयी यूरिया पॉलिसी, किसान चैनल पर 24 घंटे विभिन्न जानकारी एवं पी.एम. कृषि सिंचाई योजना शुरू की की है। इस स्कीम से देश काकिसान आत्मनिर्भर और समृद्ध होगा। इसी के तहत, सरकार ने 2015-16 में कृषि विकास के लिए 2 लाख करोड़ रूपए दिए थे।

देश में 4 नए मेगा फूड प्रोसेसिंग सेंटर बनाये जाना सरकार की विकास नीति को स्पष्ट करता है। सरकार स्वास्थ्य सम्बंधी विषय पर भी गहन कार्य कर रही है। इसी के तहत एक साल में सबसे ज्यादा टीकाकरण किये जाने का रिकॉर्ड बनाया गया है और सरकार आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी

---

[*] Speech was laid on the Table.

मेडिसिन पर ज़ोर देकर लोगों को इसके लिए जागरूक कर रही है। हमारी सरकार आने के बाद देश में महंगाई और सरकार का घाटा भी कम हुआ है। सरकार ने अब तक एक लाख 55 हज़ार डाकघरों को ऑनलाइन प्रक्रिया से जोड़ा है और सरकार का लक्ष्य प्रत्येक गाँव तक ब्रॉडबैंड की सुविधा देने का है। सरकार ने स्टार्टअप योजना की शुरूआत कर युवाओं और प्रतिभाशाली लोगों को आगे बढ़ने का मौका दिया है। स्टार्टअप योजना निश्चित ही स्वागतयोग्य योजना है। पी.एम. मुद्रा योजना से 2.07 लाख महिला उद्यमी अभी तक लाभान्वित हुए हैं। सरकार स्किल इंडिया के तहत 76 लाख लोगों को ट्रेनिंग दे चुकी हैं और अब तक देश में 39 फीसदी विदेशी निवेश भी बढ़ा है। यह अब तक सरकार की अच्छी नीति और विकास करने की इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

सरकार अब तक देश भर में कुल 7200 कि.मी. हाईवे का निर्माण कर चुकी है और देश के चारों धामों को जोड़ने के लिए 12 हज़ार करोड़ रूपए खर्च करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। इसी के तहत देश में स्पेशल ग्रीन हाईवे की शुरूआत की गई है। पी.एम. खनिज कल्याण योजना के तहत खनिज वाले इलाकों को विशेष ध्यान रखकर विकास किया जा रहा है और पूरी पारदर्शिता से खदान आवंटित की जा रही है। सरकार द्वारा घोषित हाईस्पीड ट्रेन का काम मुंबई-अहमदाबाद के बीच जापान की मदद से शुरू किया जा चुका है। रेलवे आम लोगों के परिवहन का माध्यम है। इसी के तहत, रेलवे स्टेशन, ट्रेन की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और ट्रेन में नए कोच लगाये जाने के साथ ही साथ यात्रा को सुगम बनाने के लिए रेलगाड़ियों में बॉयो-टॉयलेट लगाये जाने का काम शुरू किया जा चुका है।

देश के सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों के लिए हमारे दिल में विशेष इज्जत और प्यार है। हमारी सरकार ने अपने वन रैंक-वन पेंशन के वादे को पूरा किया है। हम सीमा पर आतंकवाद से उत्पन्न होने वाली हर स्थिति से निपटने के लिए सक्षम और तैयार हैं। हमारी सरकार आतंकवाद से निपटने के लिए हर संभव प्रभावी कदम उठाने को तत्पर है और हम सभी जानते हैं कि आतंकवाद एक विश्वव्यापी खतरा है और इससे निपटने के लिए और अधिक कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है।

अंत में मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूँ कि यह सरकार गरीबों की उन्नति, किसानों की समृद्धि और युवाओं को रोज़गार दिलाने पर केंद्रित है।

***श्रीमती रंजनबेन भट्ट (बड़ोदरा) :** महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने बजट सत्र के पहले ही दिन पिछले कई सत्रों में बाधित हुई संसद को लेकर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में बात होनी चाहिए। संसद चर्चा के लिए है, हंगामे के लिए नहीं और इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने सांसदों से अनुरोध किया कि वे सहयोग और मेलजोल की भावना से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। उनके इस अनुरोध के प्रभाव ने देश के विभिन्न भागों में रहने वाले देशवासियों के मन को झकझोर दिया और उनको यह अहसास हो गया कि संसद न चलने से देश को काफी बड़ी क्षति उठानी पड़ती है और देश की प्रगति के रास्ते भी बाधित होते हैं। अब देखना यह है कि महामहिम के अनुरोध का कितना असर सांसदों पर हुआ है, उसका पता तो समय आने पर ही चलेगा।

देश के अंदर विभिन्न स्थानों पर नक्सलवाद और देश के बाहर से आतंक फैलाने का कार्य हो रहा है जिसे हमारी सरकार अपनी पूरी क्षमता से प्रभावी ढंग से रोकने का कार्य कर रही है। पठानकोट जैसे हमलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोकने की जरूरत है। हमारी सरकार ने देश की सुरक्षा संबंधी सभी चुनौतियों से सख्ती से निपटने के लिए संकल्प लिया है। सीमा पार से होने वाले आतंकवादी हमले का सामना करने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से तैयार है।

हमारे देश में जो आज तक बेरोजगारी सुरसा की तरह मुंह फैलाती जा रही थी उसे कम करने के लिए मेरी सरकार रोजगार सृजन का कार्य तेजी से कर रही है और वह दिन दूर नहीं होगा जब हमारी सरकार इस समस्या का निदान पूरी तरह कर देगी।

हमारी सरकार का मूल मंत्र 'सबका साथ-सबका विकास' है। इसी मंत्र के साथ चलकर हमारा देश पूर्ण विकास और आत्मनिर्भरता हासिल करेगा। इसमें संदेह नहीं कि हमारी सरकार इसी राह पर चल रही है और एक दिन ऐसा आएगा जब हमारा देश विकास की ऊँचाई पर खड़ा दिखाई देगा।

हमारी सरकार कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने का सतत प्रयास कर रही है। देश में 2015 के वर्ष में सबसे ज्यादा यूरिया का उत्पादन हुआ। मछली पालन के समग्र विकास के लिए हमारी सरकार द्वारा 3000 करोड़ रूपए की नीली क्रांति शुरू की गई है। जन-धन योजना दुनिया की सबसे सफल वित्तीय योजना है। इससे गरीबों को भी लाभ मिल रहा है। इसके अतिरिक्त स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, अर्बन मिशन जैसी योजनाएं हमारी सरकार ने प्रारंभ करके देश को विकास की ओर अग्रसर किया है। यही कारण है कि दुनिया भर में मंदी के बीच भारत में आर्थिक स्थायित्व बना हुआ है।

---

* Speech was laid on the Table.

हमारी सरकार सशक्त और दूरदर्शी भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर चल रही है, जिसमें लोगों को विकास के वे सारे अवसर उपलब्ध हों, जिनका प्रावधान हमारे संविधान में किया गया है।

हमारी सरकार भारत-पाक संबंधों को सुधारने के लिए काफी प्रयास कर रही है और मुझे विश्वास है कि हमारी सरकार को इस विषय में सफलता हासिल होगी। हमारी सरकार ने हमारे जनप्रिय नेता श्री नरेन्द्रभाई मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार नियंत्रण पर कई कठोर और प्रभावी कदम उठाये हैं और इस पर नियंत्रण भी किया है।

*__डॉ. यशवंत सिंह(नगीना) :__ महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा है कि मेरी सरकार गरीबों की उन्नति, किसानों की समृद्धि और युवाओं का रोजगार के अवसर प्रदान करने का काम कर रही है। इनके द्वारा चलाई गयी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना समाज के वंचितों के भविष्य को सुधारने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2022 तक सभी गरीबों को आवास उपलब्ध कराना भी गरीबों के जीवन में नई आशा की किरण है।

जहां तक किसानों के हित की बात है सरकार द्वारा अनेक कदम उठाये गये हैं जिसमें सभी किसानों को 2017 तक मृदा स्वास्थ्य कार्ड देना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से पानी के उचित उपयोग से अधिक फसल का सिंचन करना, एकीकृत राष्ट्रीय कृषि बाजार को वन फूड जोन, वन कन्ट्री, वन मार्केट बनाकर उचित मूल्य उपलब्ध कराना आदि, उपाय शामिल हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना द्वारा अब तक की सबसे कम राशि पर बीमा कराकर 30 प्रतिशत नुकसान पर 50 प्रतिशत अधिक सहायता का प्रावधान किया गया है। गन्ने का भुगतान तथा स्वदेशी यूरिया नीति 2015 के तहत नीम लोपित सब्सिडी वाला यूरिया उपलब्ध कराना, नये कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना, किसान चैनल शुरू कराना आदि सभी उपायों से किसानों की स्थिति में सुधार आयेगा।

ग्रामों के विकास को ध्यान में रखते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्वरन मिशन के तहत 300 ग्रामीण विकास समूहों का चयन एवं उन्नयन अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम है। प्राथमिक विद्यालयों में चार लाख सत्रह हजार शौचालयों का निर्माण, शिक्षित स्वस्थ एवं स्वच्छ भारत की ओर एक बढ़ता कदम है। इसी स्वच्छ भारत अभिमयान के तहत कचरे से ऊर्जा उत्पादन, रसायनों एवं उर्वरक कंपनियों द्वारा कंपोस्ट खाद के विपणन और मलवे के प्रयोग संबंधी नीतियॉं बनाई गयी हैं। गंगा की स्वच्छता बनाये रखने हेतु 118 शहरों में 1949 ग्राम पंचायतों के लिए संपूर्ण स्वच्छता समाधान का क्रियान्वयन भी इसी का हिस्सा है।

ऊर्जा के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धि सराहनीय है, इसमें सौर ऊर्जा का 20 महीने में दो गुना होने तथा वर्ष 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य 175 जी.डब्ल्यू. करना महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा 2018 तक सभी गांवों में बिजली पहुंचाना एक प्राथमिकता है। गांवों तथा घरों में एल.ई.डी. बल्ब द्वारा विद्युत खपत कम करना, नौ हज़ार नौ सौ करोड़ रूपए की असम गैस क्रैंकर परियोजना का राष्ट्र को समर्पण भी अपने आप में एक विशेष उपलब्धि है।

सरकार द्वारा ट्रेनों की दशा सुधारने में विशेष योगदान है। जहां बायो-टॉयलेट लगाये जा रहे हैं वहीं तीव्र गति से ब्रॉडगेज बिछाने का कार्य तथा उत्तम श्रेणी के कोच जिसमें मनोरंजन के साधनों के साथ-साथ

---
* Speech was laid on the Table.

उत्तम खाना उपलब्ध कराना सराहनीय है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2019 तक एक लाख बत्तीस हजार गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने का निर्णय लिया गया है।

युवाओं को आगे बढ़ाने हेतु स्किल इंडिया, गांवों में इंटरनेट कनेक्टिविटी, डिजीटल इण्डिया, सभी डाकघरों का कम्प्यूटरीकरण, पोस्टल पेमेन्ट बैंक इत्यादि सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही है।

आज भारत चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है, परंतु किसी विकास को आप तब तक विकास श्रेणी में नहीं रख सकते जब तक विकास का असर समाज की वंचित श्रेणी पर न आयें। इस संबंध में मेरा माननीय राष्ट्रपति जी से अनुरोध है की गरीबों, दलितों, वंचितों के हित में निम्नलिखित सकारात्मक कदम उठाये जायें।

1. मनरेगा में मजदूरी कम्पोनेंट के मद को सामग्री वाले मद से अलग किया जाये तथा सामग्री वाले मद को किसी भी योजना से जोड़ा जाये ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार सौ दिन उपलब्ध हो सके तथा मानदेय को कम से कम 250 रूपये किया जायें।

2. गरीबों का जातिगत उत्पीड़न एक भयंकर श्रेणी का अपराध माना जाये।

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सब प्लान के पैसे का 100 प्रतिशत उपयोग दलित लोगों के हित में होना सुनिश्चित किया जाये तथा आरक्षण को हर स्तर पर समीक्षा करके पूरा किया जाये। गरीब का सुधार जब तक नहीं होगा, विकास कहना एक बेईमानी होगी।

*__SHRI B.N. CHANDRAPPA (CHITRADURGA):__ I would like to point in the beginning itself that this Government has announced many schemes but the implementation of those schemes is an utter failure. It was mentioned in the President's Address that the Government has undertaken various visionary initiatives towards building an India that strides into the future with confidence. In this regard, I would like to say the last year after the Economic Survey, there was a talk of JAM trinity -Jan Dhan Yojana, Aadhar, Mobile numbers. The Union Government then announced about creating a universal social security scheme for the poor through a slew of medical and accident insurance schemes and a Senior Citizen Welfare Fund. The main purpose of JAM trinity is to expand welfare policies. However, I would like to say that the poor people are not given any kind of welfare benefits. Instead, they are asked to deposit Rs. 500 to Rs. 1000 to maintain their bank accounts. This scheme is not at all helping the poor. But, on the other hand, the Union Government is claiming as though this scheme is a big achievement of the BJP Government. In reality, it is utter failure of the Government in ensuring the welfare benefits to the poor through JAM scheme.

With regard to MUDRA scheme, the Centre has earmarked Rs. 100 crore of token fund for establishment of Micro Units Development Refinance Agency (MUDRA). It is an apex refinance agency to enable over fifty million unfunded entrepreneurs to access the formal credit institutions. However, in reality, the banks are discouraging new entrepreneurs by asking them to provide collateral security to get bank loans. It is a clear violation of the objective of MUDRA scheme.

The President's address did not mention about the rising prices of essential commodities including toor dal, which has touched a historic high with Rs. 200 a kilo in the wholesale market and Rs. 250 a kg in Retail market. It was around Rs. 120 a kg in market during the first week of August. The jump in prices due to crop

---

* Speech was laid on the Table

failure started around April, 2015. In May, 2015, the wholesale price had crossed Rs. 100 a kg for the first time. It is a clear indication of how the Union Government failed in controlling the prices of essential commodities. Even the prices of vegetables and especially that of onion jumped Rs. 60 - 70 per kg in the months of July-August last year.

The President's Address has not mentioned any mechanism to put in place to control hoarding, theft of taxes etc., to prevent the rising prices of essential commodities. As they erode the incomes of wage-earners, they give rise to labour unrest. That in turn brings down productivity leading to further increase in prices. So the Union Government should take necessary measures to prevent the rising prices of all the commodities and protect common people from the burden of spiralling prices.

The President in his Address mentioned about IT Modernization Project and computerization of post offices by the year 2017. I would like to point out that postal services in the country need some comprehensive measures to enable the department to serve better to people in the nook and corners of the country. As per the information provided by the Government, about 35% of the population do not have banking facilities. India Post could play a vital role in increasing awareness among rural people about schemes like, Savings, Deposits of money, postal insurance, etc. to help people in critical times. There is a need for India Post to computerize the network so as to widen and deepen the level of financial transactions and offer banking services to the rural population. Keeping the changing scenario in terms of modern technology India Post should introduce state of art delivery strategies to provide speedy and better services to general public.

The President in his Address mentioned about Swachh Bharat Mission. Swachh Bharat Mission was launched throughout length and breadth of the country as a national movement. However there is no significant change in the country in this regard. Hence the Union Government should allocate more funds to construct toilets in the country.

I would like to mention that until and unless the Union Government allocate adequate money to all Urban Local bodies and Panchayats to undertake regular cleaning activities in their jurisdiction is very difficult to achieve the objectives of Swachch Bharat Abhiyan.

With regard to levy of the Swachh Bharat Cess, I would like to state that the people of the country are already burdened with the price rise of essential commodities, increasing service tax, etc., The Government has saved thousands of crores of rupees in the wake of drastic drop in the crude oil prices in the international market. In such a situation, it is not good to put more burden on people by imposing more tax in the name of Swachh Bharat.

His Excellency the President has mentioned in his Address about promoting food processing industries. The agriculture sector in India contributes a fourth of Country's GDP and provides employment to approximately two third of the population. However, its potential has not been tapped due to underdevelopment of the food processing sector in India. I would like to mention that it has an important role to play in linking Indian agriculture to consumers in the domestic and international markets. There is an urgent need that India should develop its traditional food items under global standardization and mechanize them. At the same time, the country should also develop its own brands with global presence and standards.

The President's Address has not mentioned about measures that need to be taken to address the issue of groundwater pollutants arsenic and fluoride in the country including Karnataka. The Centre should provide both financial and technological support to supplement the efforts of states to provide adequate drinking water to the rural population.

With regard to Drinking water and Sanitation I would like to point that a Parliamentary panel had expressed serious concern over "drastic" cuts in budgetary allocation of Drinking Water and Sanitation Department. The reduction would have an "adverse" impact on NRDWP and Swachh Bharat Mission

Schemes. It is not possible with the meagre funds to achieve the objective of providing safe drinking water and achieve 100 per cent sanitation in rural areas and it would affect the million of people living in rural areas of the country.

India is home to the highest number of children with hunger and malnutrition. Despite this, it does not appear that the Government is serious about tackling the scourge of malnutrition. Since ICDS is an important flagship program for ensuring good health of our children, the inadequate allocation would only hamper only the development of our children and also expose to far greater degrees of vulnerability in various sector. Therefore, the Government should take steps to provide proper healthcare to our children and women.

**[*]SHRI P.K. BIJU (ALATHUR):** At the outset, the speech of Hon. President of India is just a compilation of the public relation exercise of the present Government with hollow promises. It is in sharp contrast with the ground realities that exist in our country. The Government is only focusing on its image building through media and false promises to the people. But in a closer look, we can see that the Make India project is a bubble. There is no truth and honesty in the action of the government and it is high time for a reality check. Almost all the projects and programmes of the previous government have their names changed and it is simply old wine in new bottle. This Government is more aggressive in pursuing the neo-liberal agenda in helping the corporates.

I am sorry to say that the Government has failed miserably in fulfilling its promises in sectors such as agriculture, industry, preventing inflation and employment to mention a few. It is a matter of great surprise that the present Government which always criticised the previous governments for the inordinate price hike in the fuel prices is doing the same under pretext of Make in India project. Across the world, the price of the crude oil has touched rock bottom. But the present Government has increased the price of petrol and diesel in multiple times and in India, the price of fuel is skyrocketing on a daily basis. In a rough estimate, around 2 lakh crore earned by the low crude oil price has never passed on to the customers. Instead, the government is hiking the import tax and diverting it to the corporate interests.

There is a much celebrated financial inclusion policy, a pet project of the present government led by Shri Narendra Modi under the scheme called "Pradhan Mantri's Jan-Dhan Yojana". According to the World Bank Reports, nearly 75% of the accounts opened under the scheme are lying dormant with zero balance. Again women are largely excluded from the scheme of financial inclusion. Still, only 26% of female adults in India have an account with formal financial institutions.

---

[*] Speech was laid on the Table

According to the Reserve Bank of India report, women's credit outstanding from commercial banks accounts for only 5% of all credit outstanding. Schemes such as Pradhan Mantri Bima Yojana, the Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana are welcomed. But what about the larger picture in the insurance sector? The move to implement 49% FDI in the insurance sector is really an alarming situation. Customers of the private insurance companies are still apprehensive about their credibility. While LIC has settled 99.89 percent of the claims, the private sector repudiated nearly 11 percent of the claims. Undermining this factor, the Government has allowed the corporates to invest up to 30 per cent which was earlier set at 10 per cent. In a developing country like India the danger will be huge if the Government is losing its control over the Insurance and leaving at the mercy of the corporates.

The much coveted Direct Benefit Transfer for Liquefied Petroleum Gas Scheme is aimed at curtailing the bogus connections and controlling the black marketing of LPG. But the Government's huge claims of improved operational efficiency and saving in subsidy lack clarity. The Government has thus not provided detailed calculations regarding either its claimed saving from DBTL in the financial year 2014-15 or projected saving for the financial year 2015-16. It raises important questions on the much publicized fiscal saving figure of Rs. 12700 crore in the last financial year. Based on an analysis of publically available data, this figure appears to be an over estimate.

It is a good gesture from the Government to acknowledge "Kisano ki Samriddhi", who are the backbone of our economy and prosperity. But about a week ago, one of the Member of Parliament from the ruling Government party said that farmers have become a fashion and trend. The remark comes at a time when Maharashtra is reeling under a grave agrarian crisis with 124 farmers committing suicides in the state since January 2016. Not only in Maharashtra, all the other states are facing agrarian crisis and not able to stop farmers suicide. The era of Modi Government, that promised achhe din to the poor in India, has not

been able to change the situation. In 2004, it around 6000 farmers committed suicide revealing the hollowness of the project achhe din. Drought and floods take a toll on the harvest time but Banks in India had not announced a penny for Restructuring of Farm Loans and Crop Loans. At the same time, corporate sector in India has witnessed a windfall with every budget. As per RBI report, Rs. 4,26,100 crore worth of Corporate debt was restructured in just one year (2013-14) and over Rs. 14,00,000 crore in last four years. Gross Bank Credit was Rs. 35,49,744 crore on 25th February, 2011 which was expanded to Rs. 59,71,200 Crore as on 23rd January, 2015. So, in this period, Corporates also received Rs. 18,00,000 crores as new bank credits also. Thus Rs. 32,00,000 crore were delivered on a platter to Corporates in just four years which neither created jobs, nor IPR, nor contributed to much GDP growth. Incidentally, it requires just Rs. 5,00,000 crores to store, process and market farm produce by farmers, to create 20 crore jobs and triple to quadruple rural GDP. How is that only Ambani and Adani are considered qualified to process store and market farmers produce? This serious situation will have long term ramification not only in the agriculture but also in the overall development of the country.

What is happening to this country is predictable, unfortunate, and so avoidable. Intolerance has become the general temperament of the social-psych of India. The intolerant atmosphere was considerably enhanced with the gross insensitivity shown by the Government to its intolerant rank and file. Temple politics got replaced by morality and cow politics. Brutal lynching of an innocent man by indoctrinate mob in the name of his eating habit, shooting of intellectuals because of their liberal thinking and fight against the darker side of the religions, banning artists in the name of their religion and country shows that Intolerance is not in the statistics on communal violence, but in the atmosphere. An atmosphere of fear, an atmosphere that encourages conformity has gripped our country tightly. Many social activists such as Govind Pansare, Narendra Dabholkar and Prof. M.M. Kalburgi were killed since they stand against social evils. The Government

wants to bring bank the outdated and obsolete practices of social evils and forcibly imposing it on the citizens of a country that always take pride in its unity in diversity. They are talking about Hindutva and Hindu solidarity. But the NDA Government is taking no stand on frequent atrocities on dalits. Reports suggest a manifold increase in the number of cases related to assault, murder and sexual assault of Dalit women, especially incidents of gang rapes, over the past four years. It is ironical that only 50% of the accused in such crimes and faced action.

Key positions in 14 cultural and academic institutions had been fulfilled by those handpicked by the Government. The over enthusiastic intervention of the NDA government is alarming and will curtail the cultural and scientific development of our country. It is also to be noted that never ever in the history of India, a huge number of non-political personalities, especially writers and intellectuals, publicly expressed their concerns over the rising 'intolerance' in the country. Nearly three dozen writers have since returned their prize to the Akademi. It is sad that religious nationalism is over- powering our long standing secular nationalism and fake public video, without checking its veracity. Our higher educational institutions across the country are under fire due to the undemocratic and exploitative atmosphere.

Above all, the discontent has been creeping in to the various sections of the society such as farmers, youths, students and different caste groups. The recent insurrection for reservation by various caste groups such as patels in Gujarat and Jats in Haryana is nothing but a by-product of the incessant and Neo-Liberal policies initiated by the UPA Government and pursuing vigorously by the present NDA Government. The Neo-Liberal reforms have taken a toll on our agricultural sector. Cutting of subsidies, poor access to formal rural credit system, ineffective compensation policies and above all, corporatization of agriculture has broken our agrarian economy. The discontent from the various sections should be seen in this light of crumbled agrarian structure of our country. This has led to unemployment, poverty and dissatisfaction among the predominantly agrarian depended caste

groups. In reality the insistence of the neo-liberal policy by the present government is solely responsible for the unleashing of the Frankenstein of reservation revolts in the country.

It is sad to say that our Hon. President who made several statements against intolerance and discontents did not make a single mention on the issue.

I conclude with a firm conviction that our country is not going in the right direction. Creating an atmosphere of tolerance, space for dissent, real upliftment of the poor, constructive intervention in the agriculture sector and protection of the people and environment from the corporates forces are the need of the hour.

**[*]DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR):** I express my views on the consideration of the motion of thanks for the Address which Honourable Rastrapati ji has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on the February 23, 2016; as moved by Hon. Smt. Meenakshi Lekhi and seconded by Hon. Smt. Harsimrat Kaur Badal.

Let me start with the fundamental tenet of the NDA Government -Sabka Sath Sabka Vikas vis-a-vis the issues that are our immediate concern: Emerging trend of national intolerance; our economic growth vis-a-vis economic slowdown; Governance deficit; black money, corruption, terrorism; internal security and of course International relations. The Presidential Address hardly tried to address all these issues in a very sensible manner. The Government has not given enough space to the Honourable President for the same.

Our Hon'ble President, Shri Pranab Mukherjee was born on 11.12.1935. He is now running into 81 years. Interestingly and quite coincidentally, the number of paragraphs in his Address is exactly 81. What arithmetic.

In a developing country like ours, where democracy is getting matured, the most basic issue is to empower its citizens. How to do it is the crux of our entire endeavor. To me, it is a possible proposition. However, it appears that the present NDA Government does not try to put enough effort for this.

Please refer to Para 3 of the Address - "Deen Dayal Upadhyaya who spoke of Ekatma Manavata Darshan which envisages Antyodaya, where the empowering rays of opportunity reach the last person. This principle guides all the programmes of my Government. My Government, in particular is focused on 'Garibon Ki Unnati' (Poverty Eradication), 'Kisano Ki Samriddhi' (Farmers' Prosperity) and 'Yuvaon Ko Rojgaar' (Massive Employment Generation)".

So far so good! I wish the Government all the best in its endeavour.

[*] Speech was laid on the Table

I would very humbly state that this is but a corollary to "An important initiative of the UPA Government - the rollout of the Direct Benefits Transfer System". This would enable Government sponsored benefits to flow directly into the accounts of beneficiaries, who can access them using their Aadhaar number.

This system will help cut down leakages, bring millions of persons into the financial system and lead to better targeting of beneficiaries. It will definitely be a trend setter in the use of modern technology to bring benefits to our poorest citizens, especially in rural areas. We all know that India lives in villages."

However, there is a word of caution. That is, the Direct Benefits Transfer System will not be a substitute for public services and will complementary to the Public Distribution System.

In Para 29 -"My Government aims to create a Shikshit Swasth Swachh, an educated, healthy and clean India. In a reflection of how the spirit of Swachh Bharat has manifested in our primary schools, over four lakh seventeen thousand functional toilets for boys and girls have been constructed".

There is no doubt that the toilets are constructed in our primary schools. However, there is no proper water supply and therefore these toilets are bound to perish an unnatural early death.

Instead I urge upon the Union Government to provide a good school in every Indian village. A good school requires good roads leading to the school, proper water and power supply over and above the required qualified trained teachers and proper physical infrastructure of the school. I hope, the Government understand it!

In Para 69 - " there has been significant improvement in the overall security in the North-Eastern States and Left Wing Extremism affected States. This has been made possible through sustained efforts and measures taken by the intelligence agencies and security forces in collaboration with the State Governments".

I am from the State of Manipur. This statement is very subjective at least in respect of my State, I would once again very respectfully state that it is a blatant lie. Why?

In my State, the Armed Forces (Special) Power Act (AFSPA), 1958 has been promulgated since 80's, and here Army is engaged in counter-insurgency operations under the Act. This Act provides immunity to the Army from being tried without the prior permission of the Union Government.

Under this Act, the State of Manipur has seen many orphans, widows, parents who do not know whereabouts of their missing children. Rapes, fake encounters, custodian killings are rampant.

Moreover, in my State Manipur, one lady Irom Sharmila (Iron Lady) is still on fast onto death for repeal of the Act since 2000. In spite of the recommendations of various committees, conferences, UN bodies to repeal the Act, the Government of India is still shy to repeal this draconian law. However, the Government of Manipur has lifted AFSPA from the seven Assembly Constituencies under Imphal Municipality.

I am always for the immediate repeal of this AFSPA. Time has come for this draconian Act to go. I do very sincerely urge upon the Union Government to repeal this act immediately for the sack of humanity.

The then UPA Government under the leadership of the then Prime Minister and the AIICC President has been able to conduct itself very successfully through our National Flagship Programmes and various Welfare Schemes. Mahatma Gandhi NREGA, Right to Information Act, Right to Education Act and National Food Security Act to mention a few. For this, we have to take decisive strides towards reaching these goals. The road is long, but our journey is in progess.

I, very respectfully, urge upon all the Hon'ble Members to accept this historical fact.

I now come to the case of rising prices of essential commodities. It is the fervent hope of every one of us that the prices of essential commodities get

stabilized immediately. However, all of us are aware of the fact that considering the size of the country and her population size, it is but natural that the demands are large while the supply is limited. This theory of demand-supply is, to a large extent, responsible for the price rise. But we cannot leave it here. We must find ways to mitigate the same very earnestly and quickly.

However, this NDA Government is doing very little in this regard. I am confident that the Flagship Programmes and the Welfare measures of the then UPA Government, will certainly re-gain the lost space sooner than later.

I would like to mention the combined responsibilities of the federal Governments -State Governments and the Union Government. I am afraid, transparency in this governance is still lacking in many parts of the Federal Governments. This scheme and these programmes require to be judiciously and holistically implemented. So, they also require the leadership and guidance of the Union Government.

At the same time, we have to ensure that these schemes reach the people for whom they are intended.

Next, I would like to make a sincere attempt to address the issue of terrorism in the country and abroad, which is nevertheless an issue both National and International. Terrorism as I do understand is a war against humanity.

I would very respectfully wish to ask the NDA Government, where has gone the zero tolerance policy on terrorism of our UPA Government. I do urge upon the Union Government that on terrorism, the zero tolerance policy has to be practiced in its fullest meaning both in spirit and in action. Civilizations grew on the lives of millions and that the King can do no wrong do remain and had been the greatest tragedy of mankind. We, who practice Democracy, should think together and work together for a better world so that our children enjoy the fruit of their birth and live happily. Together we must able to give to our children a better tomorrow.

Lastly, I would like to mention about our independent foreign policy which remained intact. This was being debated by some of the Hon'ble members on the other side. We do not agree with them. Our independent foreign policy has to be kept intact.

I do sincerely wish that our relation with neighbouring countries like Bhutan, Bangladesh, Maldives, Nepal and Sri Lanka would continue to grow from strength to strength and particularly relations with Myanmar through our Look East Policy (now Act East Policy) should be able to catalyze it.

Finally, however, in the best established tradition of parliamentary democracy, I do support the Motion. However, the claims made by his Government are on the contrary and commitments made are in the vacuum.

**श्री आनंदराव अडसुल (अमरावती):** उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मै आपको धन्यवाद देता हूं।

संवैधानिक प्रावधान और परम्परा के अनुसार बजट सत्र के पहले महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण हुआ। उनके प्रति धन्यवाद देने के लिए जो धन्यवाद प्रस्ताव श्रीमती लेखी जी ने इनिशिएट किया और श्रीमती बादल जी ने उसे सेकण्ड किया, उस पर कल कांग्रेस पार्टी के नेता आदरणीय खड़गे साहब ने भी अपने विचार रखे। लेकिन कल शाम को जब पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर एम. वैंकैय्या नायडू जी ने सवा घण्टे में पूरे भाषण का विश्लेषण किया तो मुझे लगा कि बोलने के लिए जैसे कुछ बात रही है या नहीं, लेकिन आज आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है।

जो नारा हमारे प्रधानमंत्री जी ने शरू में दिया - सबका साथ, सबका विकास, उसी से अपने भाषण की शुरूआत महामहिम राष्ट्रपति जी ने की। उनके अभिभाषण में तीन प्रमुख बिन्दु हैं - गरीबों की उन्नति, किसानों की समृद्धि और युवाओं को रोजगार। जब मैं गौर से उनके भाषण को सुन रहा था और महामहिम राष्ट्रपति जी को मैं इस सदन में उन्नीस-बीस वर्षों से देखता आया हूं, तो थोड़ी पुरानी एक याद मेरे दिल में आई। जब आजादी के लिए वर्ष 1885 में दादा भाई नौरोजी की अध्यक्षता में कांग्रेस बनी, जिसमे सरदार वल्लभ भाई पटेल जी थे, महात्मा गांधी जी थे, पंडित जवाहर लाल नेहरू जी थे, ऐसे अन्य बड़े-बड़े नेता थे। जब हमें आजादी मिली तो एक महत्वपूर्ण संदेश महात्मा गांधी जी ने दिया था अपनी पार्टी को कि जिस कारण के लिए कांग्रेस बनी थी, अभी हमने स्वतंत्रता पाई है, आजादी पाई है, अब कांग्रेस को डिजॉल्व कर दो, नहीं तो भविष्य में वह बदनाम हो जाएगी। वही बदनामी के तौर पर कांग्रेस पार्टी चल रही है। जो पिछले लोक सभा चुनाव हुए, उसमें हमने यह देख लिया है। मुझे एक बात कहनी है। हमारे एक पूर्व कांग्रेसी नेता थे, जिनका सीना चौड़ा था और दिल भी बड़ा था। जब 11वीं लोक सभा बनीं, तो उस समय अटल जी की सरकार बनी थी और मैं पहली बार सदन में चुनकर आया था। अटल जी ने पहले ही दिन अपने भाषण में कई उल्लेखनीय बातें कही थीं। मैं श्रद्धेय अटल जी के भाषण का वह अंश बताना चाहता हूं जो उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू के बारे में कहा था। उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम एक दिन इस देश के प्रधान मंत्री बनोगे। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं कि उनका सीना वाकई में चौड़ा था और दिल बड़ा था। विपक्ष में बैठे हुए एक व्यक्ति को इस तरह उद्धृत करना, यह वाकई में एक बड़ी बात है। जब हमारे महामहिम राष्ट्रपति जी अभिभाषण दे रहे थे, उनकी बातों में इस सरकार के प्रति एक आदर था। इस सरकार ने जो काम किया है, उसका भी उल्लेख बार-बार वह दिल से कर रहे थे। उस समय मुझे अटल जी का बताया हुआ वह किस्सा याद आ गया।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने तीन बिंदुओं पर अपने अभिभाषण का मुख्य आधार रखा। रिपीटिशन करना अच्छी बात मैं नहीं मानता हूं। हमारे कई साथियों ने कहा, मैं सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं। देश में जब भी कोई राष्ट्रपति बनते हैं, प्रधान मंत्री बनते हैं, राज्य सभा के सभापति या लोक सभा के अध्यक्ष बनते हैं, तब वे किसी पक्ष के नहीं होते, पूरे राष्ट्र के होते हैं। उनके प्रति जो आदर हमें दिखाना चाहिए, कई वक्ताओं के भाषण में मुझे वह नहीं दिखा। जैसे हमारे एक वक्ता ने 'मन की बात' को गैर जरूरी बताया। मैं आदरणीय खड़गे जी की रिस्पेक्ट करता हूं, उन्होंने भी कल नक्ल की कि प्रधान मंत्री जी कैसे बैंच थपथपाते हैं, यह नहीं होना चाहिए। मैं उनसे बहुत छोटा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि यह नहीं होना चाहिए। इन लोगों के प्रति हमारे मन में आदर होना चाहिए, क्योंकि वे देश के नेता हैं। जब भी वे विदेश जाते हैं तो उन्हें भारत का प्रधान मंत्री, भारत के राष्ट्रपति कहा जाता है, किसी पार्टी का नेता नहीं कहा जाता।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** अडसूल जी, मैं आपका बहुत आदर करता हूं, क्योंकि आप सहकारिता आंदोलन और लेबर मूवमेंट के साथ भी रहे हैं तथा अटल जी की सरकार के समय से आज तक इस सदन में हैं। मैं तो परसों-परसों ही आया हूं। मैं यह पूछना चाहता हूं कि जब इस देश के प्रधान मंत्री जी विदेश जाते हैं तो क्या यह उचित है कि वह पूर्व प्रधानमंत्रियों की और किसी पार्टी की निंदा करें?...(व्यवधान)

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी):** यह सही नहीं है।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** हर जगह उन्होंने कहा है कि जो अब सरकार आई है यह ठीक है। इससे पहले जो भी सरकारें थीं, आपको मालूम है कि वह काम नहीं करती थीं, भ्रष्टाचार में लिप्त थीं...(व्यवधान) वह जब आस्ट्रेलिया गए और वहां एन.आर.आईज़. से मिले, जब अमेरिका गए, हडसन सर्कल गए, जहां भी गए और एन.आर.आईज़. से मिले तो जोश में यह बोलते रहे। पूर्व प्रधानमंत्रियों ने ऐसा नहीं कहा इसलिए बोली और चाल एक सी होनी चाहिए। लेकिन आप बाहर जाकर दूसरों पर कमेंट करते हैं, अगर हम सामने कोई बात करें तो आप लोग बुरा मान रहे हैं।

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** महोदय, यह कहना कि देश के प्रधानमंत्री बाहर जाकर पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ बोलते हैं, यह बिलकुल गलत है। इनके पास न इस बात का कोई प्रमाण है और न ही इसमें कोई सत्यता है। इस पूरे वक्तव्य को कार्रवाई से बाहर किया जाए, क्योंकि यह उचित नहीं है कि इस प्रकार से कहना कि प्रधानमंत्री सिर्फ आपके और पूर्व प्रधानमंत्रियों के बारे में चिंतन करते हैं, हम लोग कतई इस तरह की बात नहीं करते हैं।

**श्री आनंदराव अडसुल :** उपाध्यक्ष जी, मुझे जो सही लगता है, मैंने वही बात रखने का प्रयास किया है। उसको मानना या न मानना दूसरे पर निर्भर होता है। मैं एक बात और यहां बताना चाहता हूं कि खड़गे साहब कर्नाटक के बॉर्डर के हैं और मराठी भी जानते हैं। हमारे मराठी संतों ने बोला है- निंदगाचे घर असावी सेझारे। शायद आपको भी पता चला होगा कि मुझे क्या बोलना है? निंदा का मतलब यह होता है कि वह पॉज़ीटिव होनी चाहिए। प्रतिपक्ष में केवल इसलिए बैठे हैं कि खाली टीका और टिप्पणी करना है तो मैं समझता हूं कि यह काम नहीं होता है, बल्कि अच्छे काम की सराहना करना भी होता है। इन बीस सालों के दौरान मैंने बड़े-बड़े नेताओं से सीखा है और हमारे नेता हिन्दू-हृदय सम्राट माननीय शिव सेना प्रमुख जी से सीखा है। आप अगर सामने वाले को मान-सम्मान देंगे तो आपका सम्मान बढ़ता है, अपमान नहीं होता है, यह हमें सीखाया गया है। इसलिए प्रमुख बिंदू पर जाते हुए मैं कहना चाहूंगा कि जन-धन योजना के तहत सामान्य आदमी का पैसा बैंक में जाना चाहिए, इसकी संकल्पना अभी तक किसी ने भी नहीं रखी थी। हमारे प्रधानमंत्री जी ने इसका ऐलान किया और हमारे देश के 21 करोड़ परिवारों ने बैंक में अपना खाता खोला। 32 हजार करोड़ रुपये की राशि उसमें जमा हुई और 15 करोड़ अकाउंट ऑपरेटिव हैं। बैंक के पास सामान्य आदमी कभी नहीं जाता था। उनका बैंक से ताल्लुक नहीं था। उनको बैंक तक पहुंचाने और उनका खोता खोलना और सरकार की 42 स्कीम्स की सब्सिडी आज उनके खाते में जा रही है। डायरेक्ट कैश पेमेंट हो रहा है। इसकी सराहना करनी चाहिए, जो अच्छी बात है...(व्यवधान) मेरा कहना है कि कुछ न होने से कुछ तो है। उसमें कुछ आंकड़े गलत होंगे, लेकिन कुछ तो सही होंगे। कुछ न होने से कुछ तो है, कम से कम इसकी तो सराहना आपको करनी चाहिए। जब आप सत्ता में थे आपने कभी इसके बारे में सोचा भी नहीं था कि गरीब आदमी को बैंक तक पहुंचाना है, उनके खाते में सब्सिडी देनी है...(व्यवधान) आपने बैंको का राष्ट्रीयकरण किया, लेकिन मैं इसके बारे में बोलूंगा तो आपको दर्द होगा। आपको आज जो बैंकों का एनपीए दिख रहा है, यह केवल इस सरकार के 18 महीनों का नहीं है, आपके कार्यकाल का भी है। इतने बड़े पैमाने पर जो भ्रष्टाचार हुआ, क्या मैं उसके आंकड़े यहां दूं? मैं पब्लिक अकाउंट्स कमेटी का मैम्बर भी था...(व्यवधान) बैंकों का राष्ट्रीयकरण क्या बैंको को लूटने के लिए किया? मैंने अपनी सरकार से सुबह एनपीए के बारे में सरकार से प्रश्न पूछा था, उस समय आप नहीं थे। जो एनपीए के आंकड़े बढ रहे हैं, उसकी जिम्मेदारी हम लोगों को लेनी चाहिए और हर बैंक को सीधा करना चाहिए। कानून के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए, यह बात सुबह हुई है। हम एक तरफ की बात नहीं करते हैं, हम सत्ता पक्ष के एक घटक जरूर हैं, लेकिन गलत को गलत और सही को सही बोलना भी हमें सिखाया गया है और हम यह करते भी हैं। कुछ योजनाएं हैं, जैसे प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना है, क्या कभी सोचा था कि एक महीने में एक

रूपया, 12 महीने में 12 रुपये देंगे और यदि घर में कोई अप्रिय घटना घटी तो उसे दो लाख रुपये मिलेंगे। जब आप सत्ता में थे तो क्या कभी आपने इस बारे में सोचा था? इसके अलावा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना है, इसमें केवल 330 रुपये देने होंगे, साल के 365 दिन होते हैं, लेकिन 330 रुपये एक साल में भरिये और कुछ अप्रिय होने पर फिर आपको दो लाख रुपये मिलेंगे। यह बात सोचने की है, उस पर अमल होता जा रहा है, उसका रिजल्ट क्या है, लेकिन कुछ न कुछ चालू हो गया है, कोई न कोई उसका लाभ ले रहा है, यह तो कम से कम आप सोचिये और कम से कम इसकी सराहना कीजिए।

इसके अलावा अटल पेंशन योजना आई, इसमें क्या गलत किया। जो सामान्य आदमी है, गरीबी की रेखा के नीचे हैं, उस पर अगर भविष्य में ऐसी कोई आपत्ति आई तो इस योजना के माध्यम से उसके परिवार को पेंशन मिलेगी। ऐसी बहुत सी बातें हैं कि जिन बातों में सही मायने में दम है। इसकी एक दूसरी साइड भी है, लेकिन उसमें जाने के पहले मैं यह बताना चाहता हूं कि टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज को ही लीजिए, यह इम्पलायमैन्ट जनरेशन करने वाली एक इंडस्ट्रीज है। उसकी टैक्नोलोजी अपग्रेड करने के लिए उन्होंने 18 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मेरा खुद का अनुभव है, मेरे चुनाव क्षेत्र में पहले केवल एक ही टैक्सटाइल मिल थी, लेकिन आज नौ टैक्सटाइल मिल्स बन चुकी हैं और एक टैक्सटाइल पार्क बन चुका है। यह एक साल के अंदर की बात है। फिर मैं क्यों न इसकी सराहना करूं। विदर्भ में जो किसान भाई आत्महत्याएं करते हैं, उसके दो प्रमुख कारण हैं, उनकी खेती बारिश के ऊपर निर्भर है, दूसरी तरफ बेरोजगारी है, पढ़े-लिखे लोगों के लिए कोई रोजगार नहीं है। अगर वहां टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज आती हैं, टैक्सटाइल पार्क बन चुका है, अगर वह टैक्नोलोजी अपग्रेड होती है, अगर बहुत से लोगों को रोजगार मिलता है तो मैं उसकी सराहना क्यों न करूं, इसके लिए उसकी सराहना करनी चाहिए।

इसके बाद स्किल डैवलपमैन्ट की बात आई। स्किल डैवलपमैन्ट, स्किल इंडिया के लिए अलग से अभी एक साल पहले मिनिस्ट्री बनाई गई और एक साल में 76 लाख लोगों को ट्रेनिंग मिली। आपने इस पर यह कहना चाहिए कि ऐसा डाइनामिक मंत्री उसे मिला है...(व्यवधान) कल की बात है, जब एक सवाल का जवाब दे रहे थे, यहां से बात आई, कितनी देर तक बोलते रहे, बोलने जैसी बात थी, समझाने की बात थी। यहां तक उनकी स्टडी है, वहां तक उनका अटैचमैन्ट उस डिपार्टमैन्ट के साथ है, क्या हमें उसकी सराहना नहीं करनी चाहिए, क्या हमें उन्हें आगे नहीं बढ़ाना चाहिए। यह सब युवाओं के लिए हो रहा है, देश के जवानों के लिए हो रहा है, वे जवान हैं, इसलिए उन्हें पता है कि बेरोजगारी क्या चीज है। स्किल डैवलपमैन्ट में 76 लाख लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

**श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी (महबूबनगर):** आज जिसे भी नौकरी मिल रही है, स्किल डैवलपमैन्ट मे मिल रही है।

**श्री आनंदराव अडसुल:** जरुर मिलेगी, आप इसका कारण समझिये, जो अनस्किल्ड है, उसे सेमी-स्किल्ड बनाना है, जो सेमी-स्किल्ड है, उसे स्किल्ड बनाना है, तभी उन्हें नौकरी मिलेगी और यह मेरा दावा है और अनुभव भी है कि अभी मैंने जो टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज की बात की, इस पर कल मैंने सप्लीमैन्ट्री क्वैश्चन पूछा था कि आपने हर डिस्ट्रिक्ट में एक स्किल डैवलपमैन्ट सैंटर खोलने का ऐलान किया, लेकिन जो भी हमारी पब्लिक सैक्टर कंपनियां हैं, प्राइवेट सैक्टर कंपनियां हैं, उन्हें भी आकर बोलेंगे कि आप रिक्रूटमैन्ट के पहले यह स्किल डैवलपमैन्ट सैंटर खोलिये, उन्हें ट्रेनिंग दीजिए और उन्हें अपने यहां लीजिए, यह भी हो सकता है। यह मैंने उनको बोल दिया है। पूरी टैक्सटाइल इंडस्ट्री को मैंने बोला कि आप स्किल डेवल्पमेंट से कीजिए। जैसे अभी हमारे यहां मिसाइल फैक्ट्री खुलने जा रही है। उन्होंने पहले ऐसी ट्रेनिंग दी, 40 लोगों को एडवर्टाइज़मेंट दे कर ट्रेनिंग दी, अभी उनको कोई आपत्ति नहीं है। जब भी चालू होगी, उनको इज़ी रोज़गार मिलेगा। यह तो मतलब समझने की बात है।

दूसरा, यह बात आपको छोटी लगती होगी, लेकिन कभी मन में आयी, ध्यान में आई कि योग तो सालों से चलता आया है। लेकिन इंटरनेशनल योग डे, अभी हम सबने देखा कि हर जिले में, हर चुनाव क्षेत्र में जितने भी सांसद थे, उन्होंने अपने-अपने यहां योग का प्रोग्राम सैलिब्रेट किया। स्वयं प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में राजपथ पर योगा का प्रोग्राम हुआ। यह कोई छोटी बात है? योग का साधारण महत्व आप जानते हैं। वह कार्यक्रम उन्होंने हाथ में लिया। प्रधान मंत्री ने झाडू हाथ में लिया और भारत स्वच्छता अभियान चलाया तो बहुत से लोग अभी झाडू हाथ में लेने लगे हैं। नेता क्या करते हैं, उसके ऊपर निर्भर होता है कि जनता क्या करती है। उसको इस एंगल से देखिए कि नेता क्या करते हैं।

कल यह टिप्पणी भी हुई कि यह योजना प्रधानमंत्री के नाम पर है, वह योजना प्रधान मंत्री के नाम पर है, कुल आठ योजनाएं प्रधानमंत्री के नाम पर हैं। मैं कहता हूँ कि प्रधान मंत्री के नाम पर हैं, नरेंद्र मोदी के नाम पर तो नहीं है। जैसे श्रद्धेय अटल जी ने प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की, आज भी उस योजना को हम प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना बोलते हैं। आदरणीय मनमोहन सिंह जी दस साल तक प्रधान मंत्री रहे थे, लेकिन योजना का नाम प्रधान मंत्री सड़क योजना ही रहा। एक आपत्ति उठाना कि आठ-आठ योजनाएं प्रधान मंत्री जी के नाम पर हैं, यह मुझे अच्छा नहीं लगा। जो अभी प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की बात हो रही है, उसमें हमने महात्मा गांधी जोड़ दिया है, हमें कोई आपत्ति नहीं है, अच्छा नाम जोड़ा है। यहां हमारे मंत्रीगण बैठे हैं, प्रमुख रूप से हमारे संसदीय कार्य राज्य मंत्री बैठे हैं, यह प्रधान मंत्री ग्राम सड़क

योजना कम से कम मेरे राज्य में तो बीते दो साल से ठप्प पड़ी है, उसका काम नहीं हो रहा है। यह भी देखना जरूरी है कि इसका कारण यह है कि पहले वहां पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी। 1700 करोड़ रूपये के प्रस्ताव के बदले उन्होंने 27000 करोड़ रूपये के प्रस्ताव भेजे। टेंडर निकाले, जो भी उनका हिस्सा था, निकाल लिया और पैसा तो सिर्फ 1700 करोड़ रूपये का जाने वाला था। आज उनके ठेकेदार का पैसा नहीं दिया इसलिए कोई भी ठेकेदार आगे नहीं आ रहा है। यह बात कैसे हैण्डल करनी है, वह सरकार के ऊपर निर्भर है।

प्रमुख रूप से मैं एक और बात उठाना चाहता हूँ कि हमारे महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ में पिछले 15 सालों से तो किसान भाई आत्महत्या करते ही आए हैं, अब उसमें और भी बढ़ोत्तरी हो रही है। हम प्रधान मंत्री सिंचाई योजना लाए और भी कुछ लाए, उस एरिया में कहीं तो पानी होना चाहिए, अगर ट्युबवेल से लाना है, स्प्रिंग्कलर से लाना है, लेकिन पानी तो होना चाहिए। जब तक वहां हम हर नदी में डैम नहीं बनाते हैं, छोटे-छोटे नाले से ले कर बड़ी-बड़ी नदी तक जब तक नहीं बनाते हैं, तब तक यह प्रधान मंत्री सिंचाई योजना कोई काम नहीं करेगी और यह भी सरकार को ध्यान में रखना चाहिए। मैं एक बात और कहना चाहूँगा, रूडी जी, आप यहाँ बैठे हैं, हमारे देश में गरीबी रेखा के नीचे तो बहुत से परिवार हैं और यह हमेशा दुर्भाग्य होता है कि बीमारी पहले गरीब लोगों के घर में पहुँचती है। वर्ष 2008 में यूपीए सरकार एक जन औषधि योजना लाई थी। जब मैं केमिकल एंड फर्टिलाइजर कमेटी का चेयरमैन बना हूँ तो मेरे ध्यान में एक बात आई कि जितनी भी औषधियाँ हैं, वे अपनी वास्तविक कीमत की 15 गुना, 16 गुना, 20 गुना दाम पर बाजार में बेची जाती हैं। इसलिए यूपीए सरकार ने एक जन औषधि योजना वर्ष 2008 में लाँच की। उस योजना में यह ऐलान किया था कि हर डिस्ट्रिक्ट में एक यानी 536 डिस्ट्रिक्ट में उसी टाइम एक-एक दुकान खोलेंगे। दुर्भाग्य की बात यह है कि देश में 181 दुकानें खोली गईं, उसमें से केवल 84 दुकानें चालू हैं। मैंने प्रधान मंत्री जी को लेटर लिखा था कि आप जो भी योजना लाँच करते हैं तो उसे जनता स्वीकारती है। मैंने यहाँ तक लिखा था कि 'If anything comes from the horses mouth, it is accepted by all.' आप भारत स्वच्छता अभियान लाए, आप जन-धन योजना लाए, आप बीमा योजना लाए, जो भी योजना आप लाए, उसे लोगों ने स्वीकार किया तो आप अगर जन औषधि योजना फिर रीलांच करेंगे, हर ब्लॉक में अगर हम दुकान खोलेंगे तो कम से कम तीन-चार हजार दुकानें हमारे देश में निर्माण हो जाएंगी। हर तरीके की दवा अगर उन दुकानों में रखेंगे तो गरीब लोगों को उसका बहुत अच्छा लाभ मिलेगा। यह भी ध्यान में रखने की बात है। महाराष्ट्र और कर्नाटक, खड़गे साहब का और हमारा सीमा का झगड़ा बहुत सालों से चालू है। वहाँ के जो हमारे सीमावासी हैं, वे महाराष्ट्र एकीकरण समिति के नाम

से चुनाव लड़ते हैं। वहाँ की पंचायत हो, जिला परिषद हो, नगर परिषद हो, महानगर पालिका हो, सभी चुनाव वे इसी नाम पर जीतते हैं, लेकिन उनके ऊपर कर्नाटक गवर्नमेंट द्वारा ऐसा अत्याचार होता है, जैसा अत्याचार ... * भी नहीं करते थे। खड़गे साहब, आप भी ध्यान में रखिए। उसे भी हल करना बहुत जरूरी है, ऐसा मैं मानता हूँ। पानी की समस्या हमें दूर करनी है। श्रद्धेय अटल जी नदी जोड़ प्रकल्प योजना लाए थे, अगर उसे हम कार्यान्वित करेंगे तो जितने भी हमारे स्टेट बाधित हैं बारिश के कारण, उन सबको उसका लाभ मिलेगा। आखिर में मैं यह बात कहना चाहता हूँ कि जो हमारे महामहिम राष्ट्रपति जी ने एक संदेश दिया है और शायद उसका परिणाम अच्छा हुआ है, यह हाउस पहले दिन से अच्छा चल रहा है। उन्होंने यह संदेश दिया कि 'Our Parliament reflects the supreme will of the people. Democratic temper calls for debate and discussion, and not disruption or obstruction.'

यह उन्होंने बहुत अच्छा संदेश दिया है। मैं महामहिम राष्ट्रपति जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने एक संदेश दिया और हमारे साथी विपक्ष वह संदेश अमल में लाए। धन्यवाद, जय हिन्द।

---

* Not recorded.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : Sir, in his speech, he had mentioned that in Belgaum, Maharashtra Ekikaran Samiti always gets elected and the Karnataka Government is suppressing them like ...* This is not good and so, this word should be deleted… (*Interruptions*) They speak about Akhand Bharat, लेकिन जस्ट यहाँ पर डिवाइड करने के लिए अगर आप ऐसी बात करेंगे तो गलत मैसेज जाता है। You are a Member of Parliament. We all are also Members of Parliament. Let them fight democratically… (*Interruptions*) अगर आपके पास ताकत है तो पार्लियामेंट में चुनकर आ सकते हैं।

HON. DEPUTY-SPEAKER: All right.

… (*Interruptions*)

HON. DEPUTY-SPEAKER: All right. The word ... * can be removed from the records.

* Not recorded.

*[*]**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में देश की दशा एवं दिशा का उल्लेख है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सरकार क्या करने वाली है, इसका लेखा-जोखा होता है। अभिभाषण में सरकार द्वारा देश की समस्याओं को दूर करने हेतु ठोस नीति का उल्लेख है। अभिभाषण के शुरूआत में ही राष्ट्रपति जी ने ऐसे भारत के निर्माण की बात कही है, जो भविष्य में पूरे आत्मविश्वास के साथ अग्रसर होगा। ऐसा सशक्त एवं दूरदर्शी भारत जो लोगों को विकास के वे सारे अवसर मुहैया कराएगा, जिनका संविधान में प्रावधान किया गया है। विकास का यह सिद्धांत ''सबका साथ-सबका विकास'' में निहित है और यही सरकार का मूलभूत सिद्धांत है। अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति जी ने विशेष रूप से ''गरीबों की उन्नति'', ''किसानों की समृद्धि'' और ''युवाओं को रोजगार दिलाने'' पर केंद्रित की है। देश में व्याप्त गरीबी के प्रति चिंता व्यक्त की है तथा इसके पूर्ण निवारण, सहायता एवं सशक्तिकरण द्वारा सभी नागरिकों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया है, जोकि सराहनीय है।

वित्तीय समावेश और सामाजिक सुरक्षा के दो पंखों पर सवार होकर ही मानव अभिलाषा उड़ान भरती है। सरकार इन्हीं के माध्यम से इस उद्देश्य को संभव करने के लिए कृतसंकल्प है। इस प्रयोजन में सरकार ने खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास और ऐसी सब्सिडियों पर अधिक जोर दिया है, जो सबसे अधिक जरूरतमंद को तब जरूरत मिले, जब उसे उनकी सर्वाधिक आवश्यकता हो। महत्वाकांक्षी ''प्रधानमंत्री जन-धन योजना'' संसार का सफलतम वित्तीय समावेश कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत खोले गए 21 करोड़ से भी अधिक खातों में से 15 करोड़ खातें चालू हालत में हैं, जिनमें कुल मिलाकर 32 हजार करोड़ रूपए जमा हैं। यह कार्यक्रम मात्र बैंक खाता खोलने तक सीमित न रहकर गरीबी उन्मूलन का एक माध्यम बन गया है, जो निर्धनों को मूलभूत वित्तीय सेवाएं और सुरक्षा मुहैया कराता है।

सबको सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने तीन नई योजनाएं ''प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना'', ''प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना'' और ''अटल पेंशन योजना समाज'' शुरू की हैं, जो समाज के अब तक वंचित वर्गों को सुरक्षा एवं पेंशन मुहैया कराएंगी।

सरकार वर्ष 2022 तक सबको आवास प्रदान के लिए प्रतिबद्ध है। 25 जून, 2015 को प्रांरभ की गई प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राथमिक रूप से स्लम निवासियों, शहरी गरीबों तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों और समाज के निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए लगभग 2 करोड़ घर बनाने की योजना है। इस मिशन में आगामी 5 वर्षों में सभी 4041 शहरों को शामिल किया जायेगा। इस मिशन के तहत पहले वर्ष में

[*] Speech was laid on the Table.

ही 27 राज्यों के 2011 शहरों को शामिल किया गया है। चौबीस हज़ार छः सौ करोड़ रूपए की लागत से चार लाख पच्चीस हज़ार से अधिक घरों के लिए मंजूरी दी गई है।

किसी भी राष्ट्र का विकास बहुत हद तक वहां की युवा शक्ति पर आधारित होता है। आज हमारा देश विश्व का एक ऐसा देश है, जहां युवाओं की जनसंख्या सर्वाधिक है। किंतु, पिछली सरकार में युवाओं के विकास एवं उनके लिए समुचित अवसर उपलब्ध कराने पर गंभीरता से धन नहीं दिया गया। जिसके कारण युवाओं की बेरोजगारी भी पिछली यू.पी.ए. की सरकार की प्रमुख समस्या थी। वैसे बेरोज़गार युवाओं के लिए रोज़गार उपलब्ध कराने की बात एवं देश की आबादी के बड़े हिस्से को ''मेक इन इंडिया'', ''स्टार्ट अप इंडिया'' एवं ''स्किल इंडिया'' स्कीम के उद्देश्य से और अत्यधिक हुनरमंद बनाने की बात राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कही है। स्किल इंडिया मिशन में तेजी आ चुकी है और इसके अंतर्गत पिछले वर्ष के दौरान 76 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है।

देश में संपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा प्रणाली को सर्वसुलभ, किफायती और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर भी राष्ट्रपति जी ने इस सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया है तथा ''शिक्षित, स्वस्थ एवं स्वच्छ भारत'' के निर्माण की बात की है। स्वच्छ भारत की भावना इस बात में परिलक्षित होती है कि हमारे प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों और छात्राओं के लिए चार लाख सत्रह हजार शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। ''स्वच्छ भारत मिशन'' एक सामुदायिक अभियान का रूप ले चुका है।

इसके अलावा, राष्ट्रपति जी ने मई 2018 तक सभी गांवों में बिजली, सोशल मीडिया, आर्थिक नीति, कृषि-रेल नेटवर्क, हाई स्पीड ट्रेन, नमामि गंगे, जल क्रांति अभियान, जलमार्गों, स्वच्छ ईंधन, सुगम्य भारत अभियान, पर्यटन, शिक्षा, सुरक्षा इत्यादि विषयों पर सरकार की आगामी नीतियों का उल्लेख किया है, जो कि अपने आप में संतुलित है। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण के माध्यम से सरकार की आगामी नीतियों द्वारा देश की प्रत्येक जनता के विकास पर ध्यान दिया है। इस अभिभाषण से देश का हर वर्ग आशान्वित है।

***SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE):** On behalf of all Indians, I would firstly take this opportunity to extend my gratitude to the Hon'ble President of India, Shri Pranab Mukherjee, for clearly outlining the Government' vision for India through the President's Address delivered to the Joint Sitting of Two Houses of Parliament.

The Address reminded the elected representatives in Parliament, the Members of Parliament of the Lok Sabha and the Rajya Sabha, about the "trust reposed in us by your fellow citizens, about how "our Parliament reflects the supreme will of the people" and expressed confidence that "we will all be partners in the progress and development of our great country".

It called for "debate and discussion, and not disruption or obstruction" and I firmly believe that the power of constructive debate is the fuel powering India forward, and is, in effect, necessary for our democratic evolution. I take this opportunity to urge the Government to reach out to the Opposition for the smooth functioning of the Parliament, and for the Opposition to understand how India has always marched ahead on the back of constructive debate and never through destructive disruption.

The Address rightly points out how "being a member of this great institution bestows great honour as well as important responsibilities". However, the fact that the Government too has to consistently live up to its responsibilities should have been reiterated. The Government has failed to adequately protect the right to freedom of speech and expression (a Fundamental Right provided by the Constitution), has not succeeded in the endeavor of ensuring adequate protection to marginalized sections of society, who continue to be the victims of ruthless and condemnable violence, and has not made significant efforts to instill an assurance of safety in Indians of all faiths.

---

* Speech was laid on the Table

The Address pointed out how the Government is focused on "Garibon ki Unnati"(Poverty Eradication), "Kisano ki Samriddhi"(Farmer's Prosperity) and "Yuvaon ko Rojgaar"(Massive Employment Generation). While targeted interventions to uplift the poor, to ensure farmers' livelihoods, and to provide jobs to the youth are indeed commendable, it is important to mention how the Government has not been particularly effective in these respects. The Government has not laid out a clear time-bound action plan in relation to how to address farmers' suicides - all over India, due to deficient monsoons, inadequate market linkages, debt traps and sub-optimal Government support, our farmers continue to take their lives, and I urge the Government to recognize the urgency of ensuring adequate support for agriculture and I earnestly hope that the upcoming General Budget shall address the plight of our farmers. Poverty eradication requires a multi-dimensional approach - more jobs, an increase in agricultural productivity, Government support for the homeless, and access to formal credit markets (While the 'Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana' is a commendable initiative, the Government should monitor the operational effectiveness of the bank accounts opened under the Scheme and devise steps to encourage greater access to credit for the poor); "Massive employment generation", a stated goal for the Government, is yet to be realized, and the Government should devise mechanisms to monitor the effectiveness of existing Skill Development programs ("What percentage of trainees secure jobs?" and "are the skill imparted demand-driven?" are significantly important questions to be considered by the Government).

The Address mentioned how the Government has taken steps for strengthening agricultural higher education by setting up 109 new KVKs and 3 new Agricultural Technology Application Research Institutes. In this regard, I would like to bring to the Government's attention the potential for agricultural development in my Lok Sabha Constituency, Balasore (Odisha). Approximately, 90% of Balasore population resides in rural areas and a majority of the rural populace is engaged in agriculture - Despite Balasore being well connected by

National and State Highways, having a well-functioning law and order system and being highly congenial for industrial growth, its per capita income is just Rs. 19,268, which is well below Odisha' average of Rs. 28,834. Though Balasore houses around 3,900 small-scale units, its economy depends primarily on agriculture, and it has the highest number of cultivators (2.89 lakhs) for any district in Odisha. This indicates immense potential for the development for food processing and agro-based industries in the region. I would, therefore, in tandem with the Government's stated objective of "Kisaano ki Samriddhi", urge the Government to establish an Agricultural Technology Application Research Institute, a Mega Food Park, and projects under the Cold Chain Scheme in Balasore. I would also like to take this opportunity to reiterate my request to the Government in relation to extending the Chennai-Vizag industrial corridor to Odisha, particularly to Balasore.

A commendable step forward by the Government in the direction of rural development has been recently launched 'Shyama Prasad Mukherji Rurban Mission', which envisages creation of 300 rural growth clusters for local entrepreneurship, skills training and infrastructure provision. As mentioned earlier, approximately 90% of Balasore's population resides in rural areas and that Balasore's per-capita income is lower than the national average, that it is well-connected by State and National Highways, and that its geography is extremely well-suited for economic activity (it is situated between Bhubaneshwar and Kolkata) indicates how the Mission can have significant impact on rural livelihoods in Balasore. In that respect, I would request the Government and the Ministry of Rural Development to allocate 3 clusters under Shyama Prasad Mukherji Rurban Mission to Balasore to facilitate the overall development of the region by creating job-creators and by uplifting the poor. Relatedly, I urge the Government to set up rural livelihood and technology business incubators in Balasore to boost entrepreneurship in the agricultural and rural sectors.

To promote entrepreneurship, the Government recently launched the Start Up India Mission, and I would urge the Government to recognize the potential Odisha reflects in relation to first-generation entrepreneurs. With respect to last year, the State has performed significantly better in setting up businesses, allotments of land and obtaining construction permits, complying with environment procedure, tax procedures and carrying our inspections, as reflected in the recent World Bank report on the Ease of Doing Business in India. Hon'ble Chief Minister of Odisha, Shri Naveen Patnaik, has consistently reiterated his commitment to ensuring an environment conducive to investments and the actions of his Government in this respect have been recognized the world over, with Odisha proving to be the most sought-after State in the recently concluded Make in India Week in Mumbai, Maharashtra. That the capital of Odisha Bhubaneshwar, houses some of India's most acclaimed engineering and management institutes indicates its potential in relation to "Startups" - I request the Government to consider setting up start-up incubators in Odisha and to formalize support for budding entrepreneurs in Odisha through the Start Up Mission.

In relation to the Pradhan Mantri Mudra Yojana, I would urge the Government to set district-specific targets and hold Banks accountable for performance under the Scheme - the Scheme, if fully utilized, can, by providing access to fair finance, spur entrepreneurship and job creation at large scale. Also, the Government should ensure that credit camps are held in every district at regular intervals - While the existence of the Scheme is in itself commendable, last-mile awareness drives assumes great significance and are equally important.

With respect to the Government's Sagarmala project, aimed at the modernization of our ports and islands, I would like to reiterate my request to the Government to declare Baliapal Port in Balasore as a coastal economic zone.

With guidelines in relation to the protection of Good Samaritans from harassment in road accident cases is commendable, the Government needs to make efforts to enact a comprehensive Roads Safety legislation - In the last decade

alone, India lost 1.2 million people to preventable road accidents. Another 5.3 million are disabled and disfigured for life. Every hour, 16 lives are lost due to road crashes in India - the highest in the world, even superseding China. The Supreme Court of India called the problem of road accidents in India a National Emergency, and it is imperative that the Government addresses the systemic challenges plaguing the road transport sector and ensure road safety for our people.

The Address states that the focus of the Government in relation to space shall be on completing the constellation of the Indian navigational satellites in 2016 to cater to indigenous and location-based services. I would urge the Government to also include as one of its primary objectives the enactment of a National Space Law to protect India's Sovereign, commercial and public interests.

The Address mentions the Government's commitment to ensuring that economic development and environmental protection coexist. In that relation, I would like to draw the Government's attention to the Paradip Port region in Odisha, whose inhabitants are suffering from serious diseases as a result of the pollutants emitted from surrounding industrial units. Again, due to the absence of a modern medical care establishment, many have lost their lives as a result of industrial accidents. Hospitals in the area are simply not equipped with sound infrastructure. In this regard, I would request the Government to urgently set up a Super-Specialty Hospital in my constituency (Balasore, Odisha). I would like to reiterate my request to the Government in relation to renovating the British-era East Coast Canal, passing through my constituency, Balasore.

The significance of learning outcomes in education has not been emphasised in the Address - as far as focusing on outcomes in education is concerned, the Government should regularly carry out qualitative assessments through a country-wide policy (suitably catering to different regions).

I am of the firm opinion that the above points, if addressed adequately, can bring about significant progressive changes in India's social and economic landscape, and would, once again, like to thank the Hon'ble President of India, Shri Pranab Mukherjee, for guiding parliamentarians towards the noblest goals: serving the people of India to the best of their abilities.

**[*]SHRIMATI KAVITHA KALVAKUNTLA (NIZAMABAD):** The budget session of the Parliament is one major session where the entire eyes of the nation are set onto. Right from the Members of governing dispensation to all the Members of Parliament, from the corporate honchos to the ordinary entrepreneurs, from the normal salaried middle class to our less fortunate people and last but not the least both the print and visual media eagerly look forward to what is in store for them in the upcoming budget.

As one knows, the budget session of the Parliament begins with the President's address which is normally a report sheet of the Government's achievements in the past one year and this year the exercise did not differ.

The President's speech began with mention that the Government was committed to 'Garibon ki Unnati', Kisano Ki Samridhi' and Yuvaon ka Rojgar'. However a closer look at the data reveals that not all is well with our economy. For 'Garibon Ki Unnati' to actually happen at the ground level, the inflation has to come down. However, inflation which acts in a more cruel form than taxation takes away the precious earnings of the poor and leaves very little by way of savings. Inflation hit a 17-month high, rising 5.69% year-on-year in January 2016 from 5.41% in November 2015 with especially food prices escalating by 6.85%.

A closer look at the operational guidelines of the much touted Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana reveals that it falls way short of recommendations contained in Prof. M.S. Swaminathan's National Commission on Farmers Report of 2006 thereby taking the 'Kisano ki Samridhi' for a toss.

Despite the best and pro-active efforts of the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, the scenario for employment at the basic grass root level for the youth has not changed. There are a host of Ministries

---

[*] Speech was laid on the Table

running their own Skill Development initiatives and sometimes working at cross purposes. This does not augur well for our nation and especially for our demographic dividend that we proudly trumpet about.

In spite of the best efforts in garnering publicity for the Make in India program since the government came to power, all the indices of industrial production in the country have fallen drastically. The index of Industrial Production for capital goods fell from 234.9 in May, 2015 to 190.7 in November, 2015. So is the case with basic goods, consumer durables, consumer non durables and Intermediate goods. If our nation has to move forward on a concrete footing in the longer run, we have to ensure that our country is not just another place where goods from all over the world are sourced, assembled and exported and the global economic decline has shown that an export led strategy for growth in this highly volatile world can prove disastrous to the country sometimes leading to serious consequences also. So in that regard, urgent steps are required to boost up domestic demand. This is clearly not happening.

No less a person than the RBI governor had publicly called for a review of the methodology adopted for arriving at the revised GDP numbers last year.

The President's speech also mentioned that the Government was ensuring that our Armed Forces will be equipped with the most capable and sophisticated armaments in the world. However, the Government should be seriously concerned that almost 50% of the funds allocated of the modernization of the armed forces have lapsed.

Apart from that, even though the President mentioned about Mission Indhradhanush to revitalize the Public Sector Banks, special attention needs to be given by the Government to crack the whip on the wilful defaulters as well as providing sufficient re-infusement of liquidity to conform to the Basel-3 Norms.

On the whole, I would like to thank the President for addressing our august House and enunciating the achievements of the government. I hope that the Government will fulfil its responsibilities to the common man and sincerely wish that it would be reflected in the budget too.

***श्री पी.पी. चौधरी (पाली) :** माननीय राष्ट्रपति जी का दिनांक 23.02.2016 को अभिभाषण हुआ, परंपरानुसार सबसे पहले अभिभाषण पर धन्यवाद के लिए चर्चा होती है। इस चर्चा में सभी विषयों का समावेश जिन पर हमारी सरकार कार्य कर रही है, और करने जा रही है, क्योंकि राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार का सभी क्षेत्र में एक वर्ष के लिए एजेण्डे की घोषणा होती है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों को सही ठहराया है। घरेलू वातावरण को निवेश के लिए और अधिक अनुकूल बनाने की आवश्यकता के साथ-साथ सार्वजनिक व निजी निवेश तथा घरेलू व विदेशी निवेश, विशेष रूप से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ किसानों को उनकी उपज के लाभकारी मूल्य दिलवाने पर भी जोर दिया है।

फसलों की सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना लागू की गई है। किसानों को अधिकतम बाज़ार मूल्य दिलाने के लिए 585 नियमित थोक बाज़ारों को एक साथ जोड़ने वाले एक साझा ई-मार्केट प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। स्वदेशी उत्पादन और ऊर्जा के सही उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई यूरिया नीति 2015 अधिसूचित भी की गई है। पूर्वी राज्यों की कृषि क्षमता का भरपूर उपयोग करने के लिए द्वितीय हरित क्रांति लाने पर भी सरकार कार्य कर रही है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से निर्दिष्ट फूड पार्कों को सस्ता ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, मुद्रा, स्किल इंडिया आदि योजनाएं संचालित की गई है। विश्व बैंक की ''कारोबार करने में सुगमता'' (ईज ऑफ डुइंग बिजनेस) के मामले की नवीनतम रैंकिंग में भारत के स्थान में सुधार भी दर्ज हुआ है। विभिन्न बैंकों के माध्यम से ''प्रधानमंत्री की मुद्रा योजना'' से 2.6 करोड़ लोगों को एक लाख करोड़ से अधिक की धनराशि आवंटित की गई है। स्किल इंडिया मिशन अब तक 76 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

कल दिये गये महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सभी प्रमुख विषयों का समावेश किया गया है, चाहे वह देश की आंतरिक सुरक्षा का हो, विदेश नीति का हो, आधारभूत सुविधाओं का हो, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, किसानों की समस्या, किसानों की उत्पादकता बढ़ाने या भारत निर्माण योजना का हो। इसके अतिरिक्त, इस अभिभाषण में मुख्यतः राष्ट्रीय सूर्य ऊर्जा मिशन, रेल संबंधी विभिन्न योजनाएं, भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान, विदेशों से काला धन वापस लाया जाना तथा आम आदमी को सुलभ न्याय दिलाने संबंधी योजनाओं आदि का समावेश महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा किया जा रहा है।

---

* Speech was laid on the Table.

इन सभी योजनाओं के आधार पर देश उत्तरोत्तर वृद्धि करेगा तथा विकास दर की 9 प्रतिशत पर स्थिरता प्राप्त होगी। दलित, अल्पसंख्यक, किसानों व मजदूरों को विकास में पूर्ण भागीदारी प्राप्त होगी।

मैं महामहिम राष्ट्रपति जी को उनके अभिभाषण पर धन्यवाद प्रेषित करता हूँ।

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी):** उपाध्यक्ष महोदय, देश आज सचमुच बहुत खुश है कि जिस प्रकार से हमारे सभी सदस्य सदन को चला रहे हैं और जिस तत्परता के साथ बहस हो रही है, पूरा देश देख रहा है। हम सब इसके लिए बधाई के पात्र हैं। …(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** आपको भी हम बधाई देते हैं कि कोरम नहीं रहते हुए भी आप चला रहे हैं। …(व्यवधान)

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** कोरम है। …(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Now, the House will take up Private Members' Business.

**15.30 hours**

## MOTION RE: 18TH REPORT OF COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

SHRI RATTAN LAL KATARIA (AMBALA): I beg to move the following:-

> "That this House do agree with the Eighteenth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 25th February, 2016."

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That this House do agree with the Eighteenth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 25th February, 2016."

*The motion was adopted.*

__________

**15.31 hours**

## PRIVATE MEMBERS' BILLS-Introduced
### (i) Climate Change Bill, 2015*

SHRI KALIKESH N. SINGH DEO (BOLANGIR): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to set a target for the reduction of targeted greenhouse gas emissions; to establish a National Committee on Climate Change; to provide for carbon budgeting and carbon trading schemes and to encourage other such activities to reduce greenhouse gas emissions and for matters connected therewith or incidental thereto.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to set a target for the reduction of targeted greenhouse gas emissions; to establish a National Committee on Climate Change; to provide for carbon budgeting and carbon trading schemes and to encourage other such activities to reduce greenhouse gas emissions and for matters connected therewith or incidental thereto."

*The motion was adopted.*

SHRI KALIKESH N. SINGH DEO: I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

**15.31 ½ hours**

**(ii) Special Financial Assistance to the State of Odisha Bill, 2015***

SHRI KALIKESH N. SINGH DEO (BOLANGIR): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for special financial assistance to the State of Odisha for the purpose of promoting the welfare of the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and Other Backward Sections of people, welfare of agricultural labourers, assistance for relief and restoration of damaged infrastructure in the State due to recurrent natural calamities and for the development, exploitation and proper utilization of its resources.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for special financial assistance to the State of Odisha for the purpose of promoting the welfare of the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and Other Backward Sections of people, welfare of agricultural labourers, assistance for relief and restoration of damaged infrastructure in the State due to recurrent natural calamities and for the development, exploitation and proper utilization of its resources."

*The motion was adopted.*

SHRI KALIKESH N. SINGH DEO : I introduce** the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

** Introduced with the recommendation of the President.

**15.32 hours**

## (iii) Disclosure of Lobbying Activities Bill, 2015*

SHRI KALIKESH N. SINGH DEO (BOLANGIR): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to set up an Authority for registration of lobbyists; to provide for disclosure of lobbying activities that influence legislative and executive decision making in order to increase transparency in governance and for matters connected therewith.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to set up an Authority for registration of lobbyists; to provide for disclosure of lobbying activities that influence legislative and executive decision making in order to increase transparency in governance and for matters connected therewith."

*The motion was adopted.*

SHRI KALIKESH N. SINGH DEO : I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

**<u>15.32 ½ hours</u>**

## (iv)Hospital Acquired Infections (Prevention, Control and Mandatory Reporting) Bill, 2015*

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for a comprehensive inspection control policy and anti-microbial stewardship programme for hospitals and other healthcare facilities to prevent and control the incidents of hospital-acquired infections, mandatory reporting system for such infections and for matters connected therewith.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for a comprehensive inspection control policy and anti-microbial stewardship programme for hospitals and other healthcare facilities to prevent and control the incidents of hospital-acquired infections, mandatory reporting system for such infections and for matters connected therewith."

*The motion was adopted.*

SHRI PREM DAS RAI : I introduce the Bill.

---

HON. DEPUTY SPEAKER: Item No. 17 Shri Yogi Adityanath – not present. Item No. 18 Shri Yogi Adityanath – not present. Item No. 19 Shri Sushil Kumar Singh – not present. Item No. 20 Shri Jayadev Galla.

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

**<u>15.33 hours</u>**

## (v)Supreme Court of India (Establishment of a Permanent Bench at Guntur) Bill, 2016*

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the establishment of a permanent Bench of the Supreme court at Guntur.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the establishment of a permanent Bench of the Supreme court at Guntur."

*The motion was adopted.*

SHRI JAYADEV GALLA: I introduce ** the Bill.

---

**<u>15.33 ½ hours</u>**

## (vi) Constitution (Amendment) Bill, 2016*
***(Amendment of article 12)***

SHRI P.P. CHAUDHARY (PALI): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

*The motion was adopted.*

SHRI P.P. CHAUDHARY: I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.
** Introduced with the recommendation of the President.

**15.34 hours**

**(vii)Constitution (Amendment) Bill, 2016***

***(Amendment of article 66)***

SHRI P.P. CHAUDHARY (PALI): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

*The motion was adopted.*

SHRI P.P. CHAUDHARY: I introduce the Bill.

---

**15.34 ½ hours**

**(viii) National Commission for Sugarcane Farmers Bill, 2015***

SHRI RAJESH PANDEY (KUSHINAGAR): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the constitution of a National Commission for Sugarcane Farmers and for matters connected therewith and incidental thereto.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the constitution of a National Commission for Sugarcane Farmers and for matters connected therewith and incidental thereto."

*The motion was adopted.*

SHRI RAJESH PANDEY: I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

**15.35 hours**

## (ix)Population Control Bill, 2015*

SHRI RAJESH PANDEY (KUSHINAGAR): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to control the growth of population in the country and for matters connected therewith and incidental thereto.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to control the growth of population in the country and for matters connected therewith and incidental thereto."

*The motion was adopted.*

SHRI RAJESH PANDEY: I introduce the Bill.

---

HON. DEPUTY SPEAKER: Item No.25, Shri Harish Chandra Meena – Not present.

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

**<u>15.35 ½ hours</u>**

**(x)Special Financial Assistance for Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains in the State of Rajasthan Bill, 2015[*]**

**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़):** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि राजस्थान राज्य में स्थित कई पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों के उत्खनन सहित प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों की मरम्मत, नवीकरण और परिरक्षण की लागत को पूरा करने के लिए राजस्थान राज्य को विशेष वित्तीय सहायता का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for special financial assistance to the State of Rajasthan to meet the costs of repairs, renovations and preservation of ancient and historical monuments and archaeological sites and remains including excavation of new archaeological sites and remains situated in the State of Rajasthan."

*The motion was adopted.*

**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी :** महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित[**] भी करता हूं।

---

**<u>15.36 hours</u>**

**(xi) Supreme Court of India (Establishment of a Permanent Bench at Thiruvananthapuram) Bill, 2016[*]**

DR. A. SAMPATH (ATTINGAL): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the establishment of permanent Bench at Thiruvananthapuram.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the establishment of permanent Bench at Thiruvananthapuram."

*The motion was adopted.*

DR. A. SAMPATH (ATTINGAL): I introduce** the Bill.

---

[*] Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

[**] Introduced with the recommendation of the President.

HON. DEPUTY SPEAKER: Item No.28, Shri Pralhad Venkatesh Joshi – Not present.

Item No.29, Shri Pralhad Venkatesh Joshi – Not present.

Item No.30, Shri Pralhad Venkatesh Joshi – Not present.

**15.37 hours**

**(xii) Sikh Marriage Bill, 2016***

SHRI DHARAM VIRA GANDHI (PATIALA): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to amend and codify the law relating to marriage among Sikhs.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to amend and codify the law relating to marriage among Sikhs."

*The motion was adopted.*

SHRI DHARAM VIRA GANDHI: I introduce the Bill.

---

HON. DEPUTY SPEAKER: Item No.32, Shri Rajeev Satav—Not present.

**15.38 hours**

**(xiii)Nationalisation of Inter-State Rivers Bill, 2016***

**श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा):** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि राज्यों के बीच नदियों के साम्यपूर्ण जल वितरण के प्रयोजन के लिए अन्तरराज्यीय नदियों का राष्ट्रीयकरण और उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for nationalization of inter-State rivers for the purpose of equitable distribution of river water amongst the States and for matters connected therewith or incidental thereto."

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

*The motion was adopted.*

**श्री कीर्ति आज़ाद:** महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित भी करता हूं।

---

**15.39 hours**

**(xiv)Prevention and Punishment of the Crime of Genocide Bill, 2016***

**श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा):** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि जनसंहार अपराध का निवारण करने तथा दंड देने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide to establish a mechanism for prevention and punishment for the crime of genocide and for matters connected therewith."

*The motion was adopted.*

**श्री कीर्ति आज़ाद:** महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित भी करता हूं।

---

**15.40 hours**

**(xv) Euryale Ferox Nut Growers (Remunerative Price and Welfare) Bill, 2016***

**श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा):** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि मखाना उत्पादकों के लिए लाभकारी मूल्य का संदाय करने, मखाना की फसल का निःशुल्क बीमा करने और मखाना उत्पादकों के समग्र कल्याण तथा उससे संस्कत विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for payment of remunerative price to euryale ferox nut growers, insurance of

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

euryale ferox nut crop free of cost and for overall welfare of euryale ferox nut growers and for matters connected therewith."

*The motion was adopted.*

**श्री कीर्ति आज़ाद:** महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित भी करता हूं।

---

HON. DEPUTY SPEAKER: Dr. Kirit Somaiya – Not present.

Shri Rabindra Kumar Jena.

**15.41 hours**

### (xvi)Representation of the People (Amendment) Bill, 2016*

SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Representation of the People Act, 1951.

HON. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Representation of the People Act, 1951."

*The motion was adopted.*

SHRI RABINDRA KUMAR JENA : I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

**15.41 ½ hours**

**(xvi) Victims of Accident (Equal Compensation) Bill, 2016***

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** मैं प्रस्ताव करता हूं कि सरकार द्वारा दुर्घटनाओं में प्रभावित होने वाले व्यक्तियों के लिए समान प्रतिकर और तत्संसक्त तथा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for equal compensation to victims of accidents by the Government and for matter connected therewith and incidental thereto."

*The motion was adopted.*

**श्री गोपाल शेट्टी :** मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

**15.42 hours**

**(xviii) Homeless Pavement Dwellers (Welfare) Bill, 2016***

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** मैं प्रस्ताव करता हूं कि महानगरों और अन्य शहरी क्षेत्रों में किसी भी सार्वजनिक स्थान में सड़कों की पटरियों पर पुलों, उपरि-पार पथों के नीचे, बस पड़ावों, रेल यार्डों, बगीचों में या खुले आसमान के नीचे रह रहे बेघर नागरिकों के लिए राज्य द्वारा किए जाने वाले कल्याणकारी उपायों तथा तत्संसक्त या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the welfare measures to be undertaken by the State for the homeless citizens living on the pavements of roads, under the bridges, flyovers, bus stops, railway yards, in parks or under the open sky in any public place in the Metropolitan cities and other urban areas, and for matters connected therewith or incidental thereto."

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

*The motion was adopted.*

**श्री गोपाल शेट्टी :** मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

**15.43 hours**

**(xix)Special Financial Assistance to the State of Maharashtra Bill, 2016***

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** मैं प्रस्ताव करता हूं कि महाराष्ट्र राज्य में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों के लोगों और कृषि श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा देने, अवसंरचना और पिछड़े जिलों के विकास, इसके संसाधनों के दोहन और उचित उपयोग के प्रयोजनार्थ महाराष्ट्र राज्य को विशेष वित्तीय सहायता और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for special financial assistance to the State of Maharashtra for the purposes of promoting the welfare of the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Sections of the people and agricultural labourers, development of infrastructure and backward districts, exploitation and proper utilisation of its resources and for matters connected therewith."

*The motion was adopted.*

**श्री गोपाल शेट्टी:** मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

**<u>15.43 ½ hours</u>**

## (xx)Constitution (Amendment) Bill, 2016*
### *(Insertion of new part IVB)*

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार) :** मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

*The motion was adopted.*

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक :** मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section -2 dated 26.02.2016.

**15.44 hours**

**PRIVATE MEMBERS' BILL -Under Consideration**

**(i)Compulsory Voting Bill, 2014 – Contd.**

HON. DEPUTY SPEAKER: Now, we shall take up Item No. 42 – Further consideration of the following motion moved by Shri Janardan Singh 'Sigriwal' on the 13th March, 2015, namely:-

> "That the Bill to provide for compulsory voting by the electorate in the country and for matters connected therewith, be taken into consideration."

Shri Devendra Singh Bhole

**श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर):** उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे पुनः एक ऐसे विषय पर बोलने का अवसर दिया, जो लोकतंत्र का एक सबसे महत्वपूर्ण काम है। 'अनिवार्य मतदान की आवश्यकता' जैसे महत्वपूर्ण बिल पर अधूरी चर्चा को आगे बढ़ाते हुए मैं कहना चाहूंगा कि भारत के देशभक्त और जागरूक नागरिकों के लिए यह देश ज़मीन का टुकड़ा भर नहीं है, बल्कि मन्दिर है और इसको चलाने वाली मतदान आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था उनका धर्म है।

महोदय, जिस तरह धर्म को थोपा नहीं जाता, बल्कि संस्कारों के जरिए वह व्यक्ति के जीवन का अभिन्न, अविभाज्य और अनिवार्य अंग बन जाता है, उसी तरह मतदान को हमें देश का राजनीतिक संस्कार बनाने की कोशिश करनी चाहिए। लेकिन इसके साथ एक विचारणीय प्रश्न यह भी है कि मतदान जिससे आम आदमी के भाग्य और भविष्य का सीधा सरोकार है उसके प्रति चेतना का इतना अभाव आखिर क्यों है? आखिर क्या वजह है कि हर चुनाव के बाद निर्वाचित सरकारों और जन प्रतिनिधियों को पूरे पांच साल कोसते रहने वाले लोग मतदान के दिन पांच मिनट के लिए पोलिंग बूथों तक जाने की जहमत भी नहीं उठाते? सोचना यह है कि आजादी के बाद ऐसे लोगों को प्रखर चेतना, चैतन्य और उत्तरदायी बनाने के लिए आखिर हमने क्या किया?

यह संतोष का विषय है कि अब चुनावों से काफी पहले निर्वाचन आयोग, स्वयं सेवी संस्थाओं और मीडिया समूहों की ओर से वोटर जागरूकता के अभियान चलाये जाते हैं। इन अभियानों के साथ-साथ शिक्षा के प्रचार-प्रसार से भी मतदान के प्रति लोगों, खासकर नई पीढ़ी के लोगों का रूझान बढ़ा है। लेकिन तथ्य यह भी है कि चुनाव आयोग के द्वारा अरबों रूपए खर्च किए जाने के बावजूद कमोवेश आधे या उससे कम लोग मतदान करने नहीं जाते, जो बहुत विचारणीय प्रश्न है। यहां उल्लेखनीय यह है कि करीब 10 करोड़ से

शुरू हुआ निर्वाचन आयोग का खर्च आज 1200 करोड़ तक जा पहुंचा है। आज निर्वाचन आयोग प्रति वोटर करीब 33 रूपए खर्च कर रहा है, इसके बावजूद अगर आधे लोग मतदान में भाग लेते हैं तो यह खर्च दो गुना अपने आप हो जाता है।

महोदय, दुनिया में करीब 32 ऐसे देश हैं, जिन्होंने अपने यहां अनिवार्य मतदान की व्यवस्था कानून बनाकर लागू की। ऐसे कानून 1892 से लेकर 1904 तक बनाये जाते रहे। ये देश आबादी में भले ही छोटे हों, लेकिन अनिवार्य वोटिंग के कानून ने वहां के मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया है, जबकि अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मन, इटली, फ्रांस और आस्ट्रिया जैसे देश भारत की भांति स्वैच्छिक मतदान की प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हैं। हमें सम्यक रूप से दोनों व्यवस्थाओं के गुण दोष के आधार पर विचार कर ऐसा मध्य मार्ग तलाशना चाहिए, जिससे मतदान कानूनी डंडे से नहीं, बल्कि आत्मप्रेरणा और संस्कार से बाध्यकारी बने।

महोदय, मेरा मानना है कि जो लोग वोट नहीं देते हैं, उनकी संख्या मात्र 40 से 45 प्रतिशत ही है। वे लोग वोट की कीमत नहीं समझ रहे हैं। इसे हमें समझाना है, उन्हें बताना है कि इसके साथ देश का ही नहीं, उनका अपना भविष्य भी जुड़ा है और यह बहुत ही जरूरी है। अगर हम सचमुच मतदान के जरिए सहभागिता को बढ़ावा देना चाहते हैं तो हमें मतदान के प्रक्रियागत तौर-तरीकों पर भी गौर करने और उनमें आवश्यक सुधार तथा परिमार्जन करने की आवश्यकता है।

महोदय, दिन पर दिन कारोबारी होते जा रहे देश के युवा और टेक्नोक्रेट भले ही देश प्रेम के जज्बे से भरे हों, राष्ट्रीय निर्णयों में सहभागिता की उनमें अदम्य इच्छा हो, लेकिन गर्मी, सदी, बरसात और लम्बी मतदाता कतारों में धैर्यपर्वूक खड़े रह पाना और कई बार मतदान केन्द्रों पर अशांति और कानून व्यवस्था की चुनौतियों से दो चार हो पाना उनके लिए असहज ही नहीं, असंभव सा लगता है।

ऐसे में क्या यह उपयुक्त नहीं होगा कि निर्वाचन आयोग सूचना और संचार क्रांति के इस युग में बैलेट और ईवीएम को, ई-वोटिंग को अपनी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर लाये। इसके साथ ही निर्वाचन की अवधि को एक दिन या घंटों में बांधने के बजाए पखवाड़े या महीने भर के लिए उन्मुक्त रखी जाए, ताकि प्रशिक्षित और कारोबारी मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार सुविचारित तरीके से अपना मतदान कर सकें।

महोदय, मेरा मानना है कि जन चेतना के अभियानों को और घनीभूत, नियमित और निरन्तर बनाते हुए अगर प्रक्रिया की सहूलियतें बढ़ा दी जाएं तो देश का भविष्य बनाने ओर संवारने को उत्सुक युवा पीढ़ी खुद-ब-खुद मतदान प्रतिशत को अपेक्षाओं से ऊपर ले जाकर लोकतंत्र की मजबूती के प्रतिमान गढ़ देगी

और फिर शायद अनिवार्य मतदान का कानून बनाने की आवश्यकता ही महसूस न हो, जबकि यह आवश्यक है। जिस समय हम परतंत्र थे, इस देश में राजतंत्र हुआ करता था। राजतंत्र का राजा रानी के पेट से पैदा होता था, लेकिन आज लोकतंत्र में प्रजातंत्र का राजा मतपेटी से पैदा होता है। इसलिए यह जो महत्वपूर्ण लोकतंत्र का मंदिर है, इसके मार्फत, इसके मध्य आप सबके बीच मैं कहना चाहूंगा कि मतदान को अनिवार्य बनाने के लिए जो भी उचित व्यवस्था हो, उसे हम सबको मिलकर करना चाहिए, धन्यवाद।

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Sir, I rise to speak on the Compulsory Voting Bill, 2014 moved by Shri Janardan Singh Sigriwal.

In his interest to make our democracy more effective, he has brought this Bill where non-voting may entitle a fine of Rs. 500; or two day's imprisonment; or forfeiture of ration card; be rendered ineligible for contesting any election; be ineligible for allotment of a plot or a house in a Government-owned organization; be ineligible to get loan; be ineligible for entitlement to any welfare scheme; and if the person is an employee of the Government, then he will be punished with forfeiture of ten days' salary and delay in promotion for two years.

Our hon. Member has tried to make democracy more effective by imposing coercive steps on the voter. At the outset, let me state that I am totally opposed to the Bill. This Bill goes against the basic spirit of democracy and I do not know wherefrom he has got this idea. I am told that in Gujarat some sort of compulsory voting was tried in Panchayat elections and it has not succeeded. I am surprised that this law has been brought in the Parliament.

Now, of course, for some of my facts, I am grateful to Shri D.V. Sadananda Gowda, the Law Minister. He will ultimately have to reply to the Bill, and I am sure that he has got all this material. Some of my material I have got from him. The Member has said in the Statement of Objects and Reasons that :

> "… it has been seen that only about 50 per cent of the eligible voters exercise their right to vote. During all the elections in the country, it has been observed that the number of actual voters is far below the number of eligible voters. Therefore, voting is very low. …

He states that the low voting percentage is becoming worse with every elections and voting is, therefore, made compulsory. It further states that :

> "… The Bill seeks to make voting compulsory for all the electors subject to certain restrictions so that the voting percentage in the country is increased. However, the citizens who are either physically incapacitated or have *bona fide* reasons have been given exemption under the Act…"

Now, our right to vote is given according to our Constitution. The biggest gift of the Constitution drafted by luminaries such as Pandit Jawaharlal Nehru, Shri Vallabhbhai Patel, Dr. Rajendra Prasad and, of course, Dr. B. R. Ambedkar, who was the Law Minister under Pandit Nehru's Government and who was also the Chairman of the Drafting Committee of the Constitution framed this Constitution. The basic principle is 'one man one vote'. The President of India will have one vote and the poorest *Harijan* will have one vote. This is the strength of our democracy and it has been seen that though many people in the country may be illiterate, our voters have always voted with their feel and they have shown that they have overthrown powerful leaders in the country. They overthrew Shrimati Indiraji in 1977 and they brought her back in 1980. They have proved that throughout the country, in spite of all the divisions of caste, creed and religion that we have, it is possible to have a uniform view.

Now, what we have to understand is that this voting is basically a right that is given to people. Now, it is up to people whether to exercise that right or not. Article 19 (1) of the Constitution guarantees freedom of speech and expression. If somebody says, "I am not going to vote because I do not believe in this system", then that person also has a right to exist. In fact, in our country, though these days 'sedition' is being used rather injudiciously, I think that even somebody who does not believe in the unity of India has a right to express himself. We may not agree; the majority may not agree.

You remember, Sir, in Tamil Nadu, when DMK was formed originally, Annadurai Ji designed a flag for Dravidistan showing Tamil Nadu in a different colour. Nobody charged him with sedition.

HON. DEPUTY-SPEAKER: In 1962, when he spoke in Rajya Sabha about what you said just now, at that time, the Constitution has not barred any talk about separation. Afterwards, in 1963, the Constitution was changed whereby nobody can disintegrate India. That change is there. So, you cannot quote Annadurai and say that he said this at that time. That is a different issue.

PROF. SAUGATA ROY : Sir, Annadurai was a great leader and he was the man who overthrew 20 years of Congress monopoly in Tamil Nadu and came to power in 1967. He was a revered disciple of Periyar Ramasamy Naicker, but later he left Periyar on the ground of Periyar's marriage and formed his own DMK Party. That Dravidian style of politics is still dominating in Tamil Nadu even today. The present Government in Tamil Nadu follows that. All I am trying to say is that Annadurai also had this thought that there should be a separate Dravidistan. Jawaharlal Nehru was alive at that time, but no sedition case was brought against him. This is the strength of the Indian democracy.

Sir, over the last 68 years, we have had peace accords with fissiparous forces and secessionist forces in this country. The Government of India signed an accord with Akalis in Punjab, some of whom were demanding Khalistan. We signed an accord with Nagas, who wanted a separate Naga country. We signed an accord with Mizos where Laldenga had declared an independent Mizoram. We had signed an accord with Tripura rebels and also with Bodoland people. In our country, even in Tripura, where my friend comes from, the Communist Party, at one time, wanted a separate country for the tribals. In fact, they had even supported Gorkhaland in Bengal at one time. That was their view. They wanted that no Bengali Hindu should come into the tribal areas, and the Communist Party of India (Marxists) led that agitation in Tripura.

SHRI JITENDRA CHAUDHURY (TRIPURA EAST): That is not correct, Sir.

PROF. SAUGATA ROY : You may please clarify, but what I am saying is that all these forces have been integrated into the Union of India. Democracy is the strongest weapon. … (*Interruptions*)

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) :** लेकिन किसी ने भी पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा नहीं लगाया।…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** इंडिया अगर इतना कमजोर हो गया कि कुछ बच्चों के एक यूनिवर्सिटी में पाकिस्तान जिन्दाबाद करने से मुल्क टूट जाएगा और उसे सैडिशन चार्ज लगाना है, this is ham-handed handling and foolish thinking of the ruling Party that is landing them in trouble everywhere. That is why you are not being able to control the Jat agitation in Haryana for the last few days where hundreds of crores of property have been destroyed.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) :** यह हरियाणा थोड़ी है। …(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** हरियाणा जल रहा है। महिलाओं का बलात्कार हो रहा है। बहुत खराब हालत है।…(व्यवधान) आप मध्य प्रदेश से हैं। आप जरा हरियाणा के बारे में देखिए।…(व्यवधान) वहां महिलाओं की इज्जत जा रही है।…(व्यवधान) वहां आपकी सरकार है। आपको कुछ करना चाहिए।…(व्यवधान) Sir, my BJP friends are getting excited by what I am saying, but that is not my intention.

**<u>16.00 hours</u>**

…(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Nothing will go on record except what Prof. Saugata Roy speaks.

… (*Interruptions*)… *

HON. DEPUTY SPEAKER: Prof. Saugata Roy, you address the Chair.

… (*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY: But, Shri Bidhuriji and Shri Gajendra Singh Shekhawatji are all hon. Members. Shri Gajendra Singh Shekhawatji is related to the former Vice President. When they say something, I must listen to them with

* Not recorded.

care. … (*Interruptions*) बिधुड़ी जी अभी आप चुप हो जाइए, मैंने आपकी बात सुनी, मुझे बोलने दीजिए।

SHRI KIRTI AZAD (DARBHANGA): He is talking about Rohtak. What if, people in Cooch Behar ask for a separate State? What will he do then? Is this a platform to bring that topic?… (*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY: No, it is a very serious topic. Democracy is being threatened. … (*Interruptions*)

SHRI KIRTI AZAD : Should I tell him about the kind of arson that has taken place in Cooch Behar?… (*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY: It is a serious matter. I am concerned. Before I come to the subject proper, I will tell you my own experience. … (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: You just come to the subject.

PROF. SAUGATA ROY: I was a student leader of the Congress in the 1960s. In the college where I studied was Presidency College which was supposed to be the centre of the Naxalites at that time. I told them that they would never have an agrarian revolution and they would never create a classless society, dictatorship of the Proletariat in India. I will stand by my principles. They beat me up; they subjected me to life threat. But I did not budge. I told them that one day they would change their views. Most of these Naxalites boys later became Government officers, LIC officers and big officers. Students have this fascination for extremist ideology. But they leave the college and university, they become normal citizens. I sometimes meet those who were saying that China's Chairman is our Chairman. It was also an anti-national slogan which we had opposed. But those people changed their views. Democracy should not be so brittle. India should not be so brittle.

**<u>16.03 hours</u>** (Shri Hukmdeo Narayan Yadav *in the Chair*)

कुछ बच्चे स्लोगन उठाएं और उसे लेकर केन्द्र सरकार उस पर टूट पड़े, इसे अंग्रेजी में कहते हैं Ham-handed handling of a situation. छोटी सी सिच्यूएशन को बढ़ा देते हैं, यही मैं आपसे कहना चाहता हूं। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** इस विषय पर बहस नहीं है, इन्हें बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** प्रह्लाद पटेल जी, मैं इस बात को लेकर क्यों आया …(व्यवधान) क्योंकि मैं लोकतंत्र के पक्ष में बोल रहा था। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** बिधुड़ी जी, आप बैठ जाइए, इनको बोलने दीजिए, इन्हें विषय पर लाने के लिए हम बैठे हैं।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सौगत राय के सिवा कोई बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** 10 बच्चों को बोलने से कुछ नहीं होता।

**माननीय सभापति :** सौगत राय जी, आप भी विषय पर आइए।

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** मैं चेयरमैन के साथ छठी लोक सभा में था अभी तीन-चार सदस्य ही यहां बचे हुए हैं। उसमें मैं और चेयरमैन साहब हैं। आप जानते हैं कि उस समय लालू यादव और राम विलास पासवान थे, आडवाणी जी भी उस समय नहीं थे राज्य सभा में थे। हम बहुत दूर तक एक साथ चलकर आये हैं। आपको धीरज है, आपने सब कुछ देखा है। अभी भी पुराने सोशलिस्ट हैं, जो टॉवल पहनते हैं। आप समझेंगे।

बिधूड़ी जी, मैं एक ही बात ही कहना चाहता हूं कि मेरी उम्र ज्यादा है। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप विधूड़ी जी को मत कहिए।

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय:** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से विधूड़ी जी को कहना चाहता हूं कि लोकतंत्र में धीरज सबसे बड़ी बात है। आपकी नाराजगी अच्छी बात नहीं है। बीजेपी दिल्ली में लोक सभा की सातों सीटें जीतीं, लेकिन विधान सभा के चुनाव में केवल तीन सीटें मिलीं, क्योंकि बिधूड़ी जैसे लोग अचानक नाराज हो जाते हैं, इसलिए जनता आप पर नाराज हो जाती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप अब अपने विषय पर आयें।

…(व्यवधान)

PROF. SAUGATA ROY: Sir, I will come back to the main point. After having given my thesis on democracy, let me come back to the main point which is, I am opposed to this compulsory voting and this fine and everything imposed on us.

Sir, I told you that I have got some of my facts from hon. Law Minister Sadananda Gowda. I found out a comment by the Law Commission. The Law Commission does not recommend compulsory voting. The Law Commission is the highest law body of the country. It says that it will not work in a vast country like India.

यह पहली बार नहीं है कि कम्प्लसरी वोटिंग का सवाल हाउस में आया। इससे पहले भी श्री बी.एस. रावत एक मैम्बर थे, जो वर्ष 2004 में ऐसा एक विधेयक लाये थे। श्री जे.पी. अग्रवाल कांग्रेस के मैम्बर थे, जो इस बार हार गये। वे भी वर्ष 2009 में ऐसा एक विधेयक लाये थे। उन दोनों समय पार्लियामैंट ने उस विधेयक को रिजैक्ट कर दिया, क्योंकि हमारे देश की आबादी 125 करोड है और 80 करोड के लगभग हमारा इलेक्टोरेट है। शायद उसमें से 10 करोड़ या 20 करोड़ लोगो ने भी वोट नहीं दिया। यदि आप उन पर 500 रुपये का फाइन इम्पोज करेंगे, तो उस फाइन को कलैक्ट करना कितना मुश्किल होगा, इसे आप समझिए। क्या यह सारे मुल्क में हलचल नहीं पैदा कर देगा? इसलिए हमें इन सब में नहीं जाना चाहिए। अमेरिका में प्रेंजिडेंशियल इलैक्शन को लेकर हम अखबार, टीवी में काफी कुछ देखते हैं। शायद आपको पता होगा कि अमेरिका में केवल 45-46 परसेंट ही वोटिंग होती है। हिन्दुस्तान में जब मोदी जी की हवा उठी, अभी गिर गयी, ...(व्यवधान) उस समय भी 60-70 परसेंट लोगों ने वोट दिया था। ...(व्यवधान) हम बंगाल में स्वाइप करेंगे। ...(व्यवधान) कोई भी नहीं रहेगा। हम दूसरी पार्टियों पर झाडू से स्वाइप कर देंगे। ...(व्यवधान) आप बंगाल के बारे में मत सोचिए। ...(व्यवधान) आप उसे छोड़कर बाकी हिन्दुस्तान की बात कीजिए। ...(व्यवधान) मेरा कहना है कि यह इम्प्रैक्टिकल है। इतने बड़े मुल्क में आप इसे इंट्रोड्यूस करेंगे। हम सारी दुनिया में कहते हैं कि सीम्लैस डिलीवरी। बहुत लोगों का कहना है कि रास्ते में जो टोल टैक्स देना पड़ता है, उसे अबालिश करना चाहिए। आप स्मार्ट कार्ड दे दीजिए, ताकि लोग ट्रैवल कर सकें। अगर आप एक बड़ी प्रॉब्लम सरकार पर लादेंगे, तो क्या सरकार उसे इम्प्लीमैंट कर पायेगी? Election Commission can send a list of names of those who have not voted. लेकिन इलैक्शन कमीशन का अपना स्टाफ बहुत कम है। वह स्टेट गवर्नमैंट और सैंट्रल गवर्नमैंट के इम्प्लायज से काम करते हैं। इलैक्शन कमीशन इसे इम्प्लीमैंट नहीं कर पायेगा। वैसे भी हमारे वोटर लिस्ट तैयार करने में कितनी गलतियां रह जाती हैं। उसमें बहुत सारे फॉल्स नेम रहते हैं, जिस कारण बहुत से लोग एलीमिनेट हो जाते

है। मैं आपको दो-चार उदाहरण देना चाहता हूं। ऐसा नहीं है कि किसी भी देश में कम्प्लसरी वोटिंग नहीं है, लेकिन लोग आहिस्ता-आहिस्ता उसे छोड़ रहे हैं। Fiji abandoned compulsory voting in 2014. फिजी जहां भारतीय लोग रहते हैं, वह एक आईलैंड है।

Chile abandoned it in 2012; Austria in 2004. Many countries which still have a law like Egypt, Greece, Mexico, Paraguay and Thailand have stopped enforcing it. उसे लागू नहीं किया। The Netherlands abolished it in 1967. We know, The Netherlands is a small country but a developed country in Europe. They gave three reasons for abolishing it. They said that the right to vote was a right and it was up to a person whether he would exercise it or not. हमारा अधिकार है, लेकिन हम इस अधिकार को लागू करना चाहते हैं कि नहीं यह हम पर निर्भर करता है। ऐसे बहुत देश है, पेरु में राशन कार्ड पर छाप देते हैं कि वोट नहीं देने से राशन नहीं मिलेगा। Thirdly, it would be better to ask the political parties to gather the voters to the polling booth. कुछ देशो में ऐसा है, फाइन तो कम है। मैंने जैसा कहा कि बहुत एडवांटेज दिए जाते हैं। You would not get a social security card; you would not get a ration card. पेरु, ब्राजील और बेल्जियम में स्ट्रिक्टली यह लॉ लागू किया है। लेकिन हमारे जैसे देश में, 125 करोड़ की आबादी वाले देश में यह नहीं चलेगा। यहां छोटी-मोटी चीज को लेकर कितनी गड़बड़ हो रही है। जाट रिजर्वेशन के मामले में पूरे हरियाणा में आग लग गई, आगज़नी हो गई और करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ।...(व्यवधान) पटेल रिजर्वेशन को लेकर गुजरात में कितना आंदोलन हुआ। ...(व्यवधान) मालदा में एक भी आदमी नहीं मरा लेकिन हरियाणा में रोहतक में एक दिन की पुलिस फायरिंग में 11 लोग मर गए।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप विषय पर बोलिए।

...(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** हमारे मुल्क में और समस्या नहीं बढ़ानी चाहिए। ...(व्यवधान) पटेल जी कुछ कहना चाहते हैं। यह अच्छी बात बोलते हैं, मजदूर की बात बोलते हैं।

**माननीय सभापति :** आप कन्कलूड होने दीजिए।

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल:** मालदा में संसदीय समिति को जांच के लिए नहीं जाने दिया।...(व्यवधान)

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) :** आप न मालदा के बारे में बालेंगे, न शारदा के बारे में बोलेंगे।

**प्रो. सौगत राय :** महोदय, मैं मालदा और शारदा के बारे में बोल सकता हूं।

**माननीय सभापति :** शांत रहिए।

...(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** मालदा में एक भी आदमी नहीं मरा, हां कम्युनली चार्ज्ड सिचुएशन हुई थी। मॉब में ज्यादा लोग मुसलमान थे, थाना जला दिया था, पुलिस की जीप जला दी थी। लेकिन सरकार ने इतनी सूझबूझ के साथ कदम उठाया कि पुलिस को गोली नहीं चलानी पड़ी। उस समय बीजेपी के लोगों ने सोचा कि यह हिंदू मुसलमान इश्यू है इसलिए उधर पहुंच जाएं लेकिन हम लोगों ने घुसने नहीं दिया।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप विषय को समाप्त करें।...(व्यवधान)

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) :** राष्ट्र की संपत्ति को जला दिया गया।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सौगत राय जी के अलावा कोई बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

...(व्यवधान)...*

**माननीय सभापति :** आप इस विषय को क्यों ला रहे हैं?

...(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** इसलिए बिधुड़ी के इलाके में इतनी बड़ी हार विधान सभा में हुई। यह नाराज हो जाते हैं, चिल्लाते हैं, लोगों की बात सुनने का धीरज नहीं है।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप विषय पर बोलिए और विषय को समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि मालदा में कुछ नहीं हुआ, पूरी सिचुएशन काबू में है। कुछ लोग शारदा के बारे में पूछते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आर्डर किया कि सीबीआई जांच करे। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** इस विषय से इसका क्या संबंध है? आप इतने सीनियर सदस्य हैं।

...(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** महोदय, ये चिल्लाते हैं, अगर मैं जवाब नहीं दूंगा तो कहेंगे कि मैंने मान लिया जबकि मैंने तो माना नहीं है। जवाब तो देना चाहिए।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

---

* Not recorded.

**प्रो. सौगत राय :** महोदय, सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट ने केज्ड पैरट बोला। केज्ड पैरट पर सरकार कुछ भी कार्रवाई करे, हमारा क्या है। कोई रिस्पांसिबल आदमी उसके खिलाफ कदम उठाए, हमें क्या कहना है। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए। मैं अगले वक्ता को बुला रहा हूं।

...(व्यवधान)... *

**प्रो. सौगत राय :**हम तो किसी से मतभेद नहीं चाहते हैं। दिल्ली के एमएलए ....* ने जर्नलिस्ट को पीटा, उसे बिना अरैस्ट किए छोड़ दिया, यह सब नहीं होना चाहिए। ...(व्यवधान)इस मुल्क में सहनशीलता चाहिए और सहनशीलता के अभाव के कारण बीजेपी नीचे जा रही है और आप यह अपनी सहनशीलता वापस लाइए। इसीलिए तो केजरीवाल की झाडू ने आप लोगों को दूर निकाल दिया।...(व्यवधान) धन्यवाद।

---

* Not recorded.

**श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) :** माननीय सभापति जी, मैं माननीय सांसद जनार्दन सीग्रीवाल जी द्वारा प्रस्तुत विधेयक अनिवार्य मतदान विधेयक पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। निश्चित रूप से जब आदरणीय सौगत राय जी के बाद बोलने का मौका मिले तो उनके जैसे न हम लोग अनुभवी हैं और न हमने शोध किया है और न हम ज्ञानी हैं। लेकिन फिर भी जो बातें दिमाग में आती हैं, उन्होंने बहुत सारे उदाहरण दिये और एक बात और कही कि पूरी चिन्ता कीजिए लेकिन बंगाल को छोड़ दीजिए।...(व्यवधान) यानी बंगाल को छोड़कर आप चिन्ता कीजिए और अनिवार्य मतदान के रास्ते से ही बंगाल का समाधान निकलता है, इसलिए उसका विरोध करते हैं। क्यों विरोध करते हैं क्योंकि बंगाल में एक प्रक्रिया बूथ जाम करने की चलती है। वह बूथ कैपचरिंग नहीं, बूथ को साइलेंट रूप से लाइन लगाकर जाम कर दो और जब मतदान अनिवार्य हो जाएगा तो पोल पट्टी खुल जाएगी, दुनिया जान जाएगी और आपने उदाहरण दिया कि जे.एन.यू. या किसी विश्वविद्यालय में कहीं कुछ हो रहा है तो उसको ऐसे ही छोड़ दो, इग्नोर करो। अब पता नहीं, उनके जितना विद्वान तो हम हैं नहीं और न ही हमें जानकारी है। लेकिन अनेक लोगों ने बलात्कार जैसे मामले में भी इग्नोर करने की बात कही है। लेकिन अगर इस प्रकार की प्रवृत्तियों को, तरीकों को अगर हम शुरु से ही प्रोत्साहन देते रहेंगे तो हम किस ओर जाएंगे? उन्होंने नक्सल आंदोलन के उन्मूलन की बात कही और वह एल.आई.सी. का अफसर बन गया। मेरे भी ध्यान में है कि सौगत दा पहले कांग्रेस में थे। सिद्धार्थ शंकर राय ने बंगाल के मुख्य मंत्री रहते हुए नक्सलवाद के आंदोलन को किस तरह से समाप्त किया या कुचल डाला, उसकी चर्चा आज अगर हम करें तो बड़ा खराब लगेगा।

इसलिए अनिवार्य मतदान उन सभी लोगों को नागवार गुजरेगा जो नहीं चाहते हैं। हां, दिनेश गोस्वामी समिति ने कभी यह रिपोर्ट दी थी कि अनिवार्य मतदान की संभावना नहीं है और उसी के तहत हमारे टी.एन.शेषन साहब ने भी कहा था कि व्यावहारिक नहीं है। लेकिन जब दुनिया में चिली और बाकी देशों का उन्होंने उदाहरण दे दिया कि वहां यह अनिवार्य मतदान की प्रक्रिया समाप्त हो गई लेकिन लगभग अभी भी दुनिया के 32 देशों में आज भी अनिवार्य मतदान लागू है और उसमें ब्राजील जैसा बड़ा देश भी है। हां, हमसे बड़ा देश चाइना है। लेकिन चाइना की वह पद्धति नहीं है। न उनका लोकतंत्र में विश्वास है, इसलिए वहां लागू नहीं होगा ।

इसलिए निश्चित रूप से अनिवार्य मतदान हमें लागू इसलिए भी करना चाहिए क्योंकि इसके माध्यम से हम लोगों का लोकतंत्र में विश्वास पैदा करेंगे और भारत अपने आप में एक ऐसा उदाहरण है जिसने 1947 में आज़ादी के बाद ही 1950 में जब गणतंत्र बना तो हमने सबको समान मतदान का

अधिकार दिया। दुनिया के अनेकों देश हैं- इंग्लैंड, अमेरिका जैसे देश जिन्होंने क्रमिक रूप से अपने सभी नागरिकों को मतदान का अधिकार दिया यहां तक कि वहां महिलाओं को भी अधिकार बहुत बाद में मिला।

यहां तक कि वहां महिलाओं को मतदान का अधिकार बहुत बाद में मिला। जब हम अनिवार्य रूप से मतदान की बात करें तो यह डिमांड उठ सकती है कि राइट टू रिकॉल जो इमरजेंसी के अंदर जय प्रकाश जी और अन्य लोगों ने जो मूमेंट चलाया था, तो इस पर विचार किया जा सकता है। यह एक प्रक्रिया है, जिसकी तरफ भारत जैसे विशाल जनसंख्या के देश को बढ़ने की आवश्यकता है क्योंकि जब तक हम अनिवार्य मतदान के मामले में आगे नहीं बढ़ेंगे तब तक हमारी राजनीति जो कास्ट, कैश, क्रीड, धर्म या क्षेत्रवाद के नाम पर होती है उससे हम ऊपर नहीं उठ पाएंगे। हमें आज यह विचार करना होगा कि क्या कारण है कि हमारे यहां मतदान का प्रतिशत पचास प्रतिशत से भी कम होता है और हम सब जीत कर आते हैं। यह अच्छी बात है कि हम जीत कर आते हैं और अपनी पीठ थपथपा सकते हैं लेकिन अगर हम टोटल वोट की परसेंटेज काउंट करें तो उसकी बाध्यता देखेंगे कि परसेंटेज बहुत कम है। जो कुछ उदाहरण दिया जा रहा है चाहे इस देश में अलगाववाद की प्रक्रिया हो, चाहे देश में विभिन्न स्थानों पर चाहे हरियाणा और बाकी जगह का उदाहरण दिया, यह हमारी 19 महीने की सरकार के समय में नहीं हुआ है। अगर भारत की सरकारें भारत की लोकतंत्र की पद्धति को शुरू से ही मजबूत बनाने का काम करती और हर व्यक्ति की मतदान में सहभागिता होती तो उसे ऐसा प्रतीत होता कि चुनी गई सरकार है, इसमें हमारी भूमिका है इसलिए हमें अपनी बात कहने के लिए किसी विरोध का या किसी तरह की हिंसा का सहारा लेने की जरूरत नहीं है।

महोदय, आज हरियाणा के जलने की बात कही गई है लेकिन मालदा में पुलिस स्टेशन या पुलिस की गाड़ी जल जाती है तो यह छोटी-सी घटना है। इन छोटी-छोटी घटनाओं के आधार पर ही बड़ी घटनाएं होती हैं। हिंदुस्तान के नक्सलवाद और आतंक का कहीं न कहीं पश्चिम बंगाल में उसका सूत्र मिलता है। मैं निश्चित रूप से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने कई साल से मतदान की आयु 18 वर्ष की है जिससे हमारे नवयुवकों में भी उत्साह जगा और देश के निर्माण की प्रक्रिया में वे जुड़े। निश्चित रूप से मैं भारतीय जनता पार्टी का सदस्य हूं और सौगत राय जी ने टीका-टिप्पणी की है, मैं उन्हें सिर्फ एक बात बताना चाहूंगा कि अनिवार्य मतदान की प्रक्रिया से जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा का हम कहते रहे हैं, उसकी इससे पुष्टि होती है। जिस दिन अनिवार्य मतदान लागू होगा, उस दिन त्रिपुरा से कश्मीर तक अपने आप राष्ट्र एकरूपता के सांचे में बंध जाएगा और जो सांस्कृतिक राष्ट्रवाद आज के हिसाब से सिर्फ सिद्धांत रूप में है, उसका व्यावहारिक रूप नज़र आएगा, इसलिए इसका विरोध किया जा रहा है क्योंकि भारत में आपको भी पता है कि कौन लोग वोट नहीं देते हैं। वोट देने का अधिकार

जब बैलेट से मतदान किया जाता था, तब भी यह कहा जाता था कि वोटिंग मशीन लागू नहीं होगी। यह ठीक है कि हमारी आबादी 125 करोड़ से ऊपर हो चुकी है लेकिन हमारी सरकार, हमारी व्यवस्था, हमारी संस्थाएं इतनी मजबूत हैं कि वे इसका रास्ता खोज सकती हैं और वे इसका समाधान खोज सकती हैं कि पूरे देश के हर व्यक्ति को किस तरह से वोटिंग का राइट दें। निश्चित रूप से मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि वोट न देने पर किसी तरह की कड़ी सजा का प्रावधान नहीं रखना चाहिए लेकिन एक पाबंदी का स्वरूप होना चाहिए कि मतदान नहीं देने वालों के अधिकारों में कुछ कटौती करें, उनके बेनिफिट्स रोके जाएं लेकिन निश्चित रूप से सिग्रीवाल जी द्वारा जो अनिवार्य मतदान का विधेयक लाया गया है, जो पूर्व में भी लाया गया है मैं इसका समर्थन करते हुए पुरजोर अपील करता हूं कि यह विधेयक पास हो ताकि आने वाले भारत को हम पूरे विश्व में एक लोकतंत्र के सच्चे सेनानी के रूप में पुरःस्थापित कर सकें।

**श्री जितेन्द्र चौधरी (त्रिपुरा पूर्व) :** सभापति जी, मैं हिंदी में अपनी बात कहना चाहूंगा। सिग्रीवाल जी द्वारा लाए गए बिल की मंशा का मैं समर्थन करता हूं क्योंकि हर नागरिक की देश के निर्माण में भागीदारी होनी चाहिए। मतदान में जितना ज्यादा प्रतिशत होगा उतने ही जनता की देश की उन्नति में भागीदारी होगी। इस बिल में प्रावधान करने के लिए बहुत से सुझाव आए हैं।

हमारे देश में भी ऐसा एक उदाहरण हुआ करता है। मैं त्रिपुरा प्रदेश से आता हूँ। आप वहाँ के आंकड़े देखिए। ये आंकड़े लॉ मिनिस्टर के पास होंगे। हर चुनाव में चाहे लोक सभा चुनाव हो, विधान सभा का चुनाव हो, ग्राम पंचायत का चुनाव हो, आदिवासी क्षेत्र और पहाड़ी क्षेत्रों में, जहाँ पर अभी-अभी 26 तारीख को एक चुनाव हुआ है, इसमें 93 पर्सेंट मतदान हुआ। वर्ष 2013 में जो विधान सभा का चुनाव हुआ, उसमें 94 पर्सेंट पूरे राज्य में मतदान का प्रतिशत रहा, not in a particular constituency. लेकिन किसी-किसी कंस्टीट्युएंसी में 96 पर्सेंट भी हुआ। यह कैसे हुआ? I think it is not required because there are examples in our country. I am talking of the whole State and not of one particular constituency. It is the common people, the general public, they must own the Government. They should be given the opportunity to participate in the process of planning, to participate in the process of implementation of any project. The Government should be answerable to the people. That is why today in our State of Tripura we have achieved 100 per cent literacy, the number one in the country. ऐसा महौल हम पूरे देश में बना सकते हैं, इसके लिए ऐसा कोई कोएर्सिव मेजर लेने की जरूरत नहीं है। मतदान का प्रतिशत बढ़ जाएगा।

दूसरी बात, अभी-अभी माननीय सदस्य ने कहा कि मतदान का कम पर्सेंटेज होने पर भी हम चुनकर आते हैं। वे आते होंगे। अभी मौजूदा सरकार का वोटिंग पर्सेंटेज केवल 31 प्रतिशत रहा। The percentage of vote that they got was 31 per cent. In the last 2014 Lok Sabha General Elections the BJP got 31 per cent. Majority of people did not vote for this party but the BJP has formed the Government because the system is like that. It is not wrong. If the system of proportionate representation can be introduced, if the hon. Law Minister can bring that kind of legislation, then muscle power, money power will be eliminated from the Indian voting system. What do we witness today? There is corruption everywhere but if this system can be introduced, then every such thing will come to an end. Though I support the spirit of the Bill, yet I

would like to suggest certain changes in the Bill. I cannot suggest in what shape it should be brought.

Thank you.

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI D.V. SADANANDA GOWDA): Hon. Chairperson, Sir, I appreciate the concern of my friend Shri Janardhan Singh `Sigriwal' for moving this Bill. For active participation in democracy certainly more percentage of voting is necessary. This will strengthen the democratic traditions in the country. But such participation should come spontaneously and voluntarily rather than by way of coercion or allurements. Voting right is a civil right rather than a civil duty. While citizens may exercise their civil rights, but they cannot be compelled to do so. On the other hand, compulsory voting may infringe upon the rights of the each individual and each voter. We are fully aware of the article 2 of the Universal Declaration of Human Rights. It guarantees the freedom of political opinion but should not be by coercion. It goes against the democratic principles. But the spirit contained the Bill brought forward by the hon. Member is appreciable because more percentage of voting in the elections will bring about a decision which will be a true reflection of the intention of the people which will give more strength to democracy.

This is not the first time that it is discussed in Parliament, as rightly said by Prof. Saugata Roy. This is not the first time that the issue of compulsory voting is being discussed in Parliament. But every time, be it in 2004 when the matter was raised by Shri B.S. Rawat or in 2009 raised by Shri Agarwal, the deliberations went on for such a lengthy period. Even this debate went on for ten hours.

Very good suggestions have come from various learned Members of Parliament. 53 Members have participated in the debate. Several viewpoints and suggestions have come up. If the Election Commission takes into consideration of all those suggestions, certainly the voting percentage will go up.

I have taken down all the points and I am certainly going to write to the Election Commission in the name of Shri Janardan Singh that these are the viewpoints of the Members of Parliament and also say that whichever suggestion will be possible to be implemented should be implemented but at the same time, compulsory voting or penalising them for not voting is against the democratic

principles. Of course, in the deliberations of 2004 and 2009, ultimately, the views that have been given by the Members of Parliament had been taken note of and had been referred to the Election Commission. Several viewpoints that have been made in the last debate have been taken care of Election Commission. That is how the percentage of voting is going up.

Today, in many parts of the country, we see that the voters are boycotting the elections *en bloc* for various reasons. It may be that they do not like the system or maybe the elected representative has not performed the duties upto the expectations of the voters. So, in various corners, we have seen people boycotting the elections *en bloc*. We cannot restrict those persons because right to vote also means right not to vote also. Under democratic principles, a man should be given freedom wherein if he does not feel that he should vote for a certain person or a certain party, it is his wish to decide whom to vote or not to vote. So, it should not be construed that in a democratic set up, right to vote means that he must vote. It is not like that. Right to vote means right not to vote also.

Even in earlier debate also, it was suggested that the voter should be motivated. They should feel that they should vote and it is their right. Only then proper election can be conducted under present circumstances. People should be motivated to rise to the occasion and should be made feel free to participate in the democratic process of elections and choose their representatives.

Of course, several Committees have been formed earlier like Tarkunde Committee and Dinesh Goswami Committee. Even the political parties have held a meeting on 22nd May, 1998. All political parties participated. The matter was referred to the Law Commission and the Law Commission in its 225th Report has given an elaborate and detailed study and came to the conclusion that compulsory voting is not possible and not feasible for this country. So, they have said that it does not recommend introduction of compulsory voting in India. In fact, it believes that it is highly undesirable for a variety reasons described like

such as being undemocratic, illegitimate, expensive, unable to improve quality of political participation and awareness and hence, it is difficult to implement.

After various Committees, including the Law Commission, came to this conclusion, the Election Commission started creating awareness among the voters in order to motivate them to vote and reminding them their right to vote. It persuaded them that they coming and voting is the need of the hour. The Election Commission on many occasions has taken up several initiatives. Every year 25th January is celebrated as National Voters Day. Several activities are conducted on that day. We are motivating the people. The media, including the print and electronic, is widely used to motivate the voters. They send SMS also. Now-a-days the Election Commission even goes to the houses of the voters and issues them slips and reminds them that they should vote. These are the several initiatives that have been taken by the Election Commission.

Now, the voting percentage has gradually increased. In the last general elections, the voting percentage was nearly 66.4 per cent. In the last election, 84.3 crore people were enrolled as voters, out of which 66 per cent voted. I would like to bring one issue before this House. As rightly said by my senior colleague, Prof. Saugata Roy, in various countries they have tried compulsory voting. In small countries it may be possible. In the last elections, the voting percentage was 64. Out of 84 crores, 64 per cent voted means, nearly 25 crore people did not vote. Is it possible to identify all those persons? In our country, people from one region go and work in some other regions. Labourers are travelling from one corner to another corner and they are working there for their livelihood. Is it possible to penalise 25 crore people at one stretch? It would be a highly impossible exercise if it is undertaken. The only thing is, we have to motivate. We have to find an alternative solution to see that the migrant labourers are given voting rights wherever they are. Now, we have the latest technologies. We want to introduce these latest technologies. Voting fashion has to be changed and they should be

made to vote. That is the only alternative that will be feasible for the country to see that more and more people do come and vote.

As rightly stated by Prof. Saugata Roy, several countries like Fiji, Austria, Egypt, Mexico, Greece, Paraguay, Thailand had once introduced this compulsory voting. They brought out a legislation for that. But within a very short period, they realised that it may not be possible to implement it. When such small countries could not implement the compulsory voting process, how can a country like India with more than 125 crore people, implement it? It is highly impossible to implement it. It is impossible to penalise such a vast number of voters. It cannot be done at this juncture.

Under these circumstances, the only option that is available for us is to take good suggestions from various people, and use more and more technology in voting. Earlier ballot papers used to be there. Now, we have electronic voting machines. Earlier, nobody used to go to the houses of voters. Now, the Election Commission itself has made it a point to visit the houses of voters in order to motivate them to vote. The voting percentage is also increasing day by day. Under such circumstances, it is not possible to implement compulsory voting. It may not be possible to implement it in countries like India.

My friend Shri Janardan Singh Sigriwal's intention is to see that every person votes so that democracy will become more and more vibrant. So, I would like to make one appeal to Shir Janardan Singh Sigriwal ji.

Let him please withdraw the Bill. I have noted all the suggestions that have been given by various Members in this House. Certainly all those suggestions will be referred to the Election Commission and Election Commission will be requested to implement the suggestions. Ultimately, more and more voters should come and vote so that the democratic process can be strengthened in our country. So, I request the hon. Member Shri Janardhan Singh Sigriwal to withdraw the Bill. Certainly I assure him that to fulfil his vision of compulsory voting which will strengthen the democratic principles, we will do it through the Election

Commission and the Election Commission will also be motivated that they should take care of all the suggestions that have been given by various Members in this House.

SHRI JITENDRA CHAUDHURY : The Election Commission should also bear the expenses incurred by political parties during the election process.

SHRI D.V. SADANANDA GOWDA: I agree many electoral reforms are required in this country. As mentioned by many Members, money power, muscle power and many other things are making the people feel that the election itself is something which does not suit the present situation in the country. So, it may not be possible to fulfill all the requirements made out by Shri Janardhan Singh Sigriwal in his Bill and through other processes only we should motivate to come and vote in large numbers. Under such circumstances, I request Shri Janardan Singh Sigriwal to withdraw the Bill. His intention will be fulfilled by requesting the Election Commission to work in this direction and certainly a day will come when his intention will be fulfilled in this country.

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) :** सभापति महोदय, यह लोकतंत्र के लिए अनिवार्य मतदान मैं समझता हूं कि बड़ा ही महत्व का है और पिछले कई घंटों तक इस पर चर्चा हुई है। इस विधेयक पर अलग-अलग दलों के 53 सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। उनमें से हो सकता है कि इक्का-दुक्का सदस्यों के विचार इससे सहमत न हों, लेकिन 99.9 परसेंट सदस्यों ने इसके पक्ष में विचार रखा है और जो अपने विचार नहीं रख पाए हैं, उन्होंने मुझ से मिलकर इसके पक्ष में बात की है कि अनिवार्य मतदान होना चाहिए।

महोदय, चुनाव लोकतंत्र का पहला राष्ट्रीय उत्सव होता है और सभी लोगों को इसकी पवित्रता का ध्यान रखना चाहिए और हम रखते भी हैं। कोई भी लोकतंत्र तभी सफल होगा, जब लोग इसकी सुरक्षा करेंगे। हम लोगों ने इसकी सुरक्षा की भी है। हमें गर्व है कि आज हमारा संसदीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे अच्छा लोकतंत्र है। बहुत से माननीय सदस्यों द्वारा बतायी गयी कमियों के बावजूद हम सब इसका हिस्सा हैं। हमारे बीच मतभेद हो सकते हैं, चूंकि भारत का संविधान विरोधी संकल्पों का दस्तावेज है। कई विपक्ष और कई पक्ष उस दस्तावेज में इंगित हैं। हमारे विचार अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन हमारे देश को बहस पसंद भारत कहा गया है। दुनिया में इसकी एक अलग पहचान है, इससे हम इंकार नहीं कर सकते हैं। हर जगह विरोधाभास है। एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक के व्यक्ति के बीच हमारे यहां विरोधाभास है।

मैं यह अवश्य कहना चाहूंगा कि लोग कहते हैं कि हमारे शरीर में सिर्फ पानी ही पानी है। लेकिन जब शरीर में कहीं चोट लगती है तो पानी नहीं निकलता, खून निकलता है। हम यह कहते हैं कि हमारा हृदय खून से भरा है। लेकिन जब हृदय को कोई चोट पहुंचती है तो आंसू निकल जाते हैं। यह विरोधाभास है। कहते हैं कि शरीर में पानी ही पानी है, चोट लगने पर खून निकलता है और हृदय को कोई आघात लगता है तो वहां से खून न निकलकर आंख से आंसू निकलते हैं, यह कहने में हमें जरा भी संकोच नहीं है। यह एक विरोधाभास है, लेकिन हम इसी विरोधाभास में जीते हैं और इसी विरोधाभास में ही फल-फूल रहे हैं और यही कारण है कि यहां विविधता में एकता वाले भारत के एक परिदृश्य की सुंदर अवधारणा है। अनिवार्य वोटिंग होने से इस देश से कई बीमारियां एक साथ दूर हो जायेंगी। अभी माननीय मंत्री जी बोल रहे थे, मैं उनसे आग्रह करते हुए कहना चाहूंगा कि अपने यहां चुनावों में मसल पावर का उपयोग होता है। इस बात से आज भी इनकार नहीं किया जा सकता। यह एक बीमारी है जो अनिवार्य मतदान से दूर हो जायेगी। चुनाव में धन-बल का काफी प्रयोग होता है, यह बीमारी भी इससे दूर हो जायेगी। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के लोग, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग जब वोट डालने जाते हैं तो उन्हें वहां आज भी कहा जाता है कि आपका वोट पड़ गया है, आप चले जाइये, मैं समझता हूं कि यह बींमारी भी अनिवार्य मतदान से दूर हो जायेगी और यह कोई छोटी बीमारी नहीं है, यह एक बड़ी बीमारी है, जो इससे दूर होगी।

हमारे कुछ मित्र बोल रहे थे कि दुनिया के कई देशों ने अनिवार्य मतदान शुरू भी किया और बंद भी किया। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि आज जिन देशों ने, भले ही इसमे ब्राजील जैसा देश भी है, जिसकी भारत से कई बातों से समानता है, भारत के समान वह देश भी बड़ा देश है। उसकी जनसंख्या काफी है। आस्ट्रेलिया, इटली के साथ ब्राजील देश ने अनिवार्य मतदान की प्रक्रिया अपना ली। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। मतदान में अपनाई जाने वाली बैड प्रैक्टिस जैसी समस्या का भी समाधान हो जायेगा। कुछ लोग चुनावों के समय दारू बांटते हैं, कुछ लोग पैसा बांटते हैं, इनसे भी छुटकारा मिलेगा। धन-बल और बाहुबल में कमी आयेगी और कमजोर वर्गों के वोट सुरक्षित हो जायेंगे, किसी और समुदाय के द्वारा वोट देने के भय से मुक्ति मिलेगी तथा लोगों का सही प्रतिनिधित्व होगा।

महोदय, आज इस पर अपने देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के अन्य देशों में भी चर्चा हो रही है और लोग इसे असंभव भी कहते हैं। जब श्री टी.एन.शेषन् इस देश के मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तब वोटर आई.कार्ड शुरू हुआ था। तब बड़ी चर्चा हुई कि वोटर आई. कार्ड कैसे बन पायेगा, वोटर का आई. कार्ड बनना असंभव है। लेकिन मैं सदन में यह बताना चाहता हूं कि जब ऐसा किया गया था, तभी लोगों ने कहा था कि यह प्रैक्टिकल नहीं है। लेकिन आज बहुत से ऐसे राज्य हैं, जहां 90 से 95 प्रतिशत तक और कुछ राज्यों में 99 परसैन्ट तक वोटर आई.काड्र्स बन चुके हैं। यह अपनी सोच और अपने कार्य करने पर निर्भर करता है। हम कितना बल और ताकत से इस बात को रखते हैं, यह इस पर भी निर्भर करता है।

महोदय, मैं एक वाकया बताना चाहता हूं कि एक बार श्रीमती इंदिरा गांधी अमरीका गई थीं। तब वहां के प्रेसिडेन्ट मि.निक्सन थे और वहां कोई समझौता होना था और उस समझौते में अमरीका अड़चन डाल रहा था या उस राय को नहीं मान रहा था। तब एक दिन पहले श्रीमती इंदिरा गांधी ने कहा कि अगर समझौता नहीं होता है तो मेरा इस देश में एक क्षण भी रहना उचित नहीं है। उन्होंने अपने साथ के अधिकारियों से कहा कि मैं वापस जाऊंगी। जब समझौता नहीं होगा तो फिर मैं यहां नहीं रह पाऊंगी। महोदय, यह एक सामान्य दबाव, एक मानसिक प्रेशर ने अमरीका से उस समझौते को करने के लिए बाध्य किया और अमरीका के प्रतिनिधि और अमरीका के राष्ट्रपति ने उस समझौता पर अनदेखी न कर के, उस पर समझौता करने का काम किया। महोदय, यही हमारे लोक तंत्र की शक्ति है। इसकी अनदेखी हम नहीं कर सकते हैं चूंकि यह हमारे लोकतंत्र का सौंदर्य भी है, लोक तंत्र की मर्यादा भी है। महोदय, ऐसा ही एक बार और हुआ था, जब पाकिस्तान से लड़ाई चल रही थी, तब भी हमने वह ताकत दिखाई और यह दिखाया कि हिंदुस्तान का प्रधान मंत्री कोई अकेला व्यक्ति नहीं होता है, वह देश के सवा सौ करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। देश के सवा सौ करोड़ लोगों का इतिहास बनाता है। सवा सौ करोड़ लोगों की ताकत अपने पीछे रखता है। उनकी सोच और समझ रखता है। उनकी हमदर्दी रखता है। पाकिस्तान और जो दुनिया

के लोग यह समझते हैं कि एक धोती में आजादी लेने वाला यह महात्मा गांधी हिंदुस्तान को ज्यादा दिनों तक आजाद और आगे नहीं ले जा सकता है, शायद वे यह भूल गए कि हमारा बहुत पुराना इतिहास है, हम अपनी संस्कृति से बंधे हुए लोग हैं, हम मोहब्बत से बंधे हुए लोग हैं, हमारे अंदर सांप्रदायिकता नहीं, सद्भावना है, इसलिए हमारे देश में हर 50 किलोमीटर पर भाषा भले ही बदल जाती है, पहनावा भले ही बदल जाता है, लेकिन आज भी हम एक-दूसरे को भाई कहते हैं गले लगते हैं, मिल कर चलते हैं और मिल कर वोट देते हैं, तब हिंदुस्तान बनता है, तब ऐसे भारत की परिकल्पना हम आज करते हैं। भारत विविधता में एकता का देश है। इस शब्द का महत्व विचारधारा संबंधी पुस्तकों में नहीं बल्कि हमारे जीवन के सभी पहलुओं में है, उसमें इस देश की राज्य व्यवस्था भी शामिल है।

सभापति महोदय, चुनाव किसी लोकतंत्र का आधार स्तंभ है, बल्कि मैं तो इसको लोकतंत्र का उत्सव कहता हूँ। हम सब उसको मानते भी हैं। जब हम यह उत्सव मानते हैं, जब चुनाव होते हैं और चुनाव की प्रक्रिया में हम सब भाग लेते हैं। महोदय, वस्तुतः स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव काफी हद तक तीन हितकारकों के कार्यनिष्पादन पर निर्भर करता है। वे हैं स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव तंत्र, राजनैतिक दल, उम्मीदवार और मतदाता। ये तीन हितकारक हैं। उन सभी को जिम्मेवारी से काम करना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक व्यक्ति को कतिपय अधिकार है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ मतदान का भी एक अधिकार है। महोदय, हमारे माननीय लॉ मंत्री जी काफी सुलझे हुए, काफी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति हैं और इन्होंने कहा कि हो सकता है कि प्रैक्टिकली हम इसको नहीं कर सकते हैं। लेकिन अगर अनिवार्य मतदान की बात इस भारत में करते हैं, तो दुनिया में इसका बड़ा प्रभाव पड़ेगा। आज अमरीका जैसे देश भी इस पर बहस कर रहे हैं। वह बहस करने के लिए बाध्य है कि हमें अनिवार्य मतदान करना पड़ेगा।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, I would only request the Mover of this Bill to insist on voting and to get it passed.

जनार्दन जी, आप इंसिस्ट कीजिए कि इस पर वोटिंग करा कर इसको पास किया जाए।

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल :** महोदय, देश में अनिवार्य मतदान भारतीय लोकतंत्र में नई जान फूंक सकता है। दुनिया के 32 से अधिक देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है। यह व्यवस्था अगर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी। यदि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान अनिवार्य हो गया तो अमरीका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्र भी भारत को अनुसरण करना पड़ सकता है। हालांकि भारत और उसकी समस्या एकदूसरे से बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते हैं। महताब साहब बोल रहे थे कि गरीब लोग वोट नहीं डालते हैं। महोदय, गरीब तो यहां वोट डालना चाहता है, उसे रोका जाता है, लेकिन यहां अमीर लोग वोट नहीं डालते हैं।

महताब साहब चूंकि हो सकता है कि आपके राज्य में ऐसा हो कि गरीब और अमीर लोगों में खाई हो। बहुत जगहों पर गरीब लोग वोट डालने के लिए उत्सुक रहते हैं। बड़े लोग उस दिन की छुट्टी मनाते हैं, वे उस दिन पिकनिक मनाने चले जाते हैं, घर में नए-नए कैसेट मँगाकर के नई-नई फिल्मों का आनन्द लेने का काम करते हैं। भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता...

**श्री भर्तृहरि महताब :** जो 25 करोड़ लोग वोट नहीं दे रहे हैं, उसमें धनी आदमी कितने हैं, उसमें ज्यादा से ज्यादा गरीब हैं।

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल :** 90 परसेंट हैं।

**श्री भर्तृहरि महताब :** उसमें ज्यादा से ज्यादा गरीब हैं। 60 करोड़ से ज्यादा लोग वोट दे रहे हैं, 25 करोड़ वोट नहीं दे रहे हैं।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** महताब साहब, बीपीएल तो ज्यादा वोट देता है, यह तो आपको मानना ही पड़ेगा।

**श्री भर्तृहरि महताब :** नहीं-नहीं, मैं उस बात में नहीं जा रहा हूँ, ये 25 करोड़ लोग जो वोट देने नहीं जा रहे हैं, उनमें ज्यादातर लोग गरीब हैं।

SHRI D.V. SADANANDA GOWDA: Sir, I can give the latest – not exact – statistics. More than 10 crore migrant labourers are there in this country, and they are travelling right from Assam and Bihar either to Mumbai or Kerala or even Bengaluru. At present, in Bengaluru we are having not less than five to six crore migrant labourers. So, it is highly impossible for them to vote. For them, earning of their livelihood is more important rather than voting. That is their thinking. It should not be there. We should motivate them to vote. If the latest technologies and other things are brought into force, certainly after due course of time it may be possible.

Sir, in the last elections, 84 crore voters were there, and about 25.6 crore voters had not voted. Is it possible to penalise them, prosecute and punish them? It is highly impossible for the country like India. Certainly the intention that every citizen of the country must vote of the hon. Member, Shri Janardan Singh Sigriwal is quite appreciable, and thereby the democracy of the country would become very vibrant. That is his intention and I do appreciate it. But at present countries like

India, without applying latest technologies and others, it may be possible. Unless the migrant labourers are properly identified and make them to vote, it may not be possible for us to implement this Bill. Sir, his intention is good and I do appreciate it.

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल :** महोदय, हमारे माननीय साथी बड़े अनुभवी हैं, मैं अपनी बातों के माध्यम से उनसे कहना चाहता हूँ कि भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है, जब हम भारत में अनिवार्य मतदान कर लेंगे तो दुनिया में एक बड़ा मैसेज जाएगा और दुनिया में इस पर सोचने के लिए लोगों को बाध्य होना पड़ेगा। मैं कह रहा था, अभी वे बता रहे थे कि कितने धनी लोग हैं, धनी का मतलब मिडिल क्लास, धनी का मतलब व्यवसाय में लगे हुए लोग और वैसे लोग वास्तव में उस दिन छुट्‌टी मनाते हैं। अनिवार्य मतदान होने पर उन लोगों के लिए यह बाध्यता हो जाएगी और आज भी वास्तविकता यह है, हमारे माननीय चीफ व्हिप ने कहा कि आज भी बीपीएल के 99 परसेंट लोग वोट डालने जाते हैं। आप इतने अनुभवी हैं, पता नहीं आपकी अवधारणा में यह कैसे आ गया, मुझे इसका आश्चर्य हो रहा है।

**श्री भर्तृहरि महताब :** मंत्री जी ने क्लेरिफाई कर दिया है।

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल :** महोदय, भारत में कोई न कोई चुनाव हर साल होता रहता है, प्रतिवर्ष चुनाव होता है, भारत की स्थिति ऐसी है कि हर साल कोई न कोई चुनाव होता है। लगभग करोड़ों लोग प्रत्येक वर्ष मतदान करते हैं और देश हित में सरकारें बनाते हैं, चाहे निचले स्तर की पंचायती राज की सरकार हो, चाहे राज्य की विधान सभाओं के चुनाव हों और चाहे देश के लिए चुनाव हो, उसमें मतदान में वे भाग लेते रहते हैं।

**माननीय सभापति :** आप संक्षिप्त में अपनी बात कहिए।

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल :** महोदय, प्राइवेट मेम्बर बिल का यही तो एक मौका है, अगर इसमें भी बाध्यता हो जाएगी तो बड़ी मजबूरी हो जाएगी, बड़ी परेशानी होगी। इस पर कोई समय सीमा न रखा जाए। समय तो आपका 6 बजे तक निर्धारित है ही, 6 बजे के बाद थोड़े ही हम लोग बोल पाएंगे। अगला बिल है, पांडा साहब का बिल है, मैं उसके लिए समय दूँगा और फिर इनका चालू होगा।

**माननीय सभापति :** सीग्रीवाल जी, हर बिल के समय निर्धारित रहता है, प्राइवेट बिल के लिए भी समय निर्धारित रहता है। ऐसा नहीं है कि प्राइवेट मेम्बर बिल की कोई समय सीमा नहीं है।

**17.00 hours**

**श्री निनोंग इरिंग (अरुणाचल पूर्व) :** सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। सरकार ने सबका साथ-सबका विकास और कॉपोरेटिव फेडरेशन का नारा लगाया है, खासकर हमारे उत्तर-पूर्वी राज्यों के जो हालात हैं, मैं उस पर कुछ कहना चाहता हूं। अरुणाचल प्रदेश में अभी हाल ही में जो घटना घटी, वह एक उदाहरण है, जिससे प्रजातंत्र पर धब्बा लगा है। राष्ट्रपति जी ने 'मिनीमम गवर्नमेंट, मेक्सिमम गवर्नेंस' की बात कही है, यह घटना जो वहां घटी, प्रजातंत्र के मुंह पर एक तमाचा जड़ा गया है इसलिए यह घटना सही है या गलत, मैं इसमें नहीं जाना चाहता। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि वहां के महामहिम गवर्नर ने जिस प्रकार से केन्द्र सरकार की मदद से राज्य सरकार को गिराने का षड़यंत्र रचा और कामयाब भी हुए...(व्यवधान) सरकार ने वहां नियमों की धज्जियां उड़ा दीं ...(व्यवधान)

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** .यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है इसलिए इस पर चर्चा नहीं हो सकती।

**श्री निनोंग इरिंग :** जो संविधान का टेंथ शिड्यूल है, उसे वहां खत्म कर दिया गया है।...(व्यवधान) आप देखें कि कैसे सांप और नेवला एक साथ एक बिल में रह सकते हैं...(व्यवधान)

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) :** यह मामला कोर्ट में है और सुप्रीम कोर्ट ने यह डिसीजन दिया है।

**श्री निनोंग इरिंग :** मेरी बात अभी समाप्त नहीं हुई है और न ही मैं ईल्ड कर रहा हूं। मुझे मालूम है कि यह मामला अभी सब-जूडिस है, लेकिन वहां कैसे सरकार बनाई गई, सरकार बनी तो उसे मुबारकबाद, लेकिन यहां अगर हम, बीजेडी और अन्य लोग राजनाथ सिंह जो प्रधान मंत्री बनाने के लिए सपोर्ट करें, तब क्या होगा। आपने वहां संविधान के टेंथ शिड्यूल को खत्म कर दिया है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि उसने संविधान के प्रति जो नकारात्मक काम किया है, वह सही है या नहीं? मैं कहना चाहूंगा कि राज्यपाल का निर्णय क्या ठीक था या नहीं, वह आप देखें।

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल :** राज्यपाल के नाम को रिकार्ड से डिलीट कर दिया जाए।

HON. CHAIRPERSON : The name should be deleted.

**श्री जुगल किशोर (जम्मू) :** सभापति जी, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र जम्मू की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जहां पर केन्द्रीय विद्यालय खोलने की बड़ी आवश्यकता है। उसका कारण यह है कि केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षा अच्छी होती है, टीचर्स भी अच्छे होते हैं और बच्चों की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जाता है। मेरे क्षेत्र में बिश्ना, नौशेरा जो कि एक तहसील है, सब डिवीजन है और जिला राजौरी में एक-एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने की आवश्यकता है। इसके अलावा हमारे पुंछ जिले में भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। ये तीन स्थान ऐसे हैं, जहां पर केन्द्रीय विद्यालय खोलने

की मांग वहां के लोग काफी अर्से से कर रहे हैं। इसे लेकर वहां के बच्चों के माता-पिता धरना भी दे चुके हैं और प्रदर्शन भी कर चुके हैं। उनकी इच्छा है कि दूर-दराज का एरिया होने के कारण यहां अच्छे स्कूल्स नहीं हैं और केन्द्रीय विद्यालयों में अच्छी पढ़ाई होती है। हमारे बच्चे केन्द्रीय विद्यालय में पढ़-लिखकर अच्छे देश सेवक और समाज सेवक बन सकते हैं। राजौरी जिला बॉर्डर पर है इसलिए वहां केन्द्रीय विद्यालय जरूर होना चाहिए। इसके अलावा बिश्ना भी बॉर्डर पर पड़ता है इसलिए वहां के लोगों की समस्या और इस मांग को ध्यान में रखते हुए कि वहां के बच्चे अच्छे नागरिक बनें, पढ़-लिखकर देश की सेवा करें, इन तीन जगहों पर तुरंत केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मांग मैं शिक्षा मंत्री जी से करता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं।

HON.CHAIRPERSRON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Jugal Kishore.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): There was a proposal for construction of five new Government medical colleges in the State of Odisha with an initial project cost of Rs. 189 crore each taken up under the Centrally Sponsored Scheme, to be attached with the existing district or referral hospital with the fund sharing of 75:25 between the Centre and the State. That is going on in full swing. Admission in these new medical colleges for MBBS students has been scheduled to commence from 2017-18 academic session.

The Odisha Government on its part has made adequate Budget provision for the project despite the State's financial crunch. Now, the Revised Estimate has come to around Rs. 2,450.90 crore for the five proposed medical colleges. One is in Balasore. My colleague, Shri Jena, spoke on a different subject. It is in his constituency. There are five medical colleges which are supposed to be taken up. But in-between, after repeated persuasions by our State Government and by the MPs from my Party from Odisha, Rs. 55 crore have already flown in from the Central Government. The share would have been much more. The Odisha Government has already put in Rs. 330 crore to construct these five medical colleges. I had personally met the Minister of Health and Family Welfare and made a request to him in this regard.

Now, I am raising it in this House because not much fund has flown after that. Only Rs. 55 crore have been released by the Central Government. Already the State Government has spent Rs. 330 crore for the construction of these five medical colleges.

I urge upon the Central Government to bring the cost sharing pattern between the Centre and the State in the ratio of 75:25 as it was agreed earlier. Now, they have made it 60:40. That is why, my request would be to bring it to the previous pattern of 75:25 and release the remaining funds to the State Government as early as possible....(व्यवधान) स्टेट हिस्सा तो 25 से 40 कर दिया है, पहले यह 75 और 25 था, अब 60 और 40 कर दिया है। इसको 75 और 25 किया जाए और धन भी भेजा जाए।

HON. CHAIRPERSON : Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri P.P. Chaudhary and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the matter raised by Shri Bhartruhari Mahtab.

**कर्नल सोनाराम चौधरी (बाड़मेर) :** महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र भारत-पाक सीमा से लगभग 600 किमी से ज्यादा सटा है। अशिक्षा एवं संसाधनों के अभाव में यह क्षेत्र हर दृष्टि से पिछड़ा है। संचार के साधनों की कमी के कारण यह क्षेत्र आधुनिक साधनों एवं सुविधाओं से वंचित है। इस एरिया का क्षेत्रफल लगभग 60 हजार वर्ग किमी है, जिसकी जनसंख्या 3273660 है। 19 ब्लॉक में 581 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें 3300 राजस्व ग्राम हैं। रेगिस्थानी क्षेत्र और उद्योगों के अभाव में जयादातर स्थानीय जनता व्यापार एवं मजदूरी हेतु अन्य प्रदेशें में जाते हैं। उनके घर पर आशिक्षित परिवारजन को बैंकिंग एवं डाक सेवाओं की नितान्त आवश्यकता होती है। बाडमेर मंडल में एक प्रधान डाक घर, 4 स्थानों पर एसएलजी है, दो स्थानों पर दो त्रिव्यक्ति डाक घर है, 15 स्थानों पर द्विव्यक्ति डाक घर, 13 स्थानों पर एकल व्यक्ति डाक घर है। जो उपभोक्ता, जनसंख्या एवं अधिनस्थ कार्य क्षेत्र को देखते हुए अपर्याप्त है। डाक घरों में अपर्याप्त स्टाफ एवं संसाधनों के कारण ग्रामीण क्षेत्र की जनता को बैंकिंग एवं अपनी डाक संबंधी सुविधाएं प्राप्त नहीं हो पा रही हैं, अतः मेरी मांग है कि डाक घरों में बैंकिंग, डाक, बीमा, ई-मित्र सेवाएं एवं अंतर्राष्ट्रीय मनी ट्रांसफर सेवाएं, ई कॉमर्स आदि क्षेत्र के कार्यों को समय पर संपादित करने हेतु ग्रामीण क्षेत्र में द्विव्यक्ति डाक घरों की सेवाएं बढ़ाई जाएं।

सेवड़ा, गिडा, रानीगांव, मेवानगर, रावतसर जैसे डाकघरों में सिफी नेटवर्क से जोड़ने हेतु बीएसएनएल का बीटीएस स्वीकृत कर बैंकिंग सोल्युशन सिस्टम से जोड़ा जाए। 3300 गांवों को कवर करने

के लिए मात्र 471 गांवों में जो डाक सुविधाएं हैं, उनको बढ़ाते हुए ग्रामीण डाक घरों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए। डाक घरों के लिए आरक्षित भूमि पर चारदीवारी एवं भवन निर्माण के अभाव में लगातार अतिक्रमण की घटनाएं बढ़ रही है। विभाग अपनी भूमि पर कब्जा रखने के लिए भवन या चारदीवारी निर्माण कराएं।

HON. CHAIRPERSON: Shri Choudhary, only one matter is allowed.

COL. SONARAM CHOUDHARY: I am concluding. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

… (*Interruptions*)… *

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is allowed to associate with the matter raised by Col. Sonaram Choudhary.

**श्री राहुल कस्वां (चुरू) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से डीजल-पेट्रोल पर ओवरचार्जिंग हनुमानगढ़ और गंगानगर डिस्ट्रिक्ट में हो रही है, मैं उसकी तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदय, मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस का पत्र दिनांक 19.01.2015 में भारत स्टेज-4 ऑटो फ्यूल को लागू करने की बात राजस्थान के चार डिस्ट्रिक्ट्स में करने की बात की गयी थी, जिनमें अलवर, भरतपुर, गंगानगर और हनुमानगढ़ है। यह जो रिक्मैंडेशन थी, यह रिक्मैंडेशन एक्सपर्ट कमेटी ऑन आटो फ्यूल विजन पालिसी, 2025 के रूप में की गई। मेरा इतना ही कहना है कि जो हनुमानगढ़ और गंगानगर हैं, वे राजस्थान के नार्थ हिस्से में पड़ते हैं और राजस्थान के अंदर भारत स्टेज 4 फ्यूल सप्लाई का डिपो भरतपुर में है। 600 किलोमीटर की दूरी होने के कारण अप एंड डाउन 200 किलोमीटर डिस्टेंस बढ़ती है, जिससे फ्यूल की ट्रांसपोर्टेशन कास्ट बहुत ज्यादा बढ़ जाती है और आसपास के डिस्ट्रिक्ट के मुकाबले में 3.75 रुपये का एक्सट्रा रेट कंज्यूमर को पे करना पड़ता है, जो एक बहुत बड़ी समस्या का कारण बनता जा रहा है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जो पास ही में 50 और 100 किलोमीटर की रेंज के अंदर भटिंडा की रिफाइनरी पंजाब में स्थित है, उसके थ्रू गंगानगर और हनुमानगढ़ को सप्लाई दी जाए, ताकि ट्रांसपोर्टेशन कास्ट केवल 50 पैसे रहे, न कि 3.75 रुपये रहे। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि जो सप्लाई हनुमानगढ़ और गंगानगर है, वह भटिंडा, पंजाब से देकर लोगों को राहत प्रदान की जाए। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Rahul Kaswan.

---

* Not recorded.

SHRIMATI PRATYUSHA RAJESHWARI SINGH (KANDHAMAL): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity.

Kandhamal, my Parliamentary Constituency, is the most backward and under-developed district of Odisha, but is full of natural resources. So, I request that mega food processing industries for products like turmeric, ginger, coffee, mahua flower, sal seed oil extraction and mango etc. may be set up with the assistance of the Ministry of Food Processing and the Ministry of Small and Medium Enterprises, Government of India and the Spices Board of India.

HON. CHAIRPERSON: Shri Rabindra Kumar Jena is permitted to associate with the issue raised by Shrimati Pratyusha Rajeshwari Singh.

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से चार लिग्नाइट ब्लाक राज्य सरकार के पीएसयू गुजरात खनिज विकास निगम लिमिटेड को आरक्षित रखने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। माइंस एंड मिनरल (डैवलपमैन्ट एंड रेगुलेशन) एक्ट 1957 की धारा 17(ए)(2) तथा 2 (ए) के अंतर्गत जो चार लिग्नाइट ब्लाक्स हैं, वे लखपत पूर्णराजपुर 3310 हैक्टेअर, दमलाई पडाल 1400 हैक्टेअर, धला बोगान 1600 हैक्टेअर और सोडागाम, पिठोर, तूना 3015 हैक्टेअर को राज्य सरकार के पीएसयू गुजरात खनिज विकास निगम लिमिटेड को आरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार के उद्योग तथा खनिज विभाग ने पत्र दिनांक 16.02.2015 के द्वारा केन्द्र सरकार के कोल मंत्रालय को विनती की है। लेकिन इस पर अभी तक आगे कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से कहना है कि इन चार लिग्नाइट ब्लाकों को गुजरात खनिज विकास निगम लिमिटेड के लिए आरक्षित रखने की मांग जो लंबित है, उसे तुरंत ही मंजूरी दी जाए। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra, Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Jaishreeben Patel.

**श्री हरीश मीना (दौसा) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। जब से केन्द्र में मोदी सरकार आई है, तब से लोक कल्याण की बहुत सारी नीतियां इन्होंने अपनाई हैं, परंतु इन नीतियों का पूरा लाभ तब मिलेगा, जब हर जगह बैंक हो, क्योंकि आज जो भी कल्याणकारी नीति है, चाहे पेंशन की हो, चाहे जनधन की हो, चाहे सब्सिडी की हो, सब बैंक खातों

से जुड़ी हुई है। राजस्थान में समस्या यह है कि एक ब्रांच दूसरी ब्रांच से 25-30 किलोमीटर दूर है, दूरदराज के इलाके हैं, जैसे मेरी कांस्टीटुएंसी दौसा है, उसमें तीन रेवेन्यू डिस्ट्रिक्ट हैं - अलवर, दौसा और जयपुर। कोई ब्रांच नहीं है।

मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि अगर हर ग्राम पंचायत में एक नेशनलाइज बैंक की शाखा खुल जाए तो लोगों को उसका बहुत लाभ मिलेगा, क्योंकि एक ग्राम पंचायत में पांच-पांच गांव आते हैं। इसके लागू हो जाने से पूरे देश को इसका लाभ होगा। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से विनती करूंगा कि कम से कम एक ग्राम पंचायत में एक नेशनलाइज बैंक की शाखा शीघ्रातिशीघ्र खोलें। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Dr. Manoj Rajoria, Shri C.R. Chaudhary, Shri Ramesh Bidhuri, Shri Bhairon Prasad Mishra, Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri P.P. Chaudhary, Shri Vinod Kumar Sonkar, Shri Sharad Tripathi and Shri Jagdambika Pal are permitted to associate with the issue raised by Shri Harish Meena.

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity.

The tea garden community in the State of Assam comprises of around 17 per cent of the State’s population. Their origins are from various States namely, Odisha, Madhya Pradesh, Bihar etc. and they are a vibrant part of Assam’s culture and economy. They are roughly concentrated in around 798 tea gardens. But their welfare conditions have to be supervised by the management. But, their welfare conditions have to be supervised by the management. These welfare conditions are to be governed by the norms of the Plantations Labour Act, 1951. Yet we have found that often these private companies, whose gardens are in Assam but whose headquarters are in Kolkata, are not adhering to the norms of the Plantations Labour Act. These private companies and this industry is under the rules and regulations of the Ministry of Commerce, Government of India. Therefore, through you, I request the Government of India and the Ministry of Commerce to instruct these private companies to adhere to the Plantations Labour Act and improve the conditions of drinking water, health, sanitation and hospitals.

The youth of this community and the women of this community are very talented. They were initially working on the tea gardens as labour but now they are part of aspirational India. They want to be the future generation of Army officers, doctors, engineers. Yet, we have to give them the necessary infrastructure. For this, the following things are essential.

Hostels must be there in each sub division of a tea-dominated district for students and young professionals.

Residential vocational training schools must be there so that they can get proper education. In this regard I would like to mention that the hon. Minister of Human Resource Development, Smriti Irani *ji* visited Assam a few months ago and promised that there would be 14 new Navodaya Vidyalayas in the State of Assam. We hope to see that in the Budget on $29^{th}$.

Thirdly, coaching centres must be there to provide counselling for students preparing for exams related to police, medical, APSC and UPSC.

Women working in tea garden community have a long problem of anaemia. They do not get the necessary maternal guidance. Therefore, nutritional and maternal counselling centres for pregnant mothers must be there.

There are so many languages because they come from different States. There are so many folk languages, dialects and literature but this is all oral in tradition. Therefore this needs to be properly archived and documented. Therefore, a programme to promote indigenous literature, folk stories and languages of tea tribes/communities is very important.

I request the Central Government to introduce a programme like UDAAN which they announced in Jammu and Kashmir, a similar programme of Rs. 1000 crore package for youth and women of the tea garden communities of Assam.

In this regard, the State Government has already requested close to Rs. 5,500 crore for the overall socio-economic development of tea garden workers, amendment to the Plantations Labour Act, 1951 and specially the headquarters of Tea Board, which is now in Kolkata, to shift to Guwahati. Assam produces 30 per

cent of India's tea; yet the headquarters are in Kolkata. Tea gardens are in Assam but the officers are there in Kolkata. Therefore, we request the headquarters to be moved to Assam and a provision of 12,590 million tonnes of additional food grain monthly to tea garden workers at subsidised rate may be made. This is the request of the State Government in addition to my earlier request of Rs. 1000 crore special package for the welfare of tea garden community specially women and young workers. Thank you very much.

HON. CHAIRPERSON : Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Gaurav Gogoi.

**श्री महेश गिरी (पूर्वी दिल्ली) :** सभापति महोदय, मैं आज एक ऐसे विषय को उठाने जा रहा हूँ, इस भारत भर के लाखों नौजवान और विदेशों में जो लोग रहते हैं, खास कर अमरीका में जितने भी भारतीय रहते हैं, वे वहां पर यदि कोई व्यवसाय करना चाहते हैं तो तरह-तरह की मुश्किलें आती हैं। खास कर अमरीका में व्यापार और निवेश करना हो तो बाकी पूरे विश्व को देखा जाए तो लगभग 80 देश ऐसे हैं, जिनको इ-1 और इ-2 वीज़ा के तहत वहां पर मान्यताएं मिलती हैं, जिनमें चीन है, बांग्लादेश है, पाकिस्तान है, ऐसे देश भी शामिल हैं। परंतु भारत जहां पर 125 करोड़ की आबादी का यह देश है और बहुत बड़ी संख्या में भारतीय अमरीका में रहते हैं और जब उन्हें कोई व्यवसाय करना होता है, तो वह इ-1 और इ-2 वीज़ा के अंतर्गत नहीं आता है, क्योंकि हमारे भारत की और अमरीका की कोई ऐसी संधि हुई नहीं है। वर्तमान के अंदर यदि कोई करना चाहता है तो एल-1 और इबी-5 श्रेणी का वीज़ा उपलब्ध है। अब इन दोनों के वीज़ा के लिए यदि हम देखते हैं तो इ-1 और इ-2 श्रेणी की अपेक्षा नियमों में एल-1 और इबी-5 वीज़ा बहुत ज्यादा सख्त है। यदि कोई इसके अंदर उदाहरण के तौर पर देखा जाए, इबी-5 श्रेणी का वीज़ा प्राप्त कर के यदि निवेश करता है तो कम से कम पांच लाख डॉलर या दस लाख डॉलर का निवेश हो, तब जा कर वह कर पाता है। बाकी ई-टू श्रेणी के अंदर तो केवल पचास हजार का निवेश करके वह कर सकता है, तो यह जो भेदभाव है, जिसकी वजह से भारतीय इंटरप्रिन्योर जितने भी विदेश में जाकर व्यवसाय करना चाहते हैं, इस भारत का नाम रोशन करना चाहते हैं, उन्हें बहुत दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। एल-वन वीजा के अंदर ऐसा है कि कम से कम एक वर्ष तक वहाँ पर व्यवसाय का अनुभव हो और कई तरह की ऐसी मुश्किलें वहाँ पर होती हैं। अब अमेरिका की टीवी चैनल्स पर भी इसकी बहुत बहस हुई है और बहस होने के बाद एक ऐसी मान्यता बनी है कि हाल ही में पूर्ण बहुमत से जीती हुई भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार जो है, जिन्होंने विश्व भर के अंदर ऐसी उपलब्धियां पाई हैं और अच्छे रिश्ते हुए हैं, तो यही सरकार है, जो यह

सन्धि कर सकती है, जिससे लाखों भारतीयों को, वहाँ रहने वाले भारतीयों को व्यवसाय करने के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि हो सकती है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से संबंधित मंत्रालय से निवेदन करता हूँ कि यह वार्ता आगे बढ़े और ऐसी सन्धि हो, जिससे लाखों भारतीय युवाओं को एक अच्छा मौका मिलेगा। इसके लिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ।

HON. CHAIRPERSON: Dr. Manoj Rajoria, Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Mahesh Girri.

SHRI RADHESHYAM BISWAS (KARIMGANJ): Thank you Sir. I want to draw your kind attention towards a burning, sensitive and continuous problem of my constituency Karimganj, which I have already mentioned during 'Zero Hour' on 15th May 2015. I wrote to the hon. Home Minister and the Minister of State (Home), who referred the matter to the Minister of State (Defence). In his reply to the Minister of State (Home), the Minister of State (Defence), said that he is looking into the matter for redevelopment of Army camp in the southern part of my constituency but till today redeployment of Army camp was not considered. Some Anti-social elements and extremists are again and again kidnapping innocent citizens. On 21st February 2016, one Abdul Kalam of Lamajuar was kidnapped from Jankibazar and taken away towards the southern part of Hailakandi district. On 23rd February 2016 from Rankol Basti of Ratabari, two more persons were kidnapped.

It may be mentioned here that 177 Field Regiment of Army was deployed in the year 2009 with their base camp in that area for countering insurgency operations but in the month of August 2013 this was withdrawn suddenly without any prior information and replacement by the Union Government.

Through this august House, I once again request the Union Government to provide Army camp at southern part of Ratabari, Patharkandi of Karimganj district and at Southern part of Katlicherra under Hailakandi district of Assam to protect the life and property of innocent citizens. Thank you.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** अधिष्ठाता महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। किसानों की 67 पर्सेंट आबादी देश के सभी राज्यों में रहती है। उस किसान की एक मात्र नगदी फसल गन्ना है। एक तरफ अभी कल हमारे संसदीय कार्य मंत्री जी ने स्वयं स्वीकार किया कि 21 हजार करोड़ रूपए गन्ना मूल्य किसानों का देश के मुख्तलिफ राज्यों में बाकी था। लेकिन मैं बधाई दूंगा कि हमारी केन्द्र में सरकार थी और प्रधानमंत्री ने स्वयं पहल की। प्रधानमंत्री की पहल से बैंकों को 6 हजार करोड़ रूपए उन राज्यों में मिले जिससे आज किसानों का भुगतान हुआ। इसके बावजूद भी अभी उत्तर प्रदेश में किसानों को गन्ना मूल्य नहीं मिल रहा है। मोदी नगर में कल वहाँ के हजारों किसानों ने धरना दिया। यहाँ तक मिल को बंद कर उस पर ताला लगा दिया। फिर उन्होंने कहा कि हम आज से डेढ़ करोड़ रोज का पेमेंट करेंगे।

मैं आपके माध्यम से सरकार से इस बारे में निवेदन करना चाहता हूँ।...(व्यवधान) बिहार में भी यही स्थिति है, ऐसा हमारी बहन कह रही हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी किसान की नगदी फसल, कैश क्रॉप केवल गन्ना है। आज चीनी मिलें बंद पड़ी हैं। एक तरफ उनका पेमेंट नहीं हुआ, दूसरी तरफ खेतों में गन्ना खड़ा है। आज बस्ती की चीनी मिल बंद है, मुंडेरवा चीनी मिल बंद है, संत कबीर नगर हमारे पड़ोसी शरद त्रिपाठी जी के क्षेत्र में खलीलाबाद चीनी मिल बंद है, देवरिया, भटनी बंद है और फरीदा बंद है। इस तरह से सारी चीनी मिलें बन्द होंगी। आखिर किसान के पास फिर कौन सी नकदी फसल होगी? गन्ने की पर्चियों के भुगतान से किसान अपने बेटे की फीस जमा करता है, बेटी जब सयानी हो जाती है तो उसके हाथ पीले करके उसे विदा करता है। अपने बूढ़े बाप के इलाज के लिए वह गोरखपुर मैडिकल कालेज और लखनऊ मैडिकल कालेज में जाता है। अगर उसके पास वह पर्चियाँ नहीं होती हैं तो वह मरीज़ अस्पताल के दरवाजे पर तिल तिल करके अपनी एड़ियाँ रगड़ता है। निश्चित तौर से यह विषय राज्य का है, लेकिन आज जो बंद हो रही चीनी मिलें हैं, बस्ती चीनी मिल जो सबसे अच्छी चीनी मिल कहलाती थी और मैनचैस्टर में वहाँ की चीनी जाती थी, सबसे बड़े दाने की चीनी बनती थी, गुजरात और महाराष्ट्र से भी अच्छी क्वालिटी की वह चीनी बनती थी। आज रिकवरी होने के बावजूद उसको बंद कर दिया है। तो कम से कम बस्ती चीनी मिल को चलाने की कार्रवाई हो, जिससे वहाँ के किसान अभी भी धरने पर हैं। पिछले दो वर्षों से वहाँ पर क्रमिक अनशन चल रहा है। किसान और मज़दूर मिल के समक्ष रोज़ धरना देते हैं। हम लोग इस संबंध में लगातार प्रदेश स्तर पर भी लिख चुके हैं और कह चुके हैं। अब हम आपके माध्यम से चाहते हैं कि कम से कम केन्द्र सरकार इस बात को निर्देशित करे कि बस्ती चीनी मिल को तत्काल चलाया जाए, खलीलाबाद चीनी मिल को तत्काल चलाया जाए, मुनरवा मिल को चलाया जाए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Sharad Tripathi, Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Jagdambika Pal.

**श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) :** माननीय चेयरमैन साहब, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए धन्यवाद। माननीय रूरल डैवलपमैंट और पंचायती राज मंत्री भी यहाँ विराज रहे हैं, यह बड़ी खुशी की बात है। मैं इनके समक्ष अभी एक पूरे देश और मेरी स्टेट से संबंधित समस्या रखना चाह रहा हूँ। In fact, I was taking a meeting to review the Centrally-sponsored Schemes in the Nagaur District. रिव्यू करते समय मनरेगा जो कि एक बहुत अच्छी योजना है और जिसमें करोड़ों लोगों को रोज़गार मिल रहा है, उससे संबंधित गाइडलाइन्स में दो-तीन बिन्दु ऐसे आए हैं जिसके कारण लोगों को काम कराने में प्राबलम आ रही है। The first one is regarding material and labour component, and the ratio of material and labour component is 40:60. इसमें 60 लेबर है और 40 मैटीरियल है। All public representatives wanted that this ratio should be 50:50. तो पहले मनरेगा में इसको 50:50 करने का निवेदन है।

The second major problem is this. All the public representatives requested for the tender system in that meeting, and they wanted that the tender system should not be there because a lot of contractors give very low rate in comparison to the BSR rates, that is, 35 per cent below the BSR rates. Due to this, we cannot expect good quality work. In MGNREGA, we want durable type of work. हम चाहते हैं कि अच्छे कार्य हों। अगर अच्छे कार्य करवाना चाहते हैं तो टैन्डर्स न रखकर टैन्डर की जगह गवर्नमैंट की और पी.डब्लू.डी. डिपार्टमैंट के जो डिस्ट्रिक्टवाइज़ रेट्स हैं, उन रेट्स पर पंचायतों को काम करने के लिए अलाउ करना चाहिए। यह उनकी मेजर मांग थी। Hon. Chairperson, Sir, please give me half a minute more. The hon. Minister is here.

तीसरी मेजर डिमांड थी कि जो लेबर की पेमेन्ट वेजेज़ हैं, वे मनरेगा के अंदर काफी कम हैं। इस कारण से वे लोग उसमें जा रहे हैं। नाम तो जाब कार्ड पर कोई भी लिखा रखा है, लेकिन काम करीब करीब मशीनों और जेसीबी से हो रहे हैं because old persons and old ladies are going there. इस कारण से अच्छी क्वालिटी का काम नहीं हो पा रहा है। इसलिए हरेक राज्य में जो एवरेज लेबर रेट आ रहा है, जो श्रमिकों के लिए 250 रुपये या 300 रुपये हो, जो भी उस राज्य के रेट्स हैं, उसकी तुलना में

यदि लेबर रेट मनरेगा में किया जाए तो अच्छे कार्यों की अपेक्षा की जाती है। इससे पूरे देश के अंदर, पूरे राज्य में, हमारे राज्य में और हमारे क्षेत्र में क्वालिटी के वर्क्स होंगे। माननीय मंत्री जी यहाँ विराजे हैं, और आपको बहुत बहुत धन्यवाद कि आपने हमें समय दिया और पूरे देश और राज्य से संबंधित समस्या को यहाँ उपस्थित करने का अवसर दिया।

HON. CHAIRPERSON : Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri C.R.Chaudhary.

**डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर):** सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान राष्ट्रीय विकास में ग्रामीण पर्यटन के योगदान और उससे जुड़ी समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। हमारे देश के जीडीपी में पर्यटन का योगदान 6 से 7 परसेंट के बीच में है जबकि विश्व स्तर के जीडीपी में पर्यटन का योगदान 11 प्रतिशत से काफी कम है। भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास की संभावनाओं में जैसे कि करोली, धौलपुर, जैसलमेर के रेतीले टीले, बस्तर के संथाल, असम में बोडो, मणिपुर के लोकटल झील, पुष्कर का मेला, पंजाब का दंगल आदि ऐसी जगहें हैं जहाँ कि ग्रामीण पर्यटन की कफी संभावनाएँ हैं। लेकिन यहां ग्रामीण पर्यटन से जुड़ी समस्याओं में नक्सलवाद की घटना, अपराध की घटना, पर्यटकों से बदसलूकी और कुछ मूलभूत सुविधाओं की कमी मुख्य है। राष्ट्रीय पर्यटन नीति, 2001 के अनुसार 'भारत मस्तिष्क एवं आत्मा की एक यात्रा है, भारत पांच ज्ञानेन्द्रियों की एक यात्रा है, भारत स्वयं को खोजने की एक यात्रा है, भारत आत्मसंतुष्टि की एक यात्रा है।' इस पंक्ति एवं अतिथि देवो भवः तथा अतुल्य भारत जैसे कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के लिए कुछ कदम उठाने की जरूरत है, जैसे पर्यटन पुलिस, दुकानदारों, स्थानीय नागरिकों को संवेदनशील और जागरूक बनाया जाए। सूचना, सुरक्षा तथा आवश्यक फोन नम्बर उपलब्ध कराए जाएं, पंचायतों की भूमिका को बढ़ाया जाये, ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया जाये, गाइड एवं वस्तुओं के रेट्स निश्चित करके रेट बोर्ड लगाये जाएं।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह है कि ग्रामीण पर्टन की समस्याओं की तरफ ध्यान देकर हम अपने जी.डी.पी. में पर्यटन के योगदान को विश्व स्तर के काफी नज़दीक ला सकते हैं। इससे लोगों में भारत की सभ्यता एवं संस्कृति तथा दूर प्राकृतिक परिवेश में बसे गांवों से रूबरू होने का पर्यटकों को मौका मिलेगा तथा भारत के ग्रामीण पर्यटन के सम्भावित स्थानों को मंत्रालय की वैबसाइट पर अंकित किया जाये एवं जरूरी सम्पर्क फोन नम्बर उपलब्ध कराये जायें। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairo Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Dr. Manoj Rajoria.

Hon. Members, now, the list is exhausted. But other than the list, there are 14 Members yet to speak. So, I would request each of them to make their point within a minute.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) :** सभापति महोदय, मैं एक बेहद संवेदनशील विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि मणिपुर के चूड़चांदपुर जिले में आज 179 दिन से हमारे आदिवासी मंत्री बाहर जा रहे हैं, ट्राइबल्स की नौ लोगों की डैडबॉडी वहां 179 दिन से उनका फ्यूनरल नहीं हुआ। उनमें एक 11 वर्ष का बच्चा भी है। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में मृत्यु के उपरान्त किसी के भी संस्कार का सम्मानजनक तरीका निकाला जाता है, लेकिन मणिपुर की सरकार इस बारे में संवेदनहीन है। क्रिसमस के पहले वे डैलीगेशन हमारे पास आया था, उन्होंने कहा कि हम क्रिसमस मनाना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि भारत सरकार को अब हस्तक्षेप करना चाहिए। वहां पर चूंकि वे नौ के नौ लोग आदिवासी हैं, यहां पर आदिवासियों के विकास के लिए, उनके अच्छे काम के लिए मंत्री जी यहां मौजूद हैं, मैं उनसे भी आपके माध्यम से प्रार्थना करूंगा कि कहीं न कहीं इतना संवेदनशील मामला है कि हमें हस्तक्षेप करना होगा। राज्य और केन्द्र का विषय छोड़कर हम इस बात को छोड़ नहीं सकते। मुद्दों पर मतभेद हो सकता है, लेकिन 179 दिन से नौ डैडबॉडी रखी हैं और उनका फ्यूनरल नहीं हो, इससे बड़ा दुर्भाग्य हो नहीं सकता।

मणिपुर एक पूर्वांचल का राज्य है और वहां का प्रभारी होने के नाते मैं इस बात को एक बार सदन में उठा चुका हूं, इसलिए मैं चाहता हूं कि यह कोई राजनैतिक मामला नहीं है, कांग्रेस के लोग इतना दावा करते हैं, इस अवसर पर मैं चाहता हूं कि ऐसे अत्याचार अगर हों और केन्द्र हस्तक्षेप न करे और उसको राजनैतिक मुद्दा अगर आप बनायें तो मुझे लगता है कि यह इस देश के लिए ठीक नहीं होगा। संसद् के माध्यम से चाहे हम निवेदन करें या मंत्री जी आग्रह करें, वहां की सरकार से या वहां के लोगों से, आन्दोलनकारियों से, लेकिन उनका फ्यूनरल होना चाहिए। यह देश की परम्परा के लिए ठीक होगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON.CHAIRPERSON: Dr. Manoj Rajoria, Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Mahesh Giri, Shri Lakhan Lal Sahu, Shri Ramesh Bidhuri, Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri P.P. Chaudhary and Shri Jitendra Chaudhury are permitted to associate with the issue raised by Shri Prahlad Singh Patel.

**श्री जितेन्द्र चौधरी (त्रिपुरा पूर्व) :** मैं भी इनके साथ एसोसिएट करता हूं, जो लोग फ्यूनरल की मांग कर रहे हैं, उसको भी स्वीकार करने के लिए सैण्ट्रल गवर्नमेंट कदम उठाये।

HON. CHAIRPERSON: Please send the slip for association.

**श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला) :** महोदय, मैं आपका ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि पंजाब में पठानकोट में करीब डेढ़ महीने पहले आतंकी हमला हुआ, उसमें हमारे बहुत से जवान शहीद हुए हैं। उस पर केन्द्रीय बलों के द्‌वारा और भारत की सरकार द्वारा, भारतीय फौज द्वारा वहां पर एक्शन किया गया, उस पर कुछ खर्चा आया है और यह पंजाब की लड़ाई नहीं थी, यह देश की लड़ाई थी। सीमा की सुरक्षा, एयरबेस की सुरक्षा यह केन्द्र का काम था, परन्तु जो 12 करोड़ रुपये खर्चा आया है, इन सीमा बलों के ऊपर या रक्षा करने के ऊपर, वह खर्च पंजाब सरकार से मांगा जा रहा है और बाकायदा केन्द्र सरकार ने चिट्‌ठी लिखी है कि 12 करोड़ रुपया उस खर्चे का पंजाब सरकार केन्द्र सरकार को दे। यह हमारे प्रदेश के साथ सरासर अन्याय है। हम लोग देश की रक्षा के लिए वहां पठानकोट एयरबेस की रक्षा का नहीं, देश की रक्षा का सवाल था, देश की रक्षा के लिए पैसा खर्च हुआ, पंजाब सरकार इसके लिए जिम्मेदार नहीं है और पंजाब सरकार का यह बुनियादी काम नहीं था कि वह एयरबेस की या सीमा की सुरक्षा में किसी न किसी रूप में संलिप्त हो।

मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि पंजाब सरकार द्वारा मांगा जा रहा पैसा बन्द किया जाये और केन्द्र सरकार पूरा पैसा झेले और अपने पल्ले से खर्च करे। धन्यवाद।

**श्री पी.पी.चौधरी (पाली) :** सभापति जी, आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, रिजनल रूरल बैंक्स एक्ट वर्ष 1976 में इनैक्ट हुआ। इसके 40 वर्ष हो गए हैं। उसके तहत उस समय ग्रामीण इलाकों में करीब 196 बैंक थे। उसका उद्देश्य यह था कि ग्रामीण इलाकों में आम नागरिकों को, गरीबों को, किसानों को बैंकिंग की सुविधा मिले। लेकिन, धीरे-धीरे मर्ज़र की थ्योरी पर चलते-चलते अभी मात्र 56 बैंक रह गए हैं। मेरा निवेदन है कि अगर हम चाहते हैं कि प्रधान मंत्री जन-धन योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना और अन्य विकास की जो योजनाएं हैं, उसका फायदा अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिले, तो हमें ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग सिस्टम को सुदृढ़ करना पड़ेगा।

इसके लिए वित्त मंत्री जी को मेरा सुझाव है कि इस संबंध में हमारा जो एम.पी.एल.ए.डी. का पैसा है, उसे अगर हमें रिजनल रूरल बैंकों में जमा कराने की परमिशन होगी, तो वे बैंक और भी अच्छे तरीके से काम कर सकते हैं। यही नहीं, ग्रामीण विकास का जो पैसा डायरेक्टली जाता है, अगर वे भी रिजनल रूरल

बैंकों में रहें, तो वे बैंक और भी अच्छी तरह से सर्विसेज दे पाएंगे। आज की तारीख में कॉमर्शियल बैंकों में पैसा रहता है, परन्तु ज्यादातर कॉमर्शियल बैंक ग्रामीण इलाकों में ऑपरेट नहीं करते हैं।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से अनुरोध है कि वे इस तरफ ध्यान दें और कार्रवाई करें।

HON. CHAIRPERSON : Dr. Manoj Rajoria, Shri Bhairon Prasad Mishra, Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Prahlad Singh Patel are permitted to associate with the issue raised by Shri P.P. Chaudhary.

SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA (ARAKU): Thank you hon. Chairman Sir for giving me this opportunity to speak about a very urgent and important issue of the sad plight of *gurukulams* in my constituency. My constituency is Araku which is the only tribal constituency in Andhra Pradesh and we have got four ITDAs operating in my constituency. In the four ITDAs, we have got seven *gurukulams* and 14 mini-*gurukulams*. These *gurukulams* are actually PTG *gurukulams* and the PTG *gurukulams* are in a very bad condition today. The buildings are condemned. Any day the building may collapse and the students may die in that particular *gurukulam*. All the schools are in that shape only. I have recently visited the school where 60 children are sleeping in a small room without any amenity. They are not given any bedsheet. They are not given any infrastructure. The children are left in a very bad shape. We are talking about Swachh Bharat but even toilets are not there. Six hundred students have to go for open defecation. It is very sad plight of the students. There is no drinking water. The students are completely in malnutrition. The hon. Tribal Welfare Minister was here all the time. I wanted to actually speak when the Minister was here. But I request the Tribal Minister, through you, that these *gurukulams* should be taken into consideration because these are the rural schools which are in reach of the tribal children. So, these *gurukulams* have to be immediately renovated and amenities have to be provided. Proper vigilance and monitoring system should also be created for these *gurukulams* in order to provide best education to students.

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** माननीय सभापति महोदय, लगभग चार वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार ने बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों के थानों में पुलिस की कमी को देखते हुए तीन हजार रुपए के मानदेय पर हज़ारों की संख्या में विशेष पुलिस अधिकारियों की बहाली की थी। मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले के सैंकड़ों बेरोज़गार लोगों को एस.पी.ओ. के पद पर बहाल किया गया था, जिनसे वहां के स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की ड्यूटी ली जाती है, जैसे चुनाव ड्यूटी में, वी.आई.पी. ड्यूटी में, मेला ड्यूटी के साथ-साथ पुलिस थाने में भी ड्यूटी ली जाती है। जब भी मैं अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर जाती हूं, तो समय-समय पर एस.पी.ओ. व उनके परिवारजन मिलकर अपनी तक़लीफ बताते हैं। चाहे मई-जून की चिलचिलाती गर्मी हो, या जुलाई-अगस्त का बरसात का मौसम हो, या नवम्बर-दिसम्बर के कड़ाके ठंढ के समय हो, ये एस.पी.ओ. कानून-व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय पुलिस के साथ सहयोग करते हैं। वे अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं, परंतु इसके एवज में उन्हें समुचित मानदेय नहीं मिलता है, क्योंकि आज की महंगाई के इस जमाने में तीन हजार रूपए में किसी का पेट नहीं भरेगा, परिवार का भरण पोषण नहीं होगा।

अतः आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि महंगाई को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त एस.पी.ओ. के सिपाहियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी कर कम से कम 10 हजार रूपए प्रतिमाह किया जाए, जिससे कि वे लोग अपने कर्तव्य के साथ-साथ अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन समुचित ढंग से कर पाएं।

HON. CHAIRPERSON :Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Rama Devi.

SHRI JITENDRA CHAUDHURY (TRIPURA EAST): Sir, I would like to raise a very important and very sensitive issue. Tripura is a State of 3.7 million people who belong to two major linguistic groups, Bengali and Kok-Borok. Hence, in all public functions organized by the State Government, announcement or any compering is conducted in both the official languages, Bengali and Kok-Borok, for reaching out and for the convenience of the people. But unfortunately, the same practice is not followed at Agartala Airport and railway stations in Tripura, which often creates some inconvenience to the passengers and the common people.

I would like to request, through you, Sir, the Central Government to direct both the Ministries of Civil Aviation and Railways to arrange announcement in Kok-Borok, one of the official languages in Tripura, besides Bengali, English and Hindi in all airports and railway stations in Tripura. This is very much required to ensure public convenience as well as to build a sense of pride and unity among the sections of the population in the State. Thank you, Sir.

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) :** महोदय, आपने मुझे दिल्ली की एक बड़ी सेंसेटिव समस्या पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। दिल्ली के अंदर गंदगी का ढेर लग रहा है। यह एनसीआर है, राष्ट्रीय राजधानी है। राज्य की जो सरकार है, वह राजनीति के अलावा कुछ कर नहीं रही है। दिल्ली की 1,600 अनाधिकृत कालोनियाँ हैं। उनके अन्दर आज से एक-डेढ़ साल पहले कुछ प्लान बने थे, जो सीवर डालने के थे। उसको अब समाप्त करके जल बोर्ड ने कुछ दिनों पहले ही, मुख्यमंत्री साहब ने सीवेज मास्टर प्लान, 2031 का मसौदा तैयार किया है, जो देखने में केजरीवाल जी द्वारा डॉयरेक्ट किया हुआ ट्रायल जैसा ही लगता है। प्रपोजल में दिल्ली की बेसिक सीवर समस्या को दरकिनार करते हुए आँखों पर पट्टी बाँधकर कुछ ही प्लान किया है। पूरे मास्टर प्लान में केजरीवाल सरकार के हिसाब से नए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, एसटीपी लगाना ही समस्या का निवारण है, जबकि दिल्ली का पुराना अनुभव है कि सिर्फ नए एसटीपी इस समस्या का निवारण नहीं है। दिल्ली में अभी 34 एसटीपी हैं, जो 21 लोकेशन पर हैं, जो अभी बस 57 प्रतिशत कैपेसिटी पर काम कर रहे हैं। यह मास्टर प्लान इस बात पर कुछ नहीं बताता कि मौजूदा एसटीपीज पूरी कैपेसिटी पर कैसे ऑपरेट होंगे?

दूसरी खामी यह है कि इस मास्टर प्लान में 75 नए एसटीपीज 38 लोकेशन पर शुरू करने का प्लान है, जो कि बस हवा-हवाई लगते हैं। दिल्ली राज्य में जो एसटीपी अभी मौजूद हैं, उन्हें पिछली सरकारों द्वारा ऐसी जगह लगाया गया, जहाँ उनकी जरूरत थी ही नहीं।

महोदय, दिल्ली में जगह की बहुत कमी है। ऐसे में दिल्ली जल बोर्ड का यह प्लान बचकाना प्रतीत होता है। दिल्ली में सीवेज की समस्या बहुत सी स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ भी है। मीडिया रिपोर्ट बताती है कि सीवेज की समस्या से ग्रस्त स्थानों पर कॉलरा जैसी अन्य बीमारियाँ, डेंगू जैसी बीमारियां हमेशा फैलती हैं।

दिल्ली देश की राजधानी है और इस कारण हमारा दायित्व भी इसके लिए ज्यादा हो जाता है मगर आज देश की राजधानी के विकास को केजरीवाल जी द्वारा ट्रायल समझकर खिलवाड़ किया जा रहा है।

पिछले दिनों केजरीवाल साहब ने अखबारों में विज्ञापन देकर पैसा बर्बाद किया है, क्योंकि केन्द्र से 3,200 करोड़ रूपए लेना था कि वैंकेया नायडू जी ऐप्स के माध्यम से दिल्ली की सफाई करेंगे। एमसीडी का फोर्थ फाइनेंस कमीशन का जो पैसा था, वह सरकार ने एमसीडी को दिया ही नहीं। दिल्ली में हड़तालें हुईं। दिल्ली एनसीआर है और अगर केजरीवाल साहब के भरोसे, वे केवल राजनीति कर रहे हैं, दिल्ली की दो करोड़ जनता को छोड़ा जाएगा तो दुनिया में दिल्ली का मैसेज गलत जाएगा। इसलिए केन्द्र को इंटरफेयरेंस करते हुए अगर राज्य सरकार सही तरीके से एमसीडी को फोर्थ पे कमीशन का पैसा न दे और सीवेज सिस्टम के पुराने प्लान को न करे तो केन्द्र सरकार को इंटरफेयरेंस करना चाहिए, क्योंकि दिल्ली देश की राजधानी है।

आपके माध्यम से मैं कहना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार को केवल उसको राज्य के आधार पर नहीं छोड़ना चाहिए। दिल्ली की जनता से जो भूल हुई है, उसके लिए वे आकर अपने आपको कहते हैं कि हमसे गलती हुई है, तो उन्हें पीने का पानी और सीवर की व्यवस्था की जाए। संगम विहार, प्रहलादपुर, मीठापुर, रंगपुरी, पालम ऐसी कालोनियां हैं, जहां तीन-तीन फुट पानी भरा हुआ है। मैं आपको फोटो लाकर दिखा सकता हूं। वहां उस गंदे पानी के निकासी की व्यवस्था नहीं है। इसलिए केंद्र सरकार को, केंद्र का दिल्ली के अंदर हस्तक्षेप है, वह नौटंकी करके कह देता है कि केन्द्र मुझे काम नहीं करने देता है। केन्द्र कदम वापस खींच लेता है, वह काम करे। उनको एक साल मिल गया। अब सरकार को चाहिए कि वह हस्तक्षेप करके दिल्ली की जनता को उस गंदगी से निजात दिलाये। आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON : S/ Shri Maheish Girri, Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Ramesh Bidhuri.

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। कुछ अखबारों में खबर छपी है कि आई.एस.आई.एस. को विस्फोटक बनाने का सामान सात भारतीय कंपनियों द्वारा सप्लाई किया जा रहा है। यह अचंभित करने वाला खबर है। आज यह खबर 'दैनिक जागरण' में छपी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आई.एस.आई.एस. को विस्फोटक बनाने का सामान बीस देशों से मिलता है। इन देशों में 51 कंपनियों से आतंकी संगठनों को सामान की आपूर्ति की जा रही है, जिनमें से सात कंपनियां भारत की हैं। मैं सदन से चाहता हूं कि वे सात कंपनियां कौन हैं, वे कौन-सा काम करती हैं, उसको पता लगा कर, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Kaushalendra Kumar.

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र जालौन गरौठा भोगनीपुर में एक तहसील कालपी है, जो हाथ कागज निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। कालपी बुन्देलखंड का अतिपिछड़ा क्षेत्र है। जहां पर हाथ कागज उद्योग इस क्षेत्र के व्यापारियों एवं मजदूरों के लिए जीवनदायक व्यवसाय है। जिसका इतिहास प्राचीनतम एवं विश्व प्रसिद्ध है। जिस प्रकार से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारत के प्रतीक हैं, ठीक उसी प्रकार खादी महात्मा गांधी जी का प्रतीक है। महात्मा गांधी जी ने स्वयं कहा था कि खादी वस्त्र नहीं, विचार है और कालपी कागज उद्योग भी खादी का ही एक रूप है। एक ओर जहां केन्द्र सरकार खादी उद्योग को बढ़ाया दे रही है, वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार इसे उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रेड श्रेणी में श्रेणीबद्ध करके उसे बंद करना चाहती है। जबकि आंध्र प्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल में यही उद्योग ग्रीन श्रेणी के उद्योगों में शामिल है। यह कुटीर उद्योगों के साथ किया जा रहा अन्याय है। जबकि कालपी का हाथ कागज उद्योगों की गुणवत्ता पूरे भारत में सर्वश्रेष्ठ है। ऐसे कुटीर उद्योगों को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जल प्रदूषण का आरोप लगा कर तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया है, जिससे इस उद्योग से जुड़े हजारो मजदूर और व्यापारी बेरोजगार हो जायेंगे। जबकि यह उद्योग खादी कमीशन से संचालित होता है और इसे पर्यावरण मित्र का दर्जा प्राप्त है। यह निश्चित रूप से राज्य सरकार का अन्यायपूर्ण कदम है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि हाथ कागज उद्योग बचाने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा कालपी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगवाने का कष्ट करें तथा हमारे हाथ कागज उद्योग को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से ग्रीन कैटेगरी में निर्धारित कराने की कृपा करें, ताकि इस उद्योग के साथ उत्तर प्रदेश में भी अन्य प्रदेशों की तरह समानता का व्यवहार हो सके एवं इस व्यवसाय से संबंधित मजदूरों की कौशल विकास प्रतिभाओं के हनन को रोका जा सके। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Bhanu Pratap Singh Verma.

PROF. RICHARD HAY (NOMINATED): Hon. Chairperson, Sir, I rise to speak about the very critical issue related to the University system – the higher education

system in India. Indian higher education system has to be competitive to catch up with the other countries of the world. Even JNU, which is being considered as a very premium institution in the country, does not find its name in the list of top 200 universities in the world. So, what have we to do in this regard? The quality of infrastructure and quality of research facilities in the human resource have to be enhanced so that the country meets the challenge of the new millennium.

In this digital era, our university and college students must have free access to internet and be able to use the best of softwares to covert knowledge into action and help accelerated growth and development of the country. The working of AICTE, UGC and NCTE have to be regularly supervised and monitored by the HRD Ministry as to find out whether they are acting as catalyst for change, growth and quality enhancement of the higher education institutions. The Government must have some control over the private institutions, especially to find whether they are maintaining the expected standards through a policy of accreditation. There should not be any compromise regarding the standards or performance of both the public and the private sector higher education institutions in the country. Hence, it is urged upon the hon. Minister for Human Resource Development to constitute a high-power committee to supervise the quality of higher education institutions in both the sectors in the country and take steps to raise their quality to international standards.

Thank you.

HON. CHAIRPERSON : Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Prof. Richard Hay.

**श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर):** सभापति महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर जिसका मुख्यालय खलिलाबाद है, वहां से थोड़ी दूर स्थित एक लहुरा देवा नामक स्थान है जहां तकनीकी कृषि की सबसे बड़ी सभ्यता मिली, विश्व में तकनीकी कृषि की जितनी भी सभ्यताएं अब तक प्रमाणित हुई हैं, लहुरा देवा नामक स्थान पर पुरातत्व विभाग की खुदाई में कार्बन डाटा के आधार पर जिसका प्रमाणित रूप से सर्वे

किया गया, लगभग दस हजार वर्ष पुरानी कृषि की प्रमाणित सभ्यता मिली। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि इतनी प्राचीन सभ्यता भारत में पाई गई। वह कार्बन डाटा के आधार पर सत्यापित भी की जा चुकी है। लहुरा देवा नामक स्थान पर विश्व स्तर का संग्रहालय बनाकर उस कृषि सभ्यता को स्थापित किया जाए जिससे भारत की सभ्यता को पूरे विश्व के लोग जानें। खेती की तकनीकी पद्धति हमारे देश में पूरे विश्व से सबसे अधिक प्राचीन पद्धति है।...(व्यवधान)

मैं एक और अति महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You are not allowed to raise second matter. You can raise only one matter.

**श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर):** महोदय, बहुत महत्वपूर्ण विषय है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: That will not go on record. You can raise only one matter.

… (*Interruptions*)… *

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri Jagdambika Pal and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Sharad Tripathi.

**श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी) :** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी में पुरातत्व विभाग के नेतृत्व में जी.आर. शर्मा द्वारा खुदाई की गई। वहां अनेक अवशेष मिले हैं जिसकी बहुत सारी सामग्री इलाहाबाद संग्रहालय में रखी हुई है और भगवान बुद्ध से जुड़ी हुई बहुत सारी सामग्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय में इधर-उधर पड़ी हुई है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के पुरातत्व विभाग से अनुरोध करता हूं कि कौशाम्बी जहां ये चीजें मिली हैं, वहां एक संग्रहालय बनाकर इन चीजों को रखा जाए जिससे वहां के लोग अपने इतिहास से परिचित हो सकें और इसी के माध्यम से कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र में पर्यटकों को बढ़ावा दिया जा सके।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Vinod Kumar Sonkar.

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):** सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत आता है जो बिल्कुल मध्य भारत में स्थित है। उत्तर प्रदेश की दक्षिणी सीमा जो मध्य प्रदेश से लगी हुई है, मैं उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में पिछले दो माह से पेयजल का इतना गंभीर संकट है कि

---

* Not recorded.

वहां सैंकड़ों की संख्या में ऐसे गांव हैं जहां दूसरे गांव से पानी लाना पड़ रहा है। वहां जानवरों के पीने के लिए पानी का कोई इंतजाम नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार के पास उसके लिए कोई कार्य योजना नहीं है। पिछले 3-4 महीने से लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के सम्पर्क में रहकर हमने प्रयास किया कि कम से कम पेयजल का इंतजाम हो सके, लेकिन अभी तक नहीं हो सका। यहां ग्रामीण विकास मंत्री जी उपस्थित हैं। मंत्री जी ने आश्वासन दिया कि अगर उत्तर प्रदेश की कार्य योजना प्राप्त हो जाए तो हम पूरे संसदीय क्षेत्र को पेयजल उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाते हैं। मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि वह इसमें हस्तक्षेप करके उत्तर प्रदेश सरकार से कार्य योजना मंगवाए। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश ने अपनी कार्य योजना भेजी है और भारत सरकार ने उसमें 90 प्रतिशत पैसा भेजा है। वहां पेयजल की व्यवस्था हो रही है। मेरा निवेदन है कि भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करे कि वहां से पेयजल की पूरी व्यवस्था बनकर आए ताकि हमारे वहां के जानवर और रहने वाले नागरिकों को आने वाली गर्मी से पहले पेयजल उपलब्ध हो सके।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Kunwar Pushpendra Singh Chandel.

**19.00 hours**

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) :** सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र में चित्रकुट जनपद में दूरसंचार टॉवरों की बहुत कमी है। मैंने कई बार अधिकारों को इससे अवगत कराया, इसके लिए 37 एटीएस स्वीकृत हो चुके हैं लेकिन उसमें अभी तक एक भी नहीं लगा है। कई स्थानों जैसे रसिन, सरैंया और मारकुंडी क्षेत्रों का सर्वे भी हो गया है लेकिन टॉवर नहीं लगाया गया है। इसका मुख्य कारण यह है कि वहां पर रिटायर्ड अधिकारी तैनात हैं और वह वहीं के रहने वाले हैं, वहां वे अधिकारी बने हुए हैं, उनकी दो-तीन सालों की सर्विस रह गई है इसलिए वह कुछ भी नहीं करना चाहते हैं और भ्रष्ट आचरण में मश्गुल हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि स्वीकृत एटीएस को यथाशीघ्र लगाया जाए और भ्रष्ट अधिकारियों को वहां से हटाकर कड़ी कार्रवाई की जाए।

HON. CHAIRPERSON: The House stands adjourned to meet again on Monday, 29th February, 2016 at 11 a.m.

**19.01 hours**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*
*on Monday, February 29, 2016 / Phalguna 10, 1937 (Saka)*

---